www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत






■ वर्ष 31 अंक 178 ■ जबलपुर शुक्रवार 19 दिसम्बर 2025 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00


# लगता है लास्ट ओवर में छक्के मार रहे हैं जजः सुप्रीम कोर्ट

## रिटायरमेंट से पहले जजों का ताबड़तोड़ फैसले सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका में भ्रष्ट आचरण को लेकर अप्रत्यक्ष रूप से अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने भ्रष्टाचार का जिक्र किए बिना कहा कि रिटायरमेंट से ठीक पहले जजों का बाहरी कारणों से प्रभावित होकर ताबड़तोड़ फैसले सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा- कुछ जजों में रिटायरमेंट से चंद दिनों पहले बहुत ज्यादा आदेश पारित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। वे आदेश ऐसे सुनाते हैं, जैसे मैच के अंतिम ओवर में छक्के मार रहे हों। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी मध्य प्रदेश के एक प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज की याचिका पर सुनवाई के दौरान की। जज ने हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसके तहत रिटायरमेंट से 10 दिन पहले उन्हें सस्पेंड कर दिया गया था। आरोप है कि जज ने कुछ संदिग्ध आदेश पारित किए थे। याचिकाकर्ता जज का रिटायरमेंट 30 नवंबर को होना था। उन्हें 19 नवंबर को दो न्यायिक आदेशों के आधार पर निलंबित किया गया। उनकी ओर से पेश सीनियर एडवोकेट विपिन सांघी ने कहा कि जज का करियर बेदाग रहा है। सांघी ने दावा किया कि सालाना रिपोर्टों में जज को लगातार हाई रेटिंग मिली है। उन्होंने सवाल उठाया कि जिन आदेशों पर आपत्ति है,



उसे हाईकोर्ट में अपील के जरिए सुधारा जा सकता है। इसके लिए किसी न्यायिक अधिकारी को सस्पेंड कैसे किया जा सकता है। सांघी ने बताया कि याचिकाकर्ता 30 नवंबर 2025 को रिटायर होने वाले थे। चूंकि मध्य प्रदेश सरकार ने रिटायरमेंट की उम्र 62 साल कर दी है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के 20 नवंबर के आदेश के तहत जज अब 30 नवंबर 2026 को रिटायर होंगे। इस पर सीजेआई ने कहा- जब उन्होंने छक्के लगाने शुरू किए, तब उन्हें यह जानकारी नहीं थी कि रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाई जाएगी। इसलिए यह मैसेज जाना चाहिए, मिस्टर सांघी। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण प्रवृत्ति है। इस पर मैं और कुछ नहीं कहना चाहता।

### ...तो कार्रवाई होगी

सांघी की दलील पर सीजेआई ने कहा कि अगर आदेश स्पष्ट रूप से बेईमानी से दिए गए हों, तो कार्रवाई हो सकती है। बेंच ने यह भी पूछा कि न्यायिक अधिकारी ने सस्पेंशन को चुनौती देने के लिए पहले हाईकोर्ट का रुख क्यों नहीं किया। इस पर सांघी ने कहा कि सस्पेंशन का फैसला फुल कोर्ट का था, इसलिए निष्पक्ष सुनवाई के लिए सीधे सुप्रीम कोर्ट आना सही समझा गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कई मामलों में हाईकोर्ट ने न्याय के आधार पर फुल कोर्ट के फैसलों को भी रद्द किया है।

## सैनी सरकार के खिलाफ अविश्वास नोटिस मंजूर

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन की कार्यवाही शुरू हो गई है। सीएम नायब सैनी सदन में केसरिया रंग की पगड़ी पहनकर पहुंचे। सदन के पहले दिन ही कांग्रेस ने अविश्वास प्रस्ताव लाया, जिसे स्पीकर हरविंदर कल्याण ने मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को सदन की दूसरी सिटिंग में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

## नायब तहसीलदार घूस लेते धराया

**रीवा।** लोकायुक्त रीवा की टीम ने रामपुर बघेलान में मौहरी कटरा में पदस्थ नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। लोकायुक्त एसपी ने बताया कि नायब तहसीलदार ने जमीन के बंटवारे के मामले में शिकायतकर्ता आशुतोष सिंह से 20,000 की रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता चोरहटा क्षेत्र का निवासी है, लेकिन उसकी जमीन रामपुर बघेलान में स्थित है।

## महाराष्ट्र के खेल मंत्री का कैबिनेट से इस्तीफा

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के मंत्री माणिकराव कोकाटे ने अपने खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। माणिकराव कोकाटे ने मंत्री पद से अपना इस्तीफा महाराष्ट्र सरकार में डिप्टी सीएम और एनसीपी (एपी) के प्रमुख अजित पवार को भेज दिया है। अजित पवार ने कोकाटे का इस्तीफा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को बढ़ा दिया, जिसे सीएम ने स्वीकार कर लिया है। माणिकराव कोकाटे के पास खेल विभाग की जिम्मेदारी थी। कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कोकाटे को दिए गए विभाग वापस ले लिए थे। सीएम ने ये विभाग माणिकराव कोकाटे से वापस लेकर अजित पवार को सौंप दिए थे। माणिकराव को एक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने तीन दशक पुराने फ्लैट घोटाले का दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई थी।

# संसद बनी अखाड़ा...विपक्ष ने बिल फाड़ा

## लोकसभा में 'जी राम जी' बिल पास

नई दिल्ली

संसद के मॉनसून सत्र में गुरुवार को विपक्ष का जोरदार हंगामा देखने को मिला। सदन में 'जी राम जी' बिल पेश किया गया। लोकसभा में गुरुवार को 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल 2025' पास हो गया है। अब राज्यसभा में बिल पर चर्चा की जा रही है। लोकसभा में विपक्षी सांसदों ने जोरदार हंगामा किया। विपक्ष ने सरकार पर महात्मा गांधी का अपमान करने और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के प्रावधानों को कमजोर करने का आरोप लगाया। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस कदम का बचाव करते हुए कहा, नरेगा में महात्मा गांधी का नाम 2009 के चुनावों को ध्यान में रखकर जोड़ा गया था। चौहान ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी की इस आलोचना का भी जवाब दिया कि



मोदी सरकार मनमर्जी से योजनाओं का नाम बदल देती है, और नेहरू-गांधी के नाम पर कई कल्याणकारी कार्यक्रमों की लिस्ट गिनाई। वहीं, विपक्षी सांसदों ने सदन के वेल में हंगामा किया, ग्रामीण रोजगार योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने को लेकर सरकार के खिलाफ नारे लगाए, बिल की कॉपियां फाड़ीं और उन्हें स्पीकर की कुर्सी की ओर फेंका। इससे पहले, उन्होंने बिल वापस लेने की मांग करते हुए संसद परिसर के अंदर विरोध मार्च निकाला था। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस कानून को गांधी का अपमान और काम के अधिकार पर हमला बताया, जिसने ग्रामीण भारत में सामाजिक-आर्थिक बदलाव लाया था। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, डीएमके के टीआर बालू और समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव समेत विपक्ष के कई सदस्यों ने बिल का विरोध किया। विपक्षी सांसदों ने कहा कि कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाना राष्ट्रपिता का अपमान है और यह भी बताया कि बिल राज्यों पर ज्यादा बोझ डालता है।

### राज्यसभा से भी पारित हुआ परमाणु विधेयक

राज्यसभा में भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा के संधारणीय दोहन और अभिवर्धन विधेयक 2025 पारित हो गया है। यह विधेयक परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 और नाभिकीय क्षति हेतु नागरिक दायित्व अधिनियम, 2010 को समाप्त करेगा। इस बिल से पहली बार निजी कंपनियों को नाभिकीय ऊर्जा उत्पादन सेक्टर में प्रवेश मिलेगा। इस बिल पर मतदान के दौरान विपक्षी सांसदों के सभी संशोधन प्रस्ताव अस्वीकृत हो गए।

### 125 दिनों के रोजगार की गारंटी

'जी राम जी' बिल हर ग्रामीण परिवार को, जिसके वयस्क सदस्य बिना किसी खास हुनर वाले शारीरिक काम के लिए स्वेच्छा से काम करते हैं, हर साल 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी देता है। राज्यों को कानून लागू होने के छह महीने के अंदर अपनी योजनाओं को नए कानून के प्रावधानों के हिसाब से बनाना होगा।

# हम कर्मश्री योजना का नाम महात्मा गांधी पर रखेंगे

## मनरेगा का नाम बदले जाने पर भड़कीं सीएम ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की है कि उनकी सरकार ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना कर्मश्री का नाम बदलकर महात्मा गांधी के नाम पर रखेगी। इसके साथ ही केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए ममता ने कहा कि नरेगा स्कीम से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना शर्मनाक है; अगर वे राष्ट्रपिता को सम्मान नहीं दे सकते, तो हम देंगे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बिजनेस एंड इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में भाजपा का सीधे नाम लिए बिना कहा कि अगर कुछ राजनीतिक दल हमारे राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करने में विफल रहते हैं, तो हम उनका सम्मान करेंगे।



ममता ने कहा कि मुझे शर्म आती है कि उन्होंने नरेगा कार्यक्रम से महात्मा गांधी का नाम हटाने का फैसला किया है। हम अब राष्ट्रपिता को भी भूला रहे हैं। अब हम अपने राज्य की कर्मश्री योजना का नाम महात्मा गांधी के नाम पर रखेंगे। कर्मश्री योजना के तहत सरकार का दावा है कि वह लाभार्थियों को 75 दिनों तक का काम देती है, इसके बावजूद कि बनर्जी ने कहा कि केंद्र मनरेगा के तहत फंड रोक रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य का लक्ष्य भविष्य में कर्मश्री के तहत काम के दिनों की संख्या बढ़ाकर 100 करना है। उन्होंने कहा, हमने पहले ही कर्मश्री के तहत बहुत सारे कार्यदिवस बनाए हैं, जिसे हम अपने संसाधनों से चला रहे हैं। अगर केंद्रीय फंड बंद भी हो जाते हैं, तो भी हम यह सुनिश्चित करेंगे कि लोगों को काम मिले। हम भिखारी नहीं हैं।

# 1971 के बाद बांग्लादेश से सबसे बड़ी चुनौती

## संसदीय समिति ने सरकार को सौंपी अहम सिफारिशें



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली विदेश मामलों की संसदीय समिति ने बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति को भारत के लिए 1971 के मुक्ति युद्ध के बाद की सबसे बड़ी रणनीतिक चुनौती बताया है। समिति ने कहा है कि हालात अराजकता में तो नहीं जाएंगे, लेकिन भारत को इसे बेहद सावधानी से संभालने की जरूरत है। समिति ने सरकार को कई अहम सिफारिशें भी सौंपी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश में अशांति के पीछे इस्लामिक कट्टरपंथ का बढ़ना, चीन और पाकिस्तान का बढ़ता प्रभाव और शेख हसीना की अवामी लीग की राजनीतिक पकड़ का कमजोर होना मुख्य कारण हैं। समिति ने कहा कि 1971 की चुनौती अस्तित्व और मानवीय संकट से जुड़ी थी, जबकि मौजूदा हालात एक पीढ़ीगत बदलाव, राजनीतिक व्यवस्था में परिवर्तन और भारत से दूर रणनीतिक झुकाव की ओर इशारा करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पूर्व बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना का भारत में रहना देश की सभ्यतागत सोच और मानवीय परंपरा के मुताबिक है। ऐसे मामलों में भारत हमेशा मुश्किल हालात में फंसे लोगों को मानवीय आधार पर शरण देता रहा है। सरकार को चाहिए कि वह अपने सिद्धांतों और मानवीय रवैये को बनाए रखे, लेकिन साथ ही पूरे मामले को समझदारी और संवेदनशीलता के साथ संभाले। बांग्लादेश के पाकिस्तान के साथ रिश्तों में बदलाव और चीन की बढ़ती मौजूदगी भारत के लिए चिंता का विषय है।

## भाई का काम किया तो बहन का भी करना होगा: गडकरी



**नई दिल्ली।** केरल के वायनाड से लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा गुरुवार को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलने उनके कार्यालय पहुंची। यहां गडकरी से वायनाड की सड़क और कनेक्टिविटी से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रियंका ने छह प्रमुख सड़क परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा। इस पर गडकरी ने मजाकिया अंदाज में कहा कि पहले राहुल गांधी का काम किया था, अब बहन का काम नहीं करेंगे तो सवाल उठेंगे। बैठक के बाद गडकरी ने प्रियंका को चावल की एक खास डिश भी खिलाई, जिसे उन्होंने खुद यूट्यूब देखकर बनवाया था। दरअसल, प्रियंका गांधी वाड्रा ने संसद में प्रश्नकाल के दौरान नितिन गडकरी से मिलने का समय मांगा था और कहा था कि जून से अपॉइंटमेंट नहीं मिल पा रहा है। इसके बाद गडकरी ने उन्हें मिलने बुलाया था।

# गांव के लोग भूजल पीते हैं और उन्हें कुछ नहीं होता

### बोतलबंद पानी को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बोतलबंद पेयजल के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों को लागू करने के अनुरोध वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया और कहा कि यह एक ऐसे देश में लग्जरी मुकदमेबाजी का मामला है जहां अब भी एक बड़ी आबादी की बुनियादी पेयजल तक पहुंच नहीं है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, इस देश में पीने का पानी कहां है, मैडम? लोगों के पास पीने का पानी उपलब्ध नहीं है; बोतलबंद पेयजल की गुणवत्ता की बात तो बाद में आएगी। सारंग वामन यादवाडकर की ओर से दायर जनहित याचिका में भारतीय सीलबंद पेयजल मानकों को वैश्विक मानकों के अनुरूप सुधारने के निर्देश देने की मांग की गई थी। सुनवाई की शुरुआत में ही सीजेआई ने याचिका के मूल आधार पर ही सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अदालत देश के सामने मौजूद व्यापक वास्तविकताओं को नजरअंदाज नहीं कर सकती। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भूजल पीते हैं और उन्हें कुछ नहीं होता। उन्होंने कहा, क्या आपको लगता है कि हम अमेरिका, जापान और यूरोपीय संघ के दिशानिर्देशों को लागू कर पाएंगे? आइए देश की जमीनी हकीकतों का सामना करें। गरीबों का कोई हिमायती नहीं है, यह सब अमीरों और शहरीकरण का डर है। संभावित नतीजे को भांपते हुए वकील ने जनहित याचिका वापस लेने की मांग की। इसके साथ ही एफएसएसएआई से अपनी शिकायतें दर्ज कराने की स्वतंत्रता भी मांगी। पीठ ने याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।



### एनआईए का खौफनाक खुलासा

# विदेशों में बेचे जा रहे भारतीयों के अंग



**नई दिल्ली।** केरल में दर्ज एक मामले की जांच के दौरान राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय एक संगठित अंग तस्करी गिरोह का खुलासा किया है। एजेंसी के मुताबिक, यह गिरोह अवैध किडनी ट्रांसप्लांट के लिए भारत से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को विदेश भेज रहा था। ईरान के अलावा वर्ष 2025 में ओडिशा के दो लोगों को ताजिकिस्तान भेजे जाने की भी पुष्टि हुई है, जहां उनकी किडनी अमीर लोगों में प्रतिरोपित की गई। एनआईए ने केरल की एक विशेष अदालत में दाखिल हलफनामे में यह जानकारी दी और मुख्य आरोपी मधु जयकुमार की हिरासत अवधि बढ़ाने की मांग की। जयकुमार केरल के पलारिवट्टोम का निवासी है और लंबे समय से फरार चल रहा था। यह मामला 18 मई 2024 को सामने आया था, जब सबिथ नामक व्यक्ति को कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने रोका। उस पर एक संगठित अंग तस्करी गिरोह से जुड़े होने का संदेह था। इसके बाद की जांच में साजिथ और विजयवाड़ा निवासी बेलमकोंडा राम प्रसाद की गिरफ्तारी हुई। आरोप है कि ये लोग अवैध अंग प्रतिरोपण के लिए दानदाताओं और प्राप्तकर्ताओं को ईरान के अस्पतालों तक पहुंचाने की व्यवस्था करते थे। एनआईए के अनुसार, जयकुमार ने पूछताछ के दौरान उन 27 लोगों के नाम उजागर किए, जिन्होंने ईरान में किडनी ट्रांसप्लांट कराया था। इसके अलावा 11 किडनी दानदाताओं की पहचान भी सामने आई है। हलफनामे में कहा गया है कि केस दर्ज होने के बाद भी गिरोह की गतिविधियां नहीं रुकीं। वर्ष 2025 में ओडिशा के दो व्यक्तियों को ताजिकिस्तान भेजा गया, जहां आरोपियों के जरिए उनकी किडनी अमीर मरीजों में प्रतिरोपित की गई। एनआईए अब इस अवैध अंग व्यापार से जुड़े पैसों की ट्रेल की जांच कर रही है।

# पहले ही पता चल जाएगी सीट की स्थिति

## भारतीय रेलवे ने चार्ट बनाने के नियमों में किया बदलाव

नई दिल्ली

भारतीय रेलवे देशभर में हजारों ट्रेनों का संचालन कर रहा है। यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए भारतीय रेलवे ने कई नियम बना रखे हैं और समय समय पर इन नियमों में बदलाव भी किया जाता है। इसी सिलसिले में भारतीय ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी खबर है। भारतीय रेलवे ने रिजर्वेशन चार्ट तैयार किए जाने के नए नियम को लागू कर दिया है। इसको लेकर रेलवे ने सभी जोनल अधिकारियों को आदेश भी जारी किया है। इस नए नियम के लागू होने से यात्रियों को रवाना होने से पहले अपनी सीट की स्थिति पता चल जाएगी और इसी के अनुरूप वे अपनी यात्रा की योजना बना सकेंगे। अगर आप भारतीय ट्रेनों में सफर करते हैं तो रेलवे के इस नियम के बारे में जान लेना जरूरी है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सुबह 5.01 से दोपहर 2 बजे के बीच जो भी ट्रेनें प्रस्थान करेंगी, उनका चार्ट एक दिन पहले रात 8 बजे तैयार हो जाएगा। अगर आपकी ट्रेन सुबह 6 बजे, 10 बजे या 1 बजे की है। इस स्थिति में आपको आपकी सीट की स्थिति एक रात पहले पता चल जाएगी। वहीं दोपहर 2.01 से लेकर रात 11.59 पर चलने वाली ट्रेनों का चार्ट रेलवे उनके प्रस्थान करने से 10 घंटे पहले तैयार करेगा।



इसके अलावा अगर कोई ट्रेन रात 12 बजे से सुबह 5 बजे के बीच चलती है तो इस स्थिति में भी रेलवे उसका चार्ट प्रस्थान करने से 10 घंटे पहले करेगा।

### निर्णय सभी ट्रेनों पर लागू

रेलवे के इस नए नियम से वेटिंग टिकट वाले यात्रियों को काफी फायदा होगा। इससे उन्हें काफी पहले ही पता चल जाएगा कि उनकी सीट की स्थिति क्या है? अगर टिकट कंफर्म नहीं होती है तो वह यात्रा के दूसरे विकल्पों की तलाश कर सकेंगे। रेलवे ने इस बारे में बताया है कि यह निर्णय देश की सभी ट्रेनों पर लागू होगा। रेलवे ने यह भी जानकारी दी है कि नया सिस्टम ज्यादा सुविधाजनक और पारदर्शी होगा।

# दोषियों पर कार्यवाही करने में जिम्मेदार अधिकारियों का छूट रहा पसीना

## आंगनबाड़ी और स्टॉप डैम निर्माण के नाम शासकीय राशि हड़पी, सरपंच-सचिव को सीईओ संरक्षण

ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)।

जनपद पंचायत ब्यौहारी अंतर्गत ग्राम पंचायत चौरी मे सरपंच रामा तिवारी और सचिव श्रीराम तिवारी द्वारा बेंडर से मिली भगत करतें हुए फर्जी बिल लगा कर शासकीय राशि का ख्यानात किया गया है जिस संबंध मे लगातार समाचार प्रकाशित होने के बाद सरपंच रामा तिवारी एवं प्रभारी सचिव श्रीराम तिवारी के करतूत की जांच हेतु सीईओ ब्यौहारी कल्पना यादव द्वारा टीम गठित की गयी। सूत्रों द्वारा 17 अक्टूबर 2025 को जांच किया जाना बताया गया, जिसमें अमिल्हा टोला मे आंगनबाड़ी का निर्माण कराये बिना ही लाईट फिटिंग एवं मटेरियल के नाम पर फर्जी बिल लगाकर राशि का आहरण करना और स्टॉप डैम का निर्माण घटिया एवं बड़े बड़े पत्थर डालकर कराया जाना और हितग्राहियों से प्रधानमंत्री आवास देने के नाम पर पैसा लेना जांच पर पाये जाने की बात बतायी गयी।




### वेंडर की मिलीभगत से हुआ फर्जीवाडा, कार्यवाही की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि आंगनबाड़ी का कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है इसके बाद भी सरपंच एवं सचिव द्वारा वेंडर से सांठ गांठ कर बिना समाग्री लिये पोर्टल पर फर्जी बिल लगाकर राशि का आहरण करते हुए शासकीय राशि का ख्यानात किया गया है। उक्त फर्जीवाड़े मे सरपंच सचिव के साथ-साथ वेंडर की भी सहभागिता है जिस कारण उक्त फर्जीवाड़े के लिये वेंडर के खिलाफ भी कार्यवाही किये जाने की मांग की गयी है।

### सचिव द्वारा नहीं दिया जा रहा रिकार्ड

सूत्रों की माने तो ब्यौहारी सीईओ के संरक्षण मे जांच को प्रभावित करने के उद्देश्य से सचिव द्वारा जांच करने गयी टीम को मांग के बाद भी रिकार्ड उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। बहाने बाजी करते हुए टालमटोल किया जा रहा है।ऐसे मे सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या रिकार्ड के आभाव मे कार्यवाही नहीं होगी या फिर पोर्टल से ऑनलाइन दस्तावेज के आधार पर कार्यवाही की जायेगी ये आने वाला समय ही बता सकता है।

### कचड़ा घर एवं तलाब का भी यही हाल

ग्रामीणो का कहना है कि पंचायत मे सिग्रेशन सेड ( कचडा घर ) का पूरा पैसा निकाल लिया गया है और आज भी निर्माण अधूरा पड़ा है एवं खनिज मद से तलाब का निर्माण वर्ष 2025 मे कराया गया है उसमे भी पटल की खुदाई नहीं कराया गया है जेसीबी से वंही की मिट्टी खोदवाकर मेढ मे पलटवा दिया गया है इसके बाद भी फिलिंग के नाम पर फर्जी काली मिट्टी का बिल लगाकर राशि का आहरण किया गया है जिसकी भी जांच कराकर वसूली कराते हुए किये गये फर्जीवाड़े पर दोसी लोगों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने की मांग की गयी है।

### इनका कहना है

आंगनबाड़ी का निर्माण नही हुआ है पंचनामा बनाया गया है। स्टॉप डैम का घटिया निर्माण होना पाया गया है। कुछ हितग्राहियो से भी कथन लिया गया है। सचिव को रिकार्ड के लिये पत्र जारी किया गया है पर सचिव द्वारा दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है जिसकी जानकारी सीईओ मैडम को दी गयी है। रिकार्ड मिलने के बाद ही प्रतिवेदन देना सम्भव हो पायेगा।

**विजय सिंह**
**एसडीओ जनपद पंचायत ब्यौहारी**

# जेएसडब्ल्यू. सीमेंट ने ग्राम बंधवाबारा में सीएसआर परियोजनाओं के तहत प्रोजेक्ट समृद्धि, कलाकृति और प्रोजेक्ट विद्या का किया गया शुभारंभ

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जे.एस.डब्ल्यू. सीमेंट लिमिटेड मरवाटोला 6 कोल माइन परियोजना क्षेत्रांतर्गत बंधवाबारा ग्राम में ग्रामीणों तथा जनजातीय समाज के समग्र विकास की दिशा में सार्थक पहल करते हुये सी.एस.आर. से प्रोजेक्ट समृद्धि, प्रोजेक्ट कलाकृति और प्रोजेक्ट विद्या का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख कोल माइन परियोजना जे.एस.डब्ल्यू. सीमेंट प्रभात कुमार झा, के मुख्यातिथ में तथा सरपंच ग्राम पंचायत बंधवाबारा ममता, रिलायंस सी.बी.एम. सी.एस.आर. प्रमुख राजीव श्रीवास्तव के विशिष्ट आतिथ्य में उत्साहमय किया गया। प्रोजेक्ट समृद्धि के अंतर्गत ग्रामीणों तथा जनजातीय समाज के समग्र विकास की दिशा में सार्थक पहल करते हुये प्राकृतिक खेती, मिलेट एवं दलहन उत्पादन, बागवानी, सब्जी उत्पादन, पशुपालन, मत्स्य पालन और बीज बैंक जैसी गतिविधियों के माध्यम से सतत आजीविका विकास को बढ़ावा दिया जायेगा, और इस परियोजना से 1500 से अधिक ग्रामीणों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभ अर्जित करानें का सतत प्रयाश होगा, वहीं प्रोजेक्ट कलाकृति के माध्यम से बैगा एवं गोंड जनजातीय कला और शिल्प को संरक्षित व प्रोत्साहित करनें भरसक प्रयास होगा, इस पहल के तहत कौशल प्रशिक्षण, आजीविका प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना तथा बाजार आधारित



उद्यमिता मॉडल विकसित किये जायेंगे, जिससे जनजातीय महिलाएँ और युवा आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम के मुख्यातिथ प्रभात कुमार झा ने संबोधित करते हुये कहा कि आजीविका, शिक्षा और कौशल विकास को साथ लेकर चलना ही सतत विकास की कुंजी है, और परियोजना उनके उत्थन की दिशा में सतत प्रयत्नशील रहेगी। विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत बंधवाबारा सरपंच ममता ने कहा कि ग्राम के विकास की दिशा में जे.एस.डब्ल्यू. सीमेंट लिमिटेड द्वारा सार्थक योगदान प्रदान किया जा रहा है जिससे निश्चित ही पंचायतवासी लाभान्वित हो सकेंगे और किया जा रहा प्रयास निश्चित ही सराहनीय है। और इस पहल के माध्यम से जे.एस.डब्ल्यू. सीमेंट ने ग्रामीण एवं जनजातीय समुदायों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दोहराया है।

# अमझोर में छात्रों को किया गया सायकल वितरण

**जयसिंहनगर (स्वतंत्रमत)।** शासन की मंशानुरूप कक्षा 6 वीं एवं 9 वीं में अध्ययनरत ऐसे छात्र-छात्राएं जिनका घर विद्यालय से 2 किमी. दूरी पर स्थित होता है। ऐसे समस्त छात्र-छात्राओं को सायकल का वितरण किया जाता है। इसी क्रम में संकुल केन्द्र शा.उ.मा. विद्यालय अमझोर में कक्षा 9 वीं के कुल 48 छात्रों को सायकल वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुधीर पांडेय उपसरपंच ग्राम पंचायत अमझोर एवं शीला तिवारी भाजपा जिला मंत्री, प्राचार्य



एनके खंडेलवाल, जनशिक्षक दिवाकर तिवारी, बीडी सिंह, अरविंद सिंह, राहुल सिंह, सौरभ सोनी, रचना द्विवेदी, एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता का करेंगे शुभारंभ

### 358 खिलाड़ी अपने हुनर से दर्शकों को करेंगे रोमाचिंत

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार 69वीं राष्ट्रीय शालेय बास्केटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी राजेंद्र शुक्ला जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी स्टेडियम में 19 दिसम्बर को प्रात: 11 बजे करेंगे। शुभारंभ के अवसर पर अध्यक्ष, सांसद संसदीय हिमाद्री सिंह, विशिष्ट अतिथि विधायक जयसिंह मरावी, मनीषा सिंह, शरद कोल, अध्यक्ष जिला पंचायत प्रभा मिश्रा, सदस्य जिला योजना समिति अमिता चपरा, नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, उपाध्यक्ष जिला पंचायत फूलवती सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत हीरावती कोल होगी। 19 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक चलने वाले




69वीं राष्ट्रीय शालेय बास्केटबाल प्रतियोगिता में देशभर के 30 टीमो के कुल 358 खिलाड़ी सहभागिता निभाते हुए अपने हुनर से दर्शको को रोमांचित करेंगे। उक्त प्रतियोगिता के लिए शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम, गुड शेफर्ड कान्वेंट स्कूल, डाइट परिसर, शासकीय कन्या महाविद्यालय के मैदान परिसर निर्धारित किये गए है। 69वीं राष्ट्रीय शालेय बास्केटबाल प्रतियोगिता हेतु मैदान की साफ-सफाई, बैठक व्यवस्था, रंगाई पुताई, बैनर पोस्टर, पेयजल, चिकित्सा, पार्किंग जैसी अन्य सभी तैयारिया पूर्ण कर ली गई है।

# हार से निराश न हो, जीतने की सीख लें

## ऐंताझर प्रीमियर लीग-2 का समापन, डीसीआई बनी चौंपियन

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** संभागीय मुख्यालय से लगे ग्राम ऐंताझर में आयोजित ऐंताझर प्रीमियर लीग 2 क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन रोमांच, उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। फाइनल मुकाबले में दूधी क्रिकेट इलेवन (डीसीआई) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान ऐंताझर को एक विकेट से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। अंतिम क्षणों तक चले इस रोमांचक मुकाबले में दूधी की टीम ने 14.5 ओवर में 9 विकेट खोकर 187 रन बनाकर जीत दर्ज की, जिससे मैदान में मौजूद दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। ग्राम ऐंताझर में पिछले 12 दिनों से चल रहे प्रीमियर लीग 2 क्रिकेट टूर्नामेंट में अंचल की 32 क्रिकेट टीमों के करीब 382 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला ऐंताझर और दूधी क्रिकेट इलेवन के बीच खेला गया। टॉस जीतकर ऐंताझर टीम के कप्तान प्रतीक शर्मा ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 15 ओवरों में 183 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। ऐंताझर के बल्लेबाजों ने आक्रामक और संतुलित खेल का प्रदर्शन करते हुए चौकों, छक्कों की मदद से रन बटोरे और दूधी के सामने



चुनौती पूर्ण लक्ष्य रखा। बड़े स्कोर के कारण मुकाबला शुरू से ही रोमांचक बन गया। जवाबी पारी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी दूधी क्रिकेट इलेवन ने तेज शुरुआत की, लेकिन मैच के दौरान लगातार विकेट गिरते रहे। इसके बावजूद दूधी के बल्लेबाजों ने धैर्य और जुझारूपन दिखाते हुए रन गति बनाए रखी। हालांकि ऐंताझर टीम के खराब क्षेत्ररक्षण के कारण अंतिम ओवरों में मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया और दर्शकों की नजरें हर गेंद पर टिकी रहीं। अंतत: दूधी की टीम ने 14.5 ओवर में 9 विकेट खोकर 187 रन बनाते हुए एक गेंद शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर टूर्नामेंट की विजेता बनी। क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व आईएएस अधिकारी अमरपाल सिंह उपस्थित रहे। पूर्व आईएएस ने संबोधन में कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस तरह के खेल आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास करता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है, जो जीवन में सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम ऐंताझर के सरपंच मैकू बैगा ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं मनोज टीवीएस शोरूम के डायरेक्टर मनोज गुप्ता, आदित्य अस्पताल के डायरेक्टर एवं प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.आदित्य द्विवेदी, सिंहपुर थाना प्रभारी निरीक्षक एम.एल. राहंगडाले, अधिवक्ता गिरीश श्रीवास्तव के साथ पंच मनोज श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव सुजीत श्रीवास्तव, विभोर श्रीवास्तव भी मंचासीन रहे।

# शासकीय आदर्श महाविद्यालय शहपुरा द्वारा 'कॉलेज चलो अभियान' के तहत सघन जागरूकता कार्यक्रम

### कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं से किया गया संवाद, शासन की योजनाओं की दी जानकारी

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय आदर्श महाविद्यालय शहपुरा द्वारा 'कॉलेज चलो अभियान' के अंतर्गत 1 दिसंबर से निरंतर सघन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 18 दिसंबर 2025 (गुरुवार) को शहपुरा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले शासकीय एवं अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं से संवाद किया गया।




अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करौंदी, बरगांव एवं अमेरा में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को महाविद्यालयीन शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया। संवाद के दौरान मध्यप्रदेश शासन की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनमें पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, गांव की प्रतिभा किरण छात्रवृत्ति योजना, आवास सहायता योजना, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों हेतु नि:शुल्क स्टेशनरी वितरण योजना, साथ ही ई-प्रवेश एवं एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रवेश की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी साझा की गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसे छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना है, जो किसी कारणवश महाविद्यालय में अध्ययन से वंचित रह गए थे। 'कॉलेज चलो अभियान' के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ लेकर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन शिक्षा से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। आज के कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक पूरन सिंह वरकड़े एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. एल. एन. साहू द्वारा विद्यालयों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से संवाद किया गया तथा आवश्यक जानकारियां प्रदान की गईं।

# ऑफिस के बहाने स्कूल से गायब शिक्षक रडार पर

### बीईओ ने जारी किए आदेश,अब सीधे होगी कार्रवाई

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

विकासखण्ड करंजिया अंतर्गत शासकीय शालाओं में पदस्थ शिक्षकों एवं कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को लेकर शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी करंजिया द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कोई भी अधीनस्थ कर्मचारी संस्था से बिना अनुमति अथवा कारण अनुपस्थित नहीं रहेगा। निरीक्षण के दौरान लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि बीएसी एवं सीएसी करंजिया के माध्यम से समय-समय पर शालाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि कई शिक्षक कार्यालयीन कार्य का बहाना बनाकर विद्यालय में उपस्थित नहीं रहते और बिना अनुमति इधर-उधर घूमते पाए गए। इस प्रकार की लापरवाही से शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है, जिसे विभाग ने गंभीरता से लिया है।

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निरीक्षण के समय यदि कोई शिक्षक या कर्मचारी अनुपस्थित पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु उच्च कार्यालय को प्रतिवेदन भेजा जाएगा। इस कार्रवाई के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित कर्मचारी की होगी और किसी भी प्रकार का बहाना स्वीकार नहीं किया जाएगा।

शिक्षा अधिकारी ने कार्यालयीन कार्य के नाम पर विद्यालय छोड़ने की प्रवृत्ति पर भी रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। यदि किसी कर्मचारी को अनिवार्य रूप से कार्यालयीन कार्य से करंजिया आना-जाना पड़ता है, तो उसे संस्था प्रमुख से विधिवत अनुशंसा पत्र प्राप्त करना होगा। साथ ही ऐसे कर्मचारी अपरान्ह 2꞉30 बजे के बाद ही कार्यालय में उपस्थित हो सकेंगे, ताकि विद्यालय का शैक्षणिक कार्य प्रभावित न हो।



# जिले में अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई, दो ट्रैक्टर जप्त

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले में अवैध खनन और रेत के अवैध परिवहन के खिलाफ प्रशासन की सख्ती लगातार जारी है। इसी क्रम में आज 18 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब 1.30 बजे गोरखपुर क्षेत्र में सिवनी नदी से अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टरों को पकड़ा गया। जांच के दौरान दोनों ट्रैक्टरों पर कोई पंजीयन नंबर अंकित नहीं पाया गया। पूछताछ में ट्रैक्टर मालिकों के नाम चंदन साहू एवं राजेश्वरी मार्को, निवासी गोरखपुर बताए गए, जबकि वाहनों को चलाने वाले चालक रामेश्वर एवं राजू, निवासी मूसामुंडी पाए गए। अवैध रेत परिवहन की पुष्टि होने पर दोनों ट्रैक्टरों को मौके पर ही जप्त कर नियमानुसार कार्रवाई की गई तथा पुलिस थाना गाडासरई में खड़ा कराया गया है। यह संयुक्त कार्रवाई नायब तहसीलदार करंजिया संजय मरकाम (रा.नि.) एवं पटवारी प्रतीक शर्मा द्वारा की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन और रेत के अवैध परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# शासन गांव की ओर अभियान के तहत हिनौता में चौपाल, मतदाता सूची पारदर्शिता पर भी फोकस

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री के निर्देशन में प्रदेशभर में संचालित 'शासनङ्कगांव की ओर' अभियान के तहत विकासखंड डिंडौरी की ग्राम पंचायत हिनौता (जनसंख्या 1090) के मुकदम टोला में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। रात्रिकालीन चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याएं सीधे सुनी गईं, जिनमें से कई का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के समाधान के लिए संबंधित विभागों को समय-सीमा तय कर निर्देश दिए गए।

चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने आवास, बिजली, पक्के मकान, सड़क, आम रास्ता और सामुदायिक भवन जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग रखी। अधिकारियों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को समय पर लाभ मिल सके।

इस अवसर पर हिनौता के बीएलओ दान





सिंह धूमकेतू द्वारा एसएआर गणना के अंतर्गत उन व्यक्तियों के नामों का वाचन किया गया, जो गांव या जिले में निवासरत नहीं पाए गए। इसका उद्देश्य मतदाता सूची में पारदर्शिता सुनिश्चित करना तथा डुप्लीकेट या अपात्र नामों को हटाने की प्रक्रिया को सरल और स्पष्ट बनाना रहा, जिससे ग्रामीणों को सही जानकारी उपलब्ध हो सके।

रात्रि चौपाल में जिला चिकित्सा अधिकारी, पशुपालन अधिकारी, जनजाति कार्य विभाग, पीएचई विभाग सहित जिला पंचायत के सीईओ व अन्य अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी और योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया।

चौपाल को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि धरती आवा योजना के तहत अधिकारी गांव-गांव, घर-घर जाकर सर्वे कर रहे हैं, ताकि ग्रामीण अंचलों के अंतिम छोर पर रहने वाले व्यक्ति तक भी योजनाओं का लाभ पहुंच सके। उन्होंने कहा कि चौपाल के दौरान उठे सभी मुद्दों को नोट कर लिया गया है और उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

साथ ही ग्रामीणों से आग्रह किया गया कि वे अपनी समस्याएं आवेदन के माध्यम से प्रस्तुत करें, ताकि समयबद्ध समाधान किया जा सके। 'शासनङ्कगांव की ओर' अभियान का मुख्य उद्देश्य रात्रिकालीन ग्राम चौपाल के जरिए शासन की योजनाओं को सीधे आम जनता तक पहुंचाना और ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र व संतुलित विकास को गति देना है।

**In The Court Of Civil Judge Class-I and Chief Judicial Magistrate, District Court, Dindori**

**Presiding Officer:** गिरजेश कुमार सनोदिया

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000019/2025)

आदित्यनारायण खैरवार ........... ..आवेदक

Vs

जनसाधारण .......... अनावेदक

Process Id-/2025

पेशी दिनांक - 21/01/2026

प्रेषिती-

(1) जनसाधारण पता- डिण्डौरी जिला डिण्डौरी म0प्र0

(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आदित्यनारायण खैरवार पता ने मृतक आनंद कुमार खैरवार निवासी ग्राम बोदर थाना गाडासरई की चल अचंल राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 17 दिसम्बर 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 21 जनवरी 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 26 नवम्बर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

कृपया ध्यान दें- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायाधीश**
**गिरजेश कुमार सनोदिया**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड जिला डिंडौरी (म.प्र)**

# जबलपुर-नैनपुर सहित दर्जनों ट्रेनों की समय-सारिणी में हुआ बदलाव

## नये साल से होगा बदलाव, पमरे ने लिया फैसला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रेलवे प्रशासन द्वारा 01 जनवरी, 2026 से ट्रेनों की नई समय-सारणी लागू की जा रही है। पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ एवं टर्मिनेट होने वाली ट्रेनों के संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है। इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 51705 जबलपुर-नैनपुर पैसेंजर, जबलपुर से 10.15 बजे की बजाय 09.55 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 11651 जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस, जबलपुर से 16.25 बजे की बजाय 15.45 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 22190 रीवा-जबलपुर इण्टरसिटी एक्सप्रेस, रीवा से 06 बजे की बजाय 05.45 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 22173 चांदाफोर्ट-जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, चांदाफोर्ट से 14.50 बजे की बजाय 15.10 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 12186 रीवा-आरकेएमपी रीवांचल एक्सप्रेस, रीवा से 19.55 बजे की बजाय 19.50 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 22145 भोपाल-रीवा एक्सप्रेस, भोपाल से 23.05 बजे की बजाय 23 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 19324 भोपाल-डॉ अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस, भोपाल से 17 बजे की बजाय 17.10 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस, भोपाल से 16.55 बजे की बजाय 16.40 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 12185 रानी कमलापति-रीवा एक्सप्रेस, रानी कमलापति से 22 बजे की बजाय 21.55 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 12197 भोपाल ग्वालियर एक्सप्रेस, भोपाल से 15.15 बजे की बजाय 15.10 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 19712 भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस, भोपाल से 16.35 बजे की बजाय 16.30 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 22172 रानी कमलापति-पुणे हमसफर एक्सप्रेस, रानी कमलापति से 15.50 बजे की बजाय 15.40 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 01665 रानी कमलापति-अगरतला स्पेशल, रानी कमलापति से 15.40 बजे की बजाय 15.20 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 22983 कोटा-इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, कोटा से 06.30 बजे की बजाय 06.35 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 19816 कोटा-मंदसौर एक्सप्रेस, कोटा से 04.45 बजे की बजाय 05.45 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 19815 मंदसौर-कोटा एक्सप्रेस, मंदसौर से



11.35 बजे की बजाय 12.05 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 19811 कोटा-इटावा एक्सप्रेस, कोटा से 12.10 बजे की बजाय 12.20 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 19822 कोटा-असरवा एक्सप्रेस, कोटा से 18.45 बजे की बजाय 18.55 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 61624 कोटा-चौमहला मेमू एक्सप्रेस, कोटा से 05.45 बजे की बजाय 05.40 बजे प्रस्थान करेगी।

**गन्तव्य स्टेशन पर पहुंचने का ट्रेनों का परिवर्तित समय**-गाड़ी संख्या 22190 रीवा-जबलपुर इण्टरसिटी एक्सप्रेस, जबलपुर 10.15 बजे की बजाय 10 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 22173 चांदाफोर्ट-जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, जबलपुर 23.30 बजे की बजाय 23.50 बजे पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 11706 रीवा-जबलपुर शटल एक्सप्रेस, जबलपुर 20.35 बजे की बजाय 21.05 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 11651 जबलपुर-सिंगरौली इण्टरसिटी एक्सप्रेस, सिंगरौली 23.45 बजे की बजाय 23.15 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 12185 आरकेएमपी-रीवा रीवांचल एक्सप्रेस, रीवा 08-00 बजे की बजाय 07.55 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस, रीवा 05-55 बजे की बजाय 06.05 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 19013 भुसावल-कटनी एक्सप्रेस, कटनी 05-00 बजे की बजाय 05.15 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 61607 सतना-मानिकपुर मेमू एक्सप्रेस, मानिकपुर 18.50 बजे की बजाय 19.15 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 61608 मानिकपुर-सतना मेमू एक्सप्रेस, सतना 21.25 बजे की बजाय 22.15 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 11753 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन-रीवा एक्सप्रेस, रीवा 08.20 बजे की बजाय 08.30 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 11755 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन-रीवा एक्सप्रेस, रीवा 08.20 बजे की बजाय 08.30 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 22146 रीवा-भोपाल एक्सप्रेस, भोपाल 08.10 बजे की बजाय 08.15 बजे पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस, इटारसी 11.30 बजे की बजाय 13.20 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 11272 इटारसी-भोपाल विंध्याचल एक्सप्रेस, इटारसी 12.30 बजे की बजाय 13.50 बजे पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 11602 कटनी-बीना, बीना 19.05 बजे की बजाय 20बजे पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, भोपाल 17.18 बजे की बजाय 17 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 51884 ग्वालियर-बीना पैसेंजर, बीना 16.25 बजे की बजाय 16.20 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 11603 कोटा-बीना मेमू, बीना 16.55 बजे की बजाय 16.50 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 19819 वड़ोदरा-कोटा एक्सप्रेस, कोटा 21.30 बजे की बजाय 21.25 बजे पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 22984 इंदौर-कोटा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, कोटा 23.25 बजे की बजाय 23.20 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 19816 कोटा-मंदसौर एक्सप्रेस, मंदसौर 10 बजे की बजाय 11 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 19815 मंदसौर-कोटा एक्सप्रेस, कोटा 17.05 बजे की बजाय 17.15 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 61615 नागदा-कोटा मेमू एक्सप्रेस, कोटा 19 बजे की बजाय 19.05 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 59837 अकलेरा-कोटा पैसेंजर, कोटा 13.45 बजे की बजाय 13.40 बजे पहुँचेगी।

## पावर जनरेटिंग कंपनी से 22 कार्मिकों के उच्च वेतनमान के आदेश जारी

जबलपुर (स्वतंत्रमत)।

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने अपने 22 कार्मिकों के उच्च वेतनमान के आदेश जारी किए हैं। मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन कार्यालय से जारी आदेशानुसार जिन कार्मिकों को यह लाभ प्राप्त हुआ है उनमें 22 कार्मिकों को प्रथम उच्च वेतनमान का लाभ प्रदान किया गया है।

उच्च वेतनमान का लाभ प्राप्त करने वालों में बारह कार्मिक अधिकारी व दस शिफ्ट केमिस्ट शामिल हैं। यह अधिकारी जबलपुर मुख्यालय, भोपाल, सारनी, खंडवा, चचाई स्थित ताप विद्युत गृहों में पदस्थ हैं। उच्च वेतनमान का लाभ प्राप्त करने वाले कार्मिकों में जबलपुर मुख्यालय की रिचा अग्निहोत्री, सुहैल मोहम्मद, प्रिया रैकवार, अमरचन्द्र कुशवाहा, मनीषा झरिया, रितुराज लखेरा व वर्तिका गुरबानी शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रथम उच्च वेतनमान का यह लाभ निर्धारित सेवा अवधि पूर्ण किए जाने के उपरांत प्रदान किया गया है। कंपनी प्रबंधन के अनुसार ऐसे प्रोत्साहनात्मक निर्णय कर्मचारियों के मनोबल को सुदृढ़ करने के साथ-साथ संगठन की कार्यक्षमता एवं सेवा गुणवत्ता में सकारात्मक वृद्धि सुनिश्चित करते हैं।



## संगठन को एकजुट होकर करेंगे अधिक सशक्त और सक्रिय

### नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों की परिचयात्मक एवं आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हेतु बैठक संपन्न

जबलपुर (स्वतंत्रमत)।

भारतीय जनता पार्टी जबलपुर के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों की प्रथम परीचयात्मक बैठक भाजपा संभागीय कार्यालय, रानीताल में भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का आत्मीय स्वागत किया गया। बैठक के दौरान संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई तथा आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष जबलपुर महानगर के सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारी संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जनसेवा-उन्मुख बनाएंगे साथ ही सभी पदाधिकारियों एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लें और संगठन के कार्यों को गति देने के साथ सरकार के कार्यों को जनता तक पंहुचाये। श्री सोनकर ने कहा भाजपा कार्यकर्त्ता की पहचान अनुशासन और समर्पण के लिए होती है और हमें भी अपने मन कर्म और वाणी से अनुशासित रहकर कार्यों का संपादन करना है।

**सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी रहे उपस्थित**

इस अवसर पर पंकज दुबे, रंजीत पटेल, अभय सिंह ठाकुर, राजेश मिश्रा, रजनीश यादव, शंकर श्रीवास्तव, योगेंद्र राजपूत, अंजू भार्गव, तृष्णा चटर्जी, अशोक रोहितास, पंकज मिश्रा, कौशल सूरी, मनीष जैन कल्लू, संकल्प पाठक, विभा उपाध्याय, विवेक अग्रवाल, राजेश मिश्रा, श्रीकान्त साहू, अमित जैन, राहुल दुबे, कमलेश नामदेव, कुसुम चौबे, रवि शर्मा, मीना मरकाम, दिव्या बाजपेयी, संजय यादव, अभिनव यादव, उबेज अंसारी, रूपा राव, उज्जवल पचौरी, अनूप पैगवार, मोहन निरंकार, अमर पटेल, दिलीप पटेल, राहुल रजक, आशीष राव, सौरभ गोयल, पुष्पराज सेंगर, योगेश लोखंडे, संतोष यादव, प्रशांत दुबे, नरेश पटेल, सरतार मंजिल, नरेश चौधरी, रविमोहन संतोषी, हेमराज सराठे, अमित सैनी आदि उपस्थित रहे।



## कविता के माध्यम से कवियों ने भरी सिहोरा जिला आंदोलन की हुंकार

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** सिहोरा जिला के आंदोलन में धार लाने के लिए सिहोरा तहसील के कवियों ने मोर्चा संभाला और बस स्टैंड में चल रहे धरने में आसपास के एक दर्जन कवियों ने सिहोरा के इतिहास की गरिमा, उसके विखंडन और वर्तमान त्रासदी को अपने काव्य में पिरोते हुए सरकार की निद्रा को तोड़ने का भरसक प्रयास किया। कवियों ने सिहोरा को जिला बनाए जाने के संघर्ष को आवश्यक बताया। और हम सभी सिहोरा जिला के वासी होंगे

**इन कवियों ने समा बांधा**-सिहोरा से अश्विनी पाठक, कछारगांव से विजय बागरी, सिलोंडी से सुशील जैन,सिहोरा से डा अरुणा पांडे,आशा जैन, जबलपुर से अखिलेश खरे, फनवानी से लक्ष्मी नारायण पटेल, सुशील वर्मा, बघराजी से मदनलाल बागरी ने भावपूर्ण और ओजस्वी काव्यपाठ किया।

## हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन में भावातीत ध्यान का आयोजन

### शिक्षकों, छात्राओं सहित समस्त स्टाफ ने उत्साहपूर्वक आयोजन में लिया भाग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन में प्राचार्य डॉ सुलक्षणा त्रिपाठी के मुख्यातिथ्य में विद्यार्थियों के मानसिक, भावनात्मक एवं आध्यात्मिक विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भावातीत ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के सभागार में शांत वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें समस्त छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भावातीत ध्यान में सहभागिता की। कार्यक्रम के प्रारंभ में ध्यान प्रशिक्षक माधुरी श्रीवास्तव



ने ध्यान की आवश्यकता और उसके वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक लाभों का संक्षिप्त परिचय दिया । प्रशिक्षक द्वारा भावातीत ध्यान को सरल एवं व्यवहारिक भाषा में समझाया गया। उन्होंने बताया कि भावातीत ध्यान में मन के विचारों को नियत्रित न करके उससे ऊपर उठकर आंतरिक शांति, संतुलन और एकाग्रता स्थापित की जाती है। लगातार अभ्यास तनाव, चिंता एवं मानसिक थकान को कम करने में अत्यंत सहायक है। प्राचार्य डॉक्टर सुलक्षणा त्रिपाठी ने भी बताया कि शिक्षकों का छात्राओं के लिए ध्यान अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इसके द्वारा अपने मन को शांत करते हैं और एक आखरी चित होकर अपने पढ़ाई में ध्यान लगाते हैं।उन्होंने यह भी बताया कि भावातीत ध्यान न केवल विद्यार्थियों की एकाग्रता और स्मरण शक्ति को बढ़ाता है, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास एवं नैतिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करता है। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। छात्राओं ने ध्यान के दौरान गहन शांति, मानसिक स्पष्टता और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया।

### छात्राओं ने साझा किए अपने अनुभव

सत्र के पश्चात छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें मानसिक हल्कापन एवं आत्मिक सुकून की अनुभूति हुई। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षक का आभार व्यक्त किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को नियमित रूप से ध्यान अभ्यास अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। संपूर्ण आयोजन अनुशासित, सार्थक एवं प्रेरणादायी रहा, जिसने छात्राओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सकारात्मक संदेश दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की उप-प्राचार्य डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, डॉ. निरुपमा पाठक, डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि शुक्ला, जया सामदेकर, डॉ. निधि माथुर, लाइब्रेरियन ज्योति शर्मा एवं कार्यालयीन कर्मचारी नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, अविनाश लखेरा, प्रेमलता चौबे, सुधा चौधरी एवं विजय दहायत का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

## मजदूर की मौत पर बिल्डर और सुपरवाईजर पर प्रकरण दर्ज

जबलपुर (स्वतंत्रमत)।

गढ़ा थाना क्षेत्रातंर्गत दत्त सलिटियर अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से गिरकर हुई मजदूर के मामले में पुलिस ने अपार्टमेंट के निर्माणाधीन मालिक बिल्डर सुधीर दत्त और सुपरवाईजर निखिल चौरसिया के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 8 अक्टूबर 2025 को दत्त सलिटियर अपार्टमेंट में काम करते समच चौथी मंजिल से गिरने पर भागवत सिंह पिता बेलन सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी घोंटखेड़ा थाना टिकरिया जिला मंडला की मौत हो गई थी।

## शहर में 14 वर्षों से निरंतर चलित प्रसादम की सेवा

### अब तक 19. 95 लाख लोग कर चुके भोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** 14 वर्ष पहले 4 अप्रैल 2011 के हिंदू नव वर्ष पर एड जमुना प्रसाद अग्रवाल की योजना से हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट के संस्थापक स्वामी रामचंद्रदासजी महाराज के सानिध्य में 200 से 300 लोगों का प्रतिदिन चलित प्रसादम सेवा के नाम से एक गाड़ी में भोजन वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था। जो निरंतर आज दिनांक तक चालू है। इसी कड़ी में गुरूवार को बड़े फुहारा में पूरी सब्जी कड़ी, चावल, हलवा, आचार, पापड वितरित किया गया। जो शहर के किसी भी स्थान में 14 साल से गाड़ी में भोजन रखकर ले जाया जाता है। स्टील की थालियां में शुद्ध साफ भोजन पीने का शुद्ध पानी भी रहता है। थाली भी आश्रम के भक्त ही धोते हैं। जमुना प्रसाद अग्रवाल ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया कोरोना के समय प्रतिदिन 1000 लोगों को भोजन वितरित किया जाता है। अयोध्या धाम में



भगवान रामजी के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 10 दिन में 1 लाख 15 हजार लोगों को अयोध्या धाम में भोजन वितरित किया गया। उस समय यह सेवा जबलपुर में भी चालू थी। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया 5322 दिनों से प्रतिदिन लगातार जारी है। अभी तक 19 लाख 95 हजार 750 लोगों ने प्रसाद पाया। इस अवसर पर आएसएस संघ के महाकौशल प्रांत के न्यास प्रमुख प्रचारक भूपेंद्र पाराशर, शरद अग्रवाल दिनेश उर्वशी, बीडी पटेल, सुरेश गोयल, उमेश विश्वकर्मा, बाबू सिंह, राज पुरोहित, विनय आदि उपस्थित रहे।

## दो माह पहले चोरी हुए सबमर्शियल पम्प की शिकायत दर्ज

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** बरगी थाने में ग्राम लोढ़ी पिपरिया निवासी 39 वर्षीय मनोज यादव ने खेत से चोरी हुए सब मसिर्शियल पम्प चोरी की शिकायत पुलिस में दर्ज करायी है। उक्त पम्प दो माह पहले 8 अक्टूबर को चोरी हुआ था। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह 8 अक्टूबर 2025 को पम्प बंद कर घर चला गया था। दूसरे दिन देखा तो उसका सबमर्शियल पम्प गायब था। जिसे कोई अज्ञात चोर चुरा ले गया। गांव के मोहित पटैल एवं सत्यम पटेल से सम्बर्सियल पम्प के संबंध में पूछने पर वाद विवाद कर रहे थे।

## किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में छाए शहर के खिलाड़ी

जबलपुर (स्वतंत्रमत)।

किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के जिला महासचिव राम किशोर सोनी ने बताया कि विगत दिवस भोपाल में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया मध्य प्रदेश स्तर का चयन भोपाल के स्थानीय विंग्स क्लब में आयोजित की गई थी । जिसमें की संपूर्ण मध्य प्रदेश से 500 बालिका किकबॉक्सरों ने अपने अपने आयुवर्ग में अपना प्रदर्शन किया और अपना स्वर्णिम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता एमेच्योर किक बॉक्सिंग एसोसिएशन मध्य प्रदेश के महासचिव आशुतोष दधीचि के निर्देशन में आयोजित की गई थी, जिसमें प्वाइंट फाइट में 32 किलोग्राम में मिति सिंह राजपूत



ने स्वर्ण पदक, 37 किलोग्राम में प्रियांशी राय ने स्वर्ण, 50 किलोग्राम में आशना चौधरी ने स्वर्ण, 65 किलोग्राम में पलक कुशवाहा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए हैं।

यह सभी प्रतियोगी कोच विक्रम राजपूत व राम किशोर सोनी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। छात्राओं की इस उपलब्धि पर असोसिएशन की मुख्य संरक्षिका डॉ मधुलिका त्रिपाठी व अमर कदम ने बधाईयां प्रेषित की है।

## अंजुमन अंग्रेजी माध्यम मढ़ाताल बना ओवर ऑल चैम्पियन

### संयुक्त अंजुमन इस्लामिया शाला एथलेटिक चैम्पियनशिप का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

संयुक्त अंजुमन इस्लामिया शाला दो दिवसीय एथलेटिक, बैडमिंटन प्रतियोगिता अंजुमन इस्लामिया वक्फ प्रबंधन समिति के तत्वावधान में मढाताल स्थित मैदान पर व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शरद अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में उदघटित हुआ। दो दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने खेल कौशल का अपने अभिभावकों की मौजूदगी में शानदार प्रदर्शन किया। क्रिकेट प्रतियोगिता का खिलाब अंजुमन गोहलपुर ने जीता जबकि उपविजेता मंजुमन हिन्दी माध्यम मढाताल बनी, मेन ऑफ द सीरिज विजेता टीम के उजेर अंसारी बने। एथलेटिक प्रतियोगिता में सीए



अखिलेश जैन प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष, संदीप जैन समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष, एड. अहादउल्ला उस्मानी, अंजुमन इस्लामिया वक्फ के अध्यक्ष मो. अनवर, उपाध्यक्ष सौहेल फैजल खान, सचिव नाजनीन तबस्सुम, कोषाध्यक्ष रियाज मोहम्मद, गुलाम मुस्तफा, मो. इकबाल, मो. अमजद, सरफराज साहब, राशिद अली, जिला वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शमशुल हसन, नसीम बेग ने बालक वर्ग में अंजुमन ईएम मढाताल, ने 45 अंक प्राप्त कर प्रथम बालिका वर्ग में अंजुमन एच. एम. गोहलपुर ने 45 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 76 अंक प्राप्त कर अंजुमन ई.एम. मढाताल ओवरऑल चैम्पियन को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के दौरान अनुशासन पुरस्कार अंजुमन प्राथमिक शाला गोहलपुर को प्रदान किया।

## रादुविवि में कार्यपरिषद की बैठक लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

### विश्वविद्यालय का होगा सौंदर्यीकरण, फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का होगा गठन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

रादुविवि के कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गुरूवार को विश्वविद्यालय के डीआईसी (एकात्म भवन) आयोजित कार्यपरिषद् की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण सकारात्मक निर्णय लिए गए। कार्यपरिषद् की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति किए जाने हेतु मान्य किया गया।

विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट शोध कार्य प्रकाशन पेटेंट प्राप्ति हेतु शोध प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रत्येक अतिथि विद्वान को 5 हजार रूपए की राशि प्रतिवर्ष प्रत्येक अकादमिक सत्र में पुरस्कार स्वरूप दिए जाने का निर्णय लिया गया। तकनीकी कर्मचारियों के प्रकरण



हेतु 'फैक्ट फाइंडिंग कमेटी' गठित किए जाने का निर्णय लिया गया। एन.सी.सी. के लिए ग्राउण्ड एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही कर्मचारी संजय यादव के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं राजभवन से प्राप्त पत्र के अनुसार श्री राजेन्द्र शुक्ला पर कार्यवाही किए जाने को संज्ञान में लेते हुए कुलसचिव को शीघ्र अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु कहा गया।

### मिलेगी आनलाइन डिग्री


विश्वविद्यालय के सौंदर्यीकरण हेतु गठित समिति से प्राप्त अनुशंसाओं को मंजूरी दी गई। विश्वविद्यालय में भवनों एवं सभागारों की स्थिति ठीक नहीं है। अतः पं. कुंजीलाल दुबे प्रेक्षाग्रह, एमबीए हाल, विज्ञान भवन का सेमीनार हाल, विधि विभाग का सेमीनार हाल, दोनों अतिथि गृह, रिसर्च हास्टल, काउन्सिल हाल, राजशेखर भवन का एक हाल आदि के उन्नयन कार्य हेतु मंजूरी प्रदान की गई। विद्यार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए आनलाईन डिग्री प्रदान किए जाने के प्रस्ताव को मान्य किया गया एवं रद्दी विक्रय किए जाने हेतु निविदा जारी किया जाना मान्य किया गया।

बैठक में कुलसचिव डॉ. आरके बघेल, कार्यपरिषद सदस्य प्रो. विवेक मिश्रा, प्रो. आशीष शर्मा, डॉ. वीणा बाजपेई, डॉ. नंदिनी भारिल, वेद प्रकाश तिवारी, चन्द्रशेखर पटेल, डॉ. मनोज आर्या, डॉ. अनिता धुर्वे, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. पंजाब चन्देलकर एवं संयुक्त संचालक वित्त रोहित सिंह कौशल उपस्थित रहे।

# बांधवगढ़ में खाद्य सुरक्षा के बाद फायर सेफ्टी की कार्यवाही में 5 रिसोर्ट हुए सील, रिसोर्ट संचालकों में मचा हड़कंप

उमरिया (स्वतंत्रमत)

फायर सेफ्टी अनदेखी पर 6 महीने की चेतावनी के बाद राजस्व पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला क्षेत्र में 5 रिसोर्ट सील कर दिए गए हैं। पिछले हप्ते ही खाद्य सुरक्षा विभाग के उड़नदस्ता टीम ने एक सप्ताह तक बांधवगढ़ में डेरा डाल कर बड़े बड़े नामी रिसोर्ट में कार्यवाही की गई थी जिससे संचालकों में हड़कंप मच गया था उससे निजाद पाए ही थे कि फायर सेफ्टी की टीम ने धावा बोल दिया जिससे बांधवगढ़ में नए साल की तैयारियों में लगे रिसोर्ट संचालक परेशान हैं.! जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला क्षेत्र में



फायर सेफ्टी मानकों की अनदेखी पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। राजस्व और पुलिस विभाग की सात सदस्यीय संयुक्त टीम ने 10 रिसॉटों की जांच की, जिनमें से 5 को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। सील किए गए रिसॉटों में मानसून होटल, अशोका रिसोर्ट, वाइल्ड हैवन, पलाश कोठी, इनफिनिटी रिसोर्ट और जंगल माटी शामिल है। जांच में पाया गया कि इन रिसॉर्टी में आवश्यक फायर सेफ्टी व्यवस्थाएं नहीं थीं। तहसीलदार आर.एल. पनिका ने बताया कि रिसोर्ट संचालकों को लगभग छह महीने पहलें फायर सेफ्टी से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए गए थे। तय समय-सीमा में इन निर्देशों का पालन नहीं किया गया, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। प्रशासन के अनुसार, दो रिसोर्ट में फिलहाल निर्माण कार्य चल रहा है। शेष रिसॉटों की जांच गुरुवार को की जाएगी, जिसके बाद आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोपरि है और फायर -सेफ्टी जैसे महत्वपूर्ण मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# 21 दिसम्बर को वैश्विक ध्यान कार्यक्रम के लिये नागरिकों में जबरदस्त उत्साह

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** । संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व ध्यान दिवस की घोषणा 2024 में कि थी आईए हम सब मिलकर इस 21 दिसंबर विश्व ध्यान दिवस मनाएं। यह कार्यक्रम जिला उमरिया के अमर शहीद स्टेडियम में मनाया जा रहा है। 21 दिसंबर सुबह 9 बजे आप सभी से निवेदन है कि समय पर पहुंचे।इस समस्त संसार में विश्व शांति एकता मानवता का संकल्प लेकर हम इस कार्यक्रम में सहभागी होंगे। आईए हम सब मिलकर ध्यान करेंगे विश्व में शांति फैलाने के लिए।संयुक्त राष्ट्र संघ पहले 21 जून को विश्व योग दिवस हमारी आरोग्य शास्त्र की विधि को सर्वव्यापी सर्वश्रेष्ठ बताया और अब वर्ष 2024 में, संयुक्त राष्ट्र ने 21 दिसम्बर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित किया। रामचन्द्र मिशन



के उमरिया केन्द्र प्रभारी श्री विनायक पिसे व श्रीमती प्रणाली पिसे ने बताया कि इस ऐतिहासिक पहल के लिए भारत को वैश्विक भागीदार के रूप में नामित किया गया था। 21 दिसम्बर को इसलिए चुना गया क्योंकि यह संक्रांति का प्रतीक है। दुनिया भर में प्राकृतिक परिवर्तन और नवीकरण का दिन, जो अंधेरे से प्रकाश की ओर बदलाव का प्रतीक है। 21 दिसम्बर, 2025 को विश्व भर से 10 लाख से अधिक लोग 20 मिनट के लिए एक साथ ध्यान सत्र में शामिल होंगे। हम दाजी द्वारा निर्देशित हृदय आधारित ध्यान के माध्यम से स्वयं के भीतर उतरने का प्रयास करेंगे। जब सभी हृदय एक समान इरादे के साथ एक साथ आते हैं, तो कुछ गहन उभर कर सामने आता है। ध्यान आपकी आंतरिक उर्जा को रूपांतरित कर के आपके गुणों का अलोकिक विकास करता है। एक साथ एक ही समय में जब सम्पूर्ण विश्व के नागरिक ध्यान करेंगे तो शांति उर्जा का साम्राज्य साबित हो जायेगा। आप स्वयं व अपने परिवार के साथ या हार्टफूलनेश संस्था के रामचन्द्र मिशन केन्द्रों में 21 दिसम्बर रविवार को रात्रि आठ बजे ध्यान के सूत्र में बंधने का प्रयास करें। विश्व व्यापी हार्टफूलनेस संस्था के के मार्गदर्शक पद्मश्री से सम्मानित श्री कमलेश डी पटेल के नेतृत्व में रात्रि कान्हा शांति वनम से होने वाले ऑनलाइन और निःशुल्क कार्यक्रम में जुड़ने के लिए कृपया पंजीकरण करें।

# छात्रों ने प्राकृतिक कृषि किसान खेत पाठशाला का किया भ्रमण

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** । राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर जिला उमरिया के छात्रों का दल व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्राकृतिक कृषि किसान खेत पाठशाला ग्राम डोंगरगवॉं में भ्रमण किया। एनसीएनएफ एवं विकास



संवाद समिति द्वारा स्थापित किसान खेत पाठशाला के संचालक किसान बाबूलाल सिंह ने प्राकृतिक खेती के अपने अनुभव बच्चों से साझा किया। सामाजिक कार्यकर्ता नगीना सिंह एवं भूपेंद्र त्रिपाठी ने बच्चों को प्राकृतिक खेती के बारीकियां को समझाया। कार्यक्रम में भूमि उपचार ,बीज उपचार, अंतर्वर्ती फसल, मिश्रित फसल, बीजामृत, जीवामृत, घन जीवामृत, ब्रह्मास्त्र, अग्नियास्त्र एवं दशपर्णी अर्क तैयार करने के बारे में विस्तार से बताया गया। उक्त प्रशिक्षण में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर के 30 छात्र,छात्रा शामिल हुए। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए प्राकृतिक खेती विशेषज्ञ भूपेन्द्र त्रिपाठी प्राकृतिक खेती के विभिन्न आयामों की चर्चा करते हुए बताया। बीज उपचार की महत्वता को बताते हुए उन्होंने वीजामृत एवं जीवामृत के बनाने की विधि एवं उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्राकृतिक खेती के फायदे के विषय को आगे बढ़ाते हुए कृषि विज्ञान के कुंदन जी ने खेती के लिए लाभदायक जीव जंतुओं के बारे में विस्तार से बताते हुए प्राकृतिक खेती के अंतर्गत कीट प्रबंधन के परंपरागत तरीकों के वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों को दशपर्णी अर्क ब्रह्मास्त्र के साथ-साथ विभिन्न देशी उपयोगों के बारे में भी बताया।

# दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान पशुपालन विभाग की सराहनीय पहल

## पशुपालकों की खुशहाली का भरोसेमंद आधार बना पशुपालन विभाग

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले में पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में जिस प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता का परिचय दिया है वह प्रशंसनीय ही नहीं बल्कि अनुकरणीय भी है। दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण के माध्यम से विभाग ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकार की मंशा केवल योजनाएं बनाने तक सीमित नहीं बल्कि उन्हें धरातल पर प्रभावी ढंग से उतारना है। अभियान के तहत गांव-गांव पहुंचकर पशुपालकों को संतुलित पशु आहार नियमित टीकाकरण कृत्रिम गर्भाधान और नस्ल सुधार जैसी आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जा रहा है। विभागीय अमले की सक्रियता और सतत निगरानी से यह सुनिश्चित किया गया है कि अभियान कागजों में नहीं बल्कि पशुपालकों के तबेलों तक पहुंचे। जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम और वरिष्ठ अधिकारियों की प्रत्यक्ष



मॉनिटरिंग विभाग की कार्यकुशलता का प्रमाण है। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. के.के. पाण्डेय के मार्गदर्शन में विभागीय टीम सहायक पशु चिकित्सक और मैत्री कार्यकर्ता समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं। पशु मेलों के माध्यम से न केवल जानकारी दी जा रही है बल्कि पशुपालकों का भरोसा भी जीता जा रहा है। यह अभियान दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की ठोस नींव रख रहा है।निस्संदेह उमरिया का पशुपालन विभाग विकास पारदर्शिता और जनहित का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। यदि यही जज्बा और प्रतिबद्धता बनी रही तो जिले के पशुपालक आने वाले समय में आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों को छुएंगे और उमरिया दुग्ध समृद्धि की पहचान बनेगा।

# बाघ के दो और शिकारियों को वन विभाग ने पकड़ा



**उमरिया (स्वतंत्रमत)** । जिले के चंदिया वन परिक्षेत्र में बाघ के शिकार मामले में वन विभाग ने गुरुवार को दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस मामले में अब तक कुल आठ शिकारी पकड़े जा चुके हैं। चंदिया वन परिक्षेत्र के कथली नदी किनारे आरएफ-10 क्षेत्र में एक बाघ का शव संदिग्ध हालत में मिला था। वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। मृत बाघ की पहचान बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के टी-185 के रूप में हुई, जिसकी उम्र लगभग 8 साल बताई गई है। रविवार को बाघ के शव का पोस्टमॉर्टम कर अंतिम संस्कार किया गया। इसके बाद वन विभाग ने शिकारियों की तलाश तेज कर दी। प्रारंभिक जांच में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर तीन दिन की रिमांड पर लिया गया था। उनसे लगातार पूछताछ के बाद मिले सुरागों के आधार पर गुरुवार 18 दिसंबर को वन विभाग की टीम ने लालचंद बैगा और अरुण कोल नामक दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से बाध के शिकार में इस्तेमाल की गई सामग्री भी जब्त की गई है। एसडीओ कुलदीप त्रिपाठी ने बताया कि बाघ शिकार मामले में अब तक कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# कॉलेज चलो अभियान के तहत एसएसपी महाविद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं से किया गया संपर्क

बालाघाट

मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय शंकर साव पटेल कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय, वारासिवनी में सत्र 2026-27 के अंतर्गत कालेज चलो अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसएस गेड़ाम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के डॉ. अनिरुद्ध सिंह काकोड़िया (सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र) एवं डॉ. मनोज गजभिये (अतिथि विद्वान, रसायनशास्त्र) द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला नेवरगांव एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बड़गांव का भ्रमण किया गया। इस दौरान कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संपर्क स्थापित कर उन्हें नवीन



शिक्षा नीति के अंतर्गत पाठ्यक्रम, मेजर एवं माइनर विषयों के चयन, अन्य शैक्षणिक गतिविधियों, छात्रवृत्तियों, विभिन्न शासकीय योजनाओं तथा खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस संपर्क अभियान का मुख्य उद्देश्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश से लेकर परीक्षा तक की समस्त प्रक्रिया से अवगत कराना था, ताकि प्रवेश के समय उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। महाविद्यालय द्वारा प्रवेश से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु हेल्प डेस्क की स्थापना भी की गई है, जहां छात्रों की अन्य शैक्षणिक समस्याओं का भी निराकरण किया जाएगा। इस दौरान बताया गया कि भविष्य में भी अन्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में इसी प्रकार समय-समय पर संपर्क अभियान चलाया जाएगा, जिससे छात्र-छात्राओं को उनके अध्ययन एवं करियर से जुड़ी समस्याओं का समाधान मिल सके।

## शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी में कॉलेज चलो अभियान 2026-27 का आयोजन

**बालाघाट।** शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी के प्राचार्य श्री के.एल. हिवारे के निर्देशन में 18 दिसम्बर को कॉलेज चलो अभियान 2026-27 का आयोजन किया गया। यह अभियान स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के कार्यक्रम प्रभारी श्री रोहित कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में दिनांक 16 दिसंबर 2025 को संचालित हुआ।अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राध्यापक टीम ने सी.एम. राइज (संदीपनि) विद्यालय खैरलांजी एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरलांजी का भ्रमण कर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ना तथा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में अधिक से अधिक प्रवेश सुनिश्चित करना रहा।कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य श्री के.एल. हिवारे द्वारा छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, प्रवेश प्रक्रिया, पाठ्यक्रम संरचना एवं भविष्य की शैक्षणिक संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

# बांधवगढ़ में वन भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

उमरिया (स्वतंत्रमत)

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के जंगलों में हो रहे लगातार अतिक्रमण के खिलाफ वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार दिनांक 17.12.2025 को मानपुर बफर परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक पी-386 नाचन देवी हर क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने 46 हेक्टेयर वन भूमि से अतिक्रमण हटाकर जमीन को मुक्त कराया है। यहां कुछ लोगों द्वारा मेड, झोपड़ी और फेंसिंग लगाकर खेती की तैयारी की जा रही थी। वन भूमि पर अतिक्रमण की जानकारी मिलते ही बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लिया और मांनपुर बफर परिक्षेत्र की टीम को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश



मिलते ही मानपुर परिक्षेत्र की वन टीम मौके पर पहुंची। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में बड़ी संख्या में वनकर्मी तैनात किए गए। अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई में 30 से अधिक वनकर्मी शामिल रहे। उनके साथ एक जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर की मदद भी ली गई। कार्रवाई के दौरान वन भूमि पर बनाई गई मेड, झोपड़ियां और खेतों की फेंसिंग को हटाया गया। वन विभाग ने खेती की तैयारी कर रहे क्षेत्रों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। वन विभाग की यह कार्रवाई करीब 5 घंटे तक लगातार चली। इस दौरान 46 हेक्टेयर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया। वन विभाग के अनुसार धान और गेहूं की बुवाई से पहले इस तरह के अतिक्रमण के मामले सामने आते हैं। इसी को देखते हुए विभाग समय-समय पर कार्रवाई करता है। कार्रवाई के दौरान वन विभाग की टीम ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों को समझाइश दी कि वे वन क्षेत्र में अतिक्रमण न करें और जंगल व वन भूमि की सुरक्षा में सहयोग करें। वन विभाग ने बताया कि टाइगर रिजर्व क्षेत्र में वन भूमि पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि भविष्य में अतिक्रमण की घटनाओं को रोका जा सके। मानपुर बफर परिक्षेत्र अधिकारी मुकेश अहिरवार ने बताया कि . जंगल की जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# कलेक्टर ने ली कृषि, सिंचाई एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक

बालाघाट

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 18 दिसम्बर को कृषि, सिंचाई एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर चालू रबी सीजन में फसलों की सिंचाई संबंधी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले के जलाशयों में उपलब्ध पानी का रबी फसलों की सिंचाई के लिए समुचित उपयोग करने के निर्देश दिये और कहा कि तीनों विभागों के अधिकारी परस्पर समन्वय बनाकर रबी फसलों की सिंचाई के लिए कार्य करें। कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में कहा कि जिले के किसानों को रबी सीजन में धान की बजाय कम पानी में पकने वाली अन्य फसले लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए और इन फसलों के बीज किसानों को उपलब्ध कराकर समय सीमा में उनकी बोवाई करायी जाए। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष रबी सीजन में धान का रकबा कम होना चाहिए और अन्य रबी फसलों का रकबा बढ़ना चाहिए। इसके लिए कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को किसानों से सतत सम्पर्क करने एवं मार्गदर्शन देने के निर्देश दिये गए। रबी फसलों के लिए किसानों को पर्याप्त मात्रा में



आवश्यकता के अनुसार उर्वरक उपलब्ध करान के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री मीना ने कृषि विभाग के अधिकारियो से कहा कि जिले में कहीं पर भी पराली जलाने की घटना नही होना चाहिए। यदि कोई किसान पराली जलाता है तो उस पर कार्यवाही करें और ऐसे किसान से जुर्माने की राशि उसके द्वारा समर्थन मूल्य पर बेची गई धान की राशि से वसूल की जाए। नरवाई प्रबंधन के लिए जिले में लक्ष्य के अनुरूप हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, बेलर एवं स्मार्ट सीडर किसानों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए।सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिले के जलाशयों में उपलब्ध पानी का रबी फसलों की सिंचाई में व्यवस्थित उपयोग सुनिश्चित करें। सिंचाई के दौरान नहरों को क्षतिग्रस्त करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी कार्यवाही करें। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कृषि एवं सिंचाई विभाग से समन्वय कर आवश्यकता के अनुसार किसानों को सिंचाई के लिए अस्थायी बिजली कनेक्शन देना और किसानों को निर्धारित घंटो तक प्रतिदिन बिजली की आपूर्ति करना सुनिश्चित करें। बैठक में उपसंचालक कृषि द्वारा बताया गया कि गत वर्ष रबी सीजन में जिले के 47 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की फसल और 34 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूँ की फसल लगायी गई थी। इस वर्ष धान की फसल का रकबा कम हो रहा है और अन्य रबी फसलों का रकबा बढ़ रहा है। इस वर्ष अब तक लगभग 30 हजार हेकटेयर क्षेत्र में गेहूँ की बोवाई की जा चुकी है। गत वर्ष 20 हजार हेक्टेयर में चना लगाया गया था, जो इस वर्ष बढ़कर 25 हजार हेक्टेयर हो गया है। इसी प्रकार गत वर्ष की तुलना में राई-सरसों का रकबा 09 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 21 हजार 500 हेक्टेयर, अलसी का रकबा 05 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 08 हजार हेक्टेयर, मसूर का रकबा 400 हेक्टेयर से बढ़कर 600 हेक्टेयर एवं उड़द का रकबा 500 हेक्टेयर से बढ़कर 3000 हेक्टेयर तक पहुंच गया है। इस सीजन में जिले के 900 हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ना लगाया जा चुका है। रबी फसलों की बोनी का कार्य जनवरी माह के प्रथम सप्ताह तक चलता रहेगा। उपसंचालक कृषि द्वारा बताया गया कि जिले में रबी फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक का भंडारण उपलब्ध है। बैठक में सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि जमुनियॉ, नहलेसरा, ढूटी, गांगुलपारा, राजीव सागर एवं अन्य सिंचाई परियोजनाओं से रबी फसलों की सिंचाई के लिए 14 दिसम्बर से नहरों में पानी छोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग 2800 किमी लंबाई की नहरे है, इनमे से 2200 किमी लंबाई की नहरे कच्ची है और 600 किमी लंबाई में नहरों की लाइनिंग का कार्य हुआ है। जिले की सभी नहरों का लाइनिंग कार्य हो जाएगा तो जिले में सिंचाई की क्षमता बढ़ जाएगी। ढूटी परियोजना की बायीं तट नहर के लाइनिंग का प्रस्ताव केंद्रीय जल आयोग दिल्ली को भेजा गया है। बाघ परियोजना की नहरों के लाइनिंग के लिए 43 करोड़ का प्रस्ताव मुंबई को भेजा जा चुका है। बैठक में मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक घरों में सोलर पैनल लगाने की कार्यवाही करें। इसी प्रकार किसानों को अनुदान पर सोलर पंप लगाने के प्रस्ताव तैयार कर सोलर पंप लगवा।

# प्रसंस्करण इकाइयों के सुदृढ़ संचालन के लिए तीन दिवसीय विशेष अभियान



**पाली (उमरिया)।** स्वच्छ भारत मिशन-शहरी अंतर्गत नगर पालिका परिषद पाली द्वारा प्रसंस्करण इकाई रख रखाव, संचालन एवं प्रबंधन विषय पर 18 से 20 दिसंबर 2025 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नगर की विभिन्न प्रसंस्करण इकाइयों में साफ-सफाई, तकनीकी जांच एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित किया गया। अभियान के दौरान इकाइयों तक सुगम पहुंच मार्ग का निरीक्षण किया गया, मशीनों की कार्यक्षमता की जांच एवं नियमित साफ सफाई कराई गई।साथ ही सुरक्षा उपकरणों एवं आवश्यक दस्तावेजों का रखरखाव सुनिश्चित किया गया। इकाई परिसर में स्वच्छता व सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। कचरे का नियमित प्रसंस्करण करते हुए कंपोस्ट खाद का निर्माण एवं विक्रय, प्लास्टिक, कागज, धातु आदि सामग्री के पृथक्करण व पुनर्चक्रण योग्य संसाधनों की बिक्री की प्रक्रिया भी सुदृढ़ की गई। अभियान के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों एवं छात्रों के भ्रमण से जागरूकता बढ़ाने का कार्य भी किया गया। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने बताया कि इस पहल से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था मजबूत होगी, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 की तैयारियों को गति मिलेगी। अभियान के माध्यम से शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

## अनूप तिवारी प्रेक्षक नियुक्त

मण्डला(स्वतंत्रमत)। नगरपालिका परिषद मण्डला के वार्ड क्रमांक 8 के उप निर्वाचन 2025 के लिए निर्वाचन के संचालन के प्रेक्षण के लिए मध्यप्रदेश नगरपालिका निर्वाचन नियम 1994 के नियम 12 क के अंतर्गत निहित प्रावधान के तहत अनूप तिवारी राप्रसे सेवानिवृत्तद्ध गोयल डुप्लेक्टस गुलमोहर कॉलोनी भोपाल मोबाइल नम्बर 9425150438 को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्री तिवारी के द्वारा नगरपालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 8 के उप निर्वाचन वर्ष 2025 के पर्यवेक्षण कार्य के लिए जिले में प्रथम चरण में 15 दिसम्बर से 18 दिसम्बर 2025 तक एवं द्वितीय चरण में 28 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक किया जाना निर्धारित है।

## प्रोसेसिंग संबंधी प्रशिक्षण आज

मण्डला(स्वतंत्रमत)। समस्त प्रकार के कर्मचारियों को प्रत्येक माह की एक तारीख को वेतन प्रदान करने के लिए आईएफएमआईएस के माध्यम से केन्द्रीकृत वेतन प्रोसेसिंग की सुविधा विकसित की गई है। इससे प्रत्येक डीडीओ को पृथक से पेरोल जनरेशन का कार्य नही करना होगा तथा आवश्यक संशोधन पेरोल में करते हुए देयक लगाए जा सकेंगे। इस प्रकार वेतन आहरण में समयबद्धता तथा त्वरित गति सुनिश्चित की जा सकेगी। दिसंबर 2025 के वेतन इस प्रकिया से ही किया जावेगा। इस सम्बन्ध में विस्तृत प्रक्रिया के लिए 19 दिसंबर को जिला योजना भवन मण्डला में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

## आर्थिक सहायता स्वीकृत

मण्डला(स्वतंत्रमत)। मोनिका निवासी ग्राम छपरा तहसील निवास की 19 जून 2025 को रात्रि में सोते समय सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक निकटतम वारसान को 4 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास के द्वारा मृतक के निकटतम वारसान पिता हजारी लाल के खाते में आर्थिक सहायता की राशि स्वीकृत की गई है।

## जेसोबा फाइनल में बनाई जगह

मण्डला(स्वतंत्रमत)। जेसोबा प्रथम सेमीफाइनल की प्रतियोगिता संपन्न हुई। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय पदमी में सुशील कुमार राय प्राचार्य के मुख्य आतिथ्य, विजय अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, मुकेश सोनी और राजेश क्षत्री के विशिष्ट आतिथ्य तथा एके शुक्ल अध्यक्ष जेसोबा की अध्यक्षता में संपन्न इस प्रतियोगिता में संदीपनि मॉडल उच्च माध्य विद्यालय बिछिया से शिवम कुशवाहा, स्वाति श्रीवास तथा श्रेया यादव ने मॉडल उच्च माध्य विद्यालय घुघरी से आराध्या यादव, उमेश पड़वार तथा संजू मरावी ने एवं पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय पदमी से अनुराग मरावी, संकल्प सिंह ठाकुर तथा प्रतिमा नंदा ने सहभागिता की। इस प्रतियोगिता में विजय प्राप्त कर पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय पदमी ने फाइनल में जगह बना ली है।

## संजय बने ब्लॉक अध्यक्ष

मण्डला/निवास(स्वतंत्रमत)। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा जिलों के अंतर्गत संलग्न सूची अनुसार नवीन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है जिसमें निवास ब्लॉक से पार्षद संजय जायसवाल को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आशा है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों, सिद्धांतो और संगठनात्मक अनुशासन के अनुसार कार्य करेंगे एवं ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे इनकी नियुक्ति पर निवास विधानसभा के विधायक चैनसिंह वरकड़े एवं समस्त निवास ब्लॉक कांग्रेस संगठन मे हर्ष व्याप्त है।

# सीमित संसाधन और मानसिक दबाव के बीच अस्पताल में रोजाना विवाद, कहीं सुरक्षा की मांग तो कहीं लापरवाही के आरोप

मण्डला(स्वतंत्रमत)।





विगत कई वर्षो से जिला चिकित्सालय में मरीज और डॉक्टरों के बीच विवाद की स्थिति बनती दिखाई देती है। जब अस्पताल में परिजन ईलाज के लिए अपनों को लेकर पहुंचते हैं तो वे तत्पर ईलाज के साथ शंकाओं के समाधान पर चर्चा करना चाहते हैं। ईलाज में लापरवाही तो कहीं जांच आदि के नाम पर लेट लतीफी परिजनों को आक्रोशित कर देती है और परिणाम मारपीट वाद-विवाद में बदल जाता है। इस गंभीर विषय पर अब तक न तो कोई बैठक बुलाई गई और न ही सुरक्षा संबंधी इंतजाम हो पाए हैं लिहाजा डॉक्टर के साथ स्टॉफ में भी भय बना रहता है। वहीं अस्पताल पहुंचे लोगों में भी व्यवस्था को लेकर आक्रोश देखा जाता है लोगों का कहना है कि करोड़ो रूपए हर वर्ष मरीजो की सुविधाओं को लिए सरकार दे रही हैं इसके बाद भी सटीक और सही ईलाज क्यों नही हो पा रहा है। जिला मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल जिले का सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र है जहां प्रतिदिन हजारों मरीज और उनके परिजन इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं। लेकिन लगातार बढ़ती भीड़ सीमित संसाधन और मानसिक दबाव के बीच अस्पताल में विवाद की घटनाएं चिंता का विषय बनती जा रही हैं। अस्पताल का वातावरण अत्यंत संवेदनशील होता है। मरीज पीड़ा और असहजता की स्थिति में रहते हैं वहीं उनके परिजन चिंता और भय से घिरे रहते हैं। दूसरी ओर डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी अत्यधिक कार्यभार संसाधनों की कमी और लगातार दबाव में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे हालात में छोटी-छोटी बातों पर तनाव और विवाद उत्पन्न होना स्वाभाविक हो जाता है जो कई बार गंभीर रूप ले लेता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों और सामाजिक प्रबुद्धजनों का मानना है कि जब अस्पताल जैसे स्थानों पर विवाद होते हैं तो उसका प्रभाव केवल संबंधित व्यक्तियों तक सीमित नहीं रहता बल्कि पूरे अस्पताल की कार्यप्रणाली अनुशासन और आम जनता के विश्वास पर प्रतिकूल असर पड़ता है। वर्तमान व्यवस्था में विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर पुलिस प्राय: घटना के बाद पहुंचती है। जबकि आवश्यकता इस बात की है कि विवाद को उत्पन्न होने से पहले ही रोका जाए। विशेषज्ञों का कहना है कि अस्पताल परिसर में स्थायी एवं प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था होने से तनावपूर्ण परिस्थितियों को प्रारंभिक स्तर पर ही नियंत्रित किया जा सकता है। इस पृष्ठभूमि में यह स्पष्ट होता जा रहा है कि अस्पतालों में मजबूत और स्थायी सुरक्षा व्यवस्था अब विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता बन चुकी है। यदि अस्पताल परिसर में 24 घंटे सतत निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित हो तो न केवल विवादों में कमी आएगी बल्कि डॉक्टरों स्वास्थ्यकर्मियों और मरीजों सभी को सुरक्षित वातावरण मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया तो यह कदम डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ मरीजों और उनके परिजनों को भी सुरक्षित शांत और विश्वासपूर्ण वातावरण प्रदान करेगा। वहीं संबंध में कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉक्टर अशोक मर्सकोले का कहना है कि मंडला में 2 दो बटालियन कंपनी है और जिला अस्पताल में रोज हजारों लोगों का आना जाना होता है जिसमे अलग अलग मन: स्थिति में मरीज और उसके परिजन होते हैं डॉ और उनका स्टाफ भी ओवरलोड प्रेशर का शिकार होता है ऐसे में विवाद की संभावना बहुत अधिक बनी रहती है जो बीच बीच में होता रहता है डॉ. अशोक मर्सकोले ने बताया है कि मैं कई सालों से एक ही बात कह रहा हूं की अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त होना जरूरी है जो बटालियन के माध्यम 35 वीं बटालियन या सीआईएसएफ बटालियन सुरक्षा के 4-4 जवान की 3 शिफ्ट की ड्यूटी से पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था बनी रहेगी जिसमे जवानों की ड्यूटी उपस्थिति से विवाद को आसानी से समाप्त किया जा सकता है मरीजों और उनके परिजनों की मन: स्थिति भी ऐसी होती है कि छोटी मोटी बातों में विवाद बढ़ जाता है जो बड़ा रूप ले लेता है जो कि कई बार विवाद से अस्पताल का माहौल खराब हुआ है मैंने खुद ने भी कई सालों तक सेवा दी है और बिना कुछ किए विवाद का शिकार भी बना हूं जो बहुत ही कष्ट दायक स्थिति होता है मेरा स्पष्ट मानना है कि बटालियन सुरक्षा ही समाधान है इस सम्बंध में मैंने कई बार प्रशासन को अवगत भी कराया है पर उनकी समझ इस ओर नहीं जो की मेरे समझ से परे है मेरे इस प्रस्ताव को जिला प्रशासन संज्ञान में लें।

## राजुल बने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष

मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन उपरांत प्रदेश कांग्रेस कमेटी जीतू पटवारी द्वारा जिलों के अंतर्गत के नवीन अध्यक्षों की नियुक्ति की गई जिसमें नारायणगंज ब्लॉक के एडवोकेट राजुल



ज्योतिषी को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कमान सौंपी गई। आशा है भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीति सिद्धांत और संगठनात्मक अनुशासन के अनुसार कार्य करेंगे ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने की बेहतर भूमिका निभाएंगे इनकी नियुक्ति पर निवास विधानसभा के विधायक चैनसिंह वरकड़े, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक मर्सकोले, जिला उपाध्यक्ष मांगनलाल सोनी, मल्लू मरावी, जिला उपाध्यक्ष रघुनंदन विश्वकर्मा, रघुनंदन सोनी, गणेश पाठक, चंद्रशेखर तिवारी, विधानसभा अध्यक्ष रितेश सोनी, रमेश विश्वकर्मा, राजू मरावी, नूर अहमद खान, भाव सिंह, मंडल अध्यक्ष विपिन सोनी, पन्नालाल, मंडल अध्यक्ष सुनील मलगाम, मंडल अध्यक्ष नरेश सोनी, भूपेंद्र वरकड़े जिला पंचायत सदस्य, प्यारी बाई गोठरिया, मुकेश सोनी, बलराम साहू, गुना सिंगरौरे,हिरदेश साहू, प्रिंस अग्रवाल, राजकुमार टेकाम सरपंच, प्रेमसिंह मार्को, सुरेंद्र सोनी, सुरेश यादव, विकास अग्रवाल, वसीम खान, मुबारक खान,बसंत चक्रवर्ती, हनुमत चक्रवर्ती, कमल चक्रवर्ती, संतोष बर्मन, संदीप सोनी, विपिन सोनी, रुपेश अग्रवाल, राजाराम, सुरेंद्र सिंगरौरे, तामेश्वर बैरागी, उदय वरकड़े सहित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## अवैध शराब ठिकानों पर आबकारी की दबिश



मण्डला(स्वतंत्रमत)। कलेक्टर के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही करने ग्राम तिंदनी में दबिश दी गई जिसमें शिकायतकर्ता महिलाओं की उपस्थिति में उनके बताए अनुसार मदिरा विक्रय करने वाले संदिग्ध स्थलों घरों की तलाशी विधिवत ली गई जिसमें मदिरा विक्रय से संबंधित अवैध सामग्री नहीं मिलने पर पंचनामा बनाया एवं ग्राम आमाटोला से दो होटल से 21 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब एवं 10 डिब्बा महुआ लाहन लगभग 100 किलो बरामद कर जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया। इसी प्रकार ग्राम कौरगांव से जनसुनवाई में प्राप्त मदिरा का अवैध विक्रय की शिकायत पर जांच करने सायं दबिश की कार्यवाही की गई जिसमें शिकायतकर्ता महिलाओं की उपस्थिति में उनके द्वारा बताए गए नाम की विधिवत तलाशी ली गई जिसमें अवैध मदिरा नहीं पाए जाने पर विधिवत तलाशी पंचनामा बनाया गया एवं महिलाओं की उपस्थिति में पंचनामा तैयार किया गया। एक प्रकरण पुरवा ग्राम में कायम किया जिसमें मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किये जिसमें 5.25 लीटर विदेशी मदिरा जप्त किया जप्त मदिरा की अनुमानित कीमत 21150 रू है कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## सुधार गृह में बांटी भागवत गीता



मण्डला(स्वतंत्रमत)। जिला सुधार गृह एवं बंदीग्रह में वरिष्ठ समाज सेवियों के द्वारा श्रीमद्भागवत गीता का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी उमा यादव ने बंदीजनों को गीता के महत्व और उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गीता के उपदेशों का पालन करके हम अपने जीवन में परिवर्तन ला सकते हैं और अपने परिवार के प्रति जिम्मेदारियों को पूरा कर सकते हैं जेल अधीक्षक संजय सहलाम ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि गीता के उपदेशों का पालन करके हम अपने जीवन को सुधार सकते हैं और समाज में एक अच्छा नागरिक बन सकते हैं। इस कार्यक्रम में समाजसेवी शीतला वैष्णव, योगेश टेमरे, होटल नर्मदाइन से स्वाति जैन, शिरीष तिवारी गीता साहू एवं होटल नर्मदा इन के संचालक अनिरुद्ध तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार यादव ने किया।

## नैनपुर में 24 को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

मण्डला(स्वतंत्रमत)

स्वस्थ्य नगर अभियान के अंतर्गत आगामी



24 दिसंबर को नैनपुर नगर में आयोजित किए जाने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर को लेकर नगर में जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में नगर के विभिन्न वार्डों में हर घर पंपलेट वितरण कर नागरिकों को स्वास्थ्य शिविर की जानकारी दी गई तथा शिविर से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। पंकज कुमार सोनी ने बताया है कि प्रचार अभियान के दौरान वार्ड नंबर 7 ईटका, वार्ड नंबर 14 शांति नगर एवं वार्ड नंबर 1 में सहयोगियों के साथ घर-घर जाकर नागरिकों से संपर्क किया गया। टीम ने लोगों को बताया कि यह शिविर पूरी तरह नि:शुल्क है और इसका उद्देश्य नगरवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। प्रचार के दौरान नागरिकों को यह जानकारी दी गई कि शिविर में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ साथ आवश्यक परामर्श भी उपलब्ध रहेगा जिससे समय रहते बीमारियों की पहचान हो सकेगी और उचित उपचार की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकेगा। टीम ने लोगों से अपील की कि वे इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ लें और अपने परिवार के सदस्यों को भी इसमें शामिल करें इस जनसंपर्क अभियान में बीएसवीपी की टीम भी सक्रिय रूप से साथ रही जिनके सहयोग से प्रचार कार्य सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

## रैली-आमसभा निगरानी दल गठित

मण्डला(स्वतंत्रमत)। नगरपालिका उप निर्वाचन 2025 के अंतर्गत नगरपालिका परिषद मंडला के वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद पद के उप निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा की जाने वाली रैली आमसभा आदि की निगरानी के लिए निगरानी दल का गठन किया गया है। नगरपालिका मंडला के वार्ड क्रमांक 8 के लिए वीएसटी दल के लिए सहायक कोषालय अधिकारी नोखेलाल मर्सकोले तथा एफएसटी एवं एसएसटी दल के लिए नायब तहसीलदार रामसिंह उलाड़ी प्रभारी अधिकारी बनाए गए हैं। वीडियोग्राफी के संबंध में दिए गए निर्देशों को पालन करते हुए निकाय के अंतर्गत प्रत्येक संवेदनशील घटनाओं और सार्वजनिक रैलियों सभाओं की सतत निगरानी करेगा व आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित करावेगा। यह दल आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक संवेदनशील घटनाओं और सार्वजनिक रैलियों सभाओं की वीडियोग्राफी, फोटोग्राफ्स आदि लेकर प्रभारी अधिकारी को प्रस्तुत करेगा। जिसका परीक्षण अवलोकन किया जाकर वीडियो अवलोकन द्वारा व्यय के अनुमान के लिए संबंधित अभिलेखों सहित अपना प्रतिवेदन निकाय क्षेत्र के व्यय लेखा टीम के प्रभारी अधिकारी को प्रस्तुत करेगा।

## शराबी शिक्षक का वीडियो वायरल

मण्डला(स्वतंत्रमत)। जिले में शिक्षा व्यवस्था को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। यहां एक प्राथमिक शाला के शिक्षक का शराब के नशे में बच्चों को पढ़ाने का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में शिक्षक न सिर्फ शराब पीए हुए नजर आ रहे हैं बल्कि बच्चों को पढ़ाने के बजाय उन्हें फिल्मी गाने सिखाते दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो जिले की ग्राम पंचायत अहमदपुर के ग्वारीटोला प्राथमिक शाला का है। वीडियो में दिख रहे शिक्षक का नाम महेश कुमार गोठरिया बताया जा रहा है। कक्षा के अंदर शिक्षक का व्यवहार देख अभिभावकों और ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि ऐसे शिक्षक बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि जब शिक्षक से शराब पीकर पढ़ाने को लेकर



सवाल किया गया तो उन्होंने बेपरवाह जवाब देते हुए कहा कि मैं बिना शराब पिए पढ़ा नहीं सकता बिना पिए मेरा दिमाग गोल हो जाता है। शिक्षक के इस बयान ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस पूरे मामले के सामने आने के बाद शिक्षा विभाग की लापरवाही उजागर हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी शिक्षक के व्यवहार को लेकर शिकायतें की गई थीं लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब वीडियो सामने आने के बाद विभाग पर सख्त कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है। फिलहाल वीडियो के वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग मामले की जांच की बात कह रहा है। वहीं ग्रामीणों और अभिभावकों ने मांग की है कि दोषी शिक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

# सब्जी मंडी की व्यवस्था यथावत

## मुख्य मार्गो से हटाया प्रशासन ने अतिक्रमण

नैनपुर (स्वतंत्र मत)





लगातार हो रही रही घटना दुर्घटनाओं एंव जनशिकायत को ध्यान में रखते कलेक्टर मंडला सोमेश मिश्रा के निर्देशन में एसडीएम नैनपुर आषुतोष महादेव सिंह ठाकुर, तहसीलदार हरी सिंह धुर्वे एंव सीएमओ एल एस सारस के द्वारा पुलिस प्रशासन के सहयोग से संयुक्त कार्यवाही करते मंडला सिवनी मुख्य मार्ग एंव बस स्टैंड पहुंच मार्ग सहित बांसुरी वादन चोक से माता दी चोक तक फेले अनाधिकृत अतिक्रमण को हटाया गया वहीं ठेला गुमठियों पर कार्रवाई की गई। जानकारी अनुसार तहसीलदार हरी सिंह धुर्वे के द्वारा निर्धारित स्थान से अधिक क्षेत्र में फेली दुकान समग्री को हटवाकर लगायें गये पाल पर्दे निकलवायें गये इस प्रशासनिक कार्रवाई को देखते हुए व्यापारियों के द्वारा भी अपनी समग्री निर्धारित व्यव्साईक स्थल पर रखते सहयोग किया गया। जबकि कुछ ठेला गुमठयों संचालकों के द्वारा विरोध जताया गया। इसी दौरान कुछ अतिक्रमण कर्ताओ ने कार्रवाई के डर से अपनी दुकान बंद कर नो दो ग्यारह हो गये जिससे कार्यवाही नहीं हो सकी।

### प्रशासन की कार्यवाही से आमजनों में हर्ष

एसडीएम के मार्गदर्शन में राजस्व अधिकारी हरी सिंह धुर्वे के द्वारा सड़कों में फेले अतिक्रमण को हटाया गया जिससे आम उपभोक्ताओ राहगीर महिला पुरुषो के द्वारा कार्यवाही पर खुशी जाहिर करते स्थानीय प्रशासन को धन्यवाद दिया गया। परंतु बुधवारी बाजार सब्जी मंडी की दुर्गति पर स्थानीय प्रशासन की अनदेखी अनेक प्रश्न चिन्ह लगा रही है। वहीं लोगों के द्वारा रूपये कमाने की नियत से बाजार ठेकेदार द्वारा की जा रही मनमानी पर भी आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। कुछ सब्जी विक्रेताओं के द्वारा भी अपनी आर्थिक स्थिति बिगड़ती देख व्यवस्था न बनाने को लेकर नगरपालिका द्वारा बाजार ठेकेदार को संरक्षण दिया जाना बताया जा रहा है।

### निर्धारित सब्जी दुकानो के चबुतरो पर बनी गोदाम

नगरपालिका परिषद के द्वारा वर्ष 2010 के पूर्व लाखो रूपये खर्च कर फुटकर सब्जी दुकान लगाने हेतु चबूतरों का निर्माण किया गया था । जिनपर आज कुछ बड़े व्यापारियों द्वारा गोदाम बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया है जो हमेशा बन्द पड़ी रहती है जिसके कारण कुछ नियमित दुकान दारो का व्यापार प्रभावित होता आ रहा है। इसके अलावा फुटकर सब्जी दुकान दारो के लिए बनाए गये इन चबूतरों पर अन्य मदों की दुकान भी संचालित की जा रही है?। जिनको ठेकेदार द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है। ज्ञात हो मध्यप्रदेश शासन के द्वारा 7/2 फुटकर बाजार लगाने के लिए नगरपालिका को भूखंड आबंटित किया गया है जिसपर प्रशासनिक अनदेखी पर पक्के निर्माण कर सटरयूक्य बना ली गई है जो नियम विरुद्ध व अपराध की श्रेणी में आता है जो जनहित में कार्यवाही की जाना उपयूक्त है।

## छात्रों को कराया औद्योगिक भ्रमण

मण्डला(स्वतंत्रमत)। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड प्लांट के उपमहा प्रबंधक एसएस वाजपेई ने उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वे अपने जीवन को सुरक्षित रखने के लिए जानकारी प्राप्त करें इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जानकारी देते हुए कहां की हर छात्र अपने जीवन में विद्यार्जन करें जानकारी प्राप्त करें तथा जीवन की सुरक्षा के लिए हर समय तैयार रहे इस अवसर पर इस अवसर पर प्लांट अधीक्षक नितिन विनवर सहायक प्रबंधक आकाश साहू उप संयंत्र अधीक्षक इंद्रेश पटेल सभी अधिकारियों ने शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत अपर परियोजना संचालक राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार व्यवसाय शिक्षा के अंतर्गत सुरक्षा ट्रेड के छात्रों कोऔद्योगिक भ्रमण कराया गया इसके अंतर्गत मध्य प्रदेश के सबसे बड़े प्लांट इंडियन ऑयल गैस कंपनी का शैक्षणिक भ्रमण जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त के निर्देशन में भ्रमण कराया गया जिसका मार्गदर्शन श्रीमती कल्पना नामदेव प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय के द्वारा किया गया।

संपादकीय

# आरोप नहीं तो आरोपी कैसे?

'नेशनल हेराल्ड केस' में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आरोप-पत्र का संज्ञान लेने से इंकार कर दिया। आरोप-पत्र प्रवर्तन निदेशालय ने दाखिल किया था। सालों की जांच-पड़ताल, साक्ष्यों के संग्रह और आरोपितों से सवाल-जवाब के बाद यह आरोप-पत्र तैयार किया गया था। अदालत का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज किए बिना किसी आरोप-पत्र पर संज्ञान लेना संभव नहीं है, क्योंकि पूरी जांच एक निजी शिकायत के आधार पर की गई है। वह निजी शिकायत 2012 में डॉ. सुब्रह्मण्यम स्वामी ने दर्ज कराई थी। यदि यह तर्क उचित है, तो इतने लंबे सालों तक सरकारी जांच एजेंसियां जांच क्यों करती रहीं?

गौरतलब यह है कि 2019 में 'धनशोधन निवारण अधिनियम 2002' में यह संशोधन किया गया था कि जांच एजेंसी निजी शिकायत के आधार पर भी मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच कर सकती है, लिहाजा वह अदालत में आरोप-पत्र भी दाखिल कर सकती है। इसी आधार पर ईडी उच्च न्यायालय में चुनौती दे सकता है, लेकिन निचली अदालत ने केस के मेरिट पर कोई टिप्पणी नहीं की और जांच को जारी रखने के आदेश दिए। बेशक सोनिया-राहुल गांधी के लिए फिलहाल एक बड़ी राहत है, क्योंकि अदालत में आरोप तय नहीं होंगे, तो केस कैसे चलेगा? अंततः यह केस किसी भी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच पाएगा। 'नेशनल हेराल्ड केस' गांधी परिवार और कांग्रेस के लिए बेहद संवेदनशील है, क्योंकि उसे 2000 करोड़ रुपए के घपले के तौर पर चित्रित किया जाता रहा है। 2000 करोड़ रुपए का आरोप न तो ईडी का है और न ही किसी अदालत में साबित हुआ है। ईडी ने भी करीब 900 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त की हैं और केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने इसे 359 करोड़ रुपए की गड़बड़ी का मामला बताया था। तो फिर 2000 करोड़ रुपए का आंकड़ा कहां से उदित हुआ है? 'नेशनल हेराल्ड' अखबार 1938 में जवाहर लाल नेहरू ने शुरू किया था। 'एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड' (एजेएल) कंपनी बनाई गई थी। उसे 'आजादी का मुखपत्र' बनाने की कोशिशें थीं। मौजूदा संदर्भ में एजेएल के तमाम शेयर 'यंग इंडियन लिमिटेड' को हस्तांतरित कर दिए गए थे, जिसके 38-38 फीसदी शेयर सोनिया-राहुल गांधी के नाम हैं। इस मामले की जांच ईडी 2014 से कर रहा था।

सवाल है कि आरोप-पत्र के बिना गांधी परिवार 'आरोपित' कैसे करार दिया गया और जमानत किस आधार पर दी गई? कोई तो वजह होनी चाहिए कि जिसके आधार पर किसी को घोटाले का आरोपी कहा जाए? अब ऐसे सवाल नए सिरे से उठेंगे। आयकर, सीबीआई, ईडी सभी प्रमुख जांच एजेंसियां जांच कर चुकी हैं। उनके बावजूद दिल्ली पुलिस की 'आर्थिक अपराध शाखा' ने बीती 3 अक्टूबर को आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार की धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की है। तो इससे पहले की जांच एजेंसियों के तात्कालिक निष्कर्ष किन कानूनी धाराओं के तहत थे? नतीजतन अब राजनीति शुरू हो गई है। कांग्रेस इसे राजनीतिक दुर्भावना, दुष्प्रचार करने और गांधी परिवार पर कानूनी दबाव बनाए रखने का मामला बता रही है। वह इसे राजनीतिक रंजिश का केस बताती है। उसका कहना है कि मोदी सरकार उन लोगों को सहन नहीं करती है, जो उसकी जनविरोधी नीतियों की खिलाफत करते हैं।

# अमीरी की जीवनशैली, प्रदूषण का बोझ और गरीब की त्रासदी



ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली आज जिस घातक पर्यावरण संकट से गुजर रही है, वह केवल एक शहर की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश के लिये चेतावनी है। विडंबना यह है कि इस संकट के नाम पर जो तात्कालिक उपाय लागू किए जाते हैं, उनका सबसे बड़ा खामियाजा वही तबका भुगतता है, जिसकी इसमें सबसे कम भूमिका होती है- गरीब और श्रमिक वर्ग। इसी पीड़ा को शब्द देते हुए सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि अमीरों की जीवनशैली से पैदा हुई मुश्किलों का सामना गरीबों को करना पड़ता है। यह टिप्पणी न केवल कानूनी दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक और नैतिक चेतना को झकझोरने वाली भी है। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने यह मर्मस्पर्शी टिप्पणी की। वरिष्ठ अधिवक्ता और न्यायमित्र अपराजिता सिंह की दलीलों पर गौर करते हुए अदालत ने स्पष्ट कहा कि ग्रैप-4 जैसी सख्त पाबंदियों का सबसे ज्यादा असर गरीबों पर पड़ता है। निर्माण कार्य रुकते हैं, दिहाड़ी मजदूरों की रोजी-रोटी ठप हो जाती है, जबकि प्रदूषण पैदा करने वाली जीवनशैली में शामिल संपन्न तबके पर अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ता। मुख्य न्यायाधीश ने साफ शब्दों में कहा कि समस्या की जड़ अमीरों की जीवनशैली है और समाधान भी वहीं से शुरू होना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अदालत ऐसे प्रभावी और लागू करने योग्य आदेश पारित करेगी, जिन्हें जरूरत पड़ने पर सख्ती से लागू भी किया जा सकेगा।

जस्टिस सूर्यकांत का कहना था कि महानगरों में लोगों की अपनी अलग जीवनशैली होती है, जिन्हें वे बदलना नहीं चाहते। यही वजह है कि समस्या अमीरी की वजह से होती है, लेकिन झेलना गरीब को पड़ता है। दरअसल, अदालत की सोच रही है कि हमारा परिवेश-पर्यावरण साफ-सुथरा रहे, इसके लिये हम सबको अपने कुछ सुखों का त्याग करना होगा, अपने जीवन को पर्यावरण के अनुकूल ढालना होगा एवं प्रकृति-एवं पर्यावरण के प्रति सकारात्मक रवैया अपना होगा। यह जानते हुए कि पर्यावरण पर आने वाले संकट व प्रदूषित हवा का अमीर-गरीब पर समान असर पड़ता है फिर भी अमीर लोग इससे बेपरवाह रहते हैं। निस्संदेह, शीर्ष अदालत ने समाज की दुखती रग पर हाथ रखा है। चौड़ी होती सड़कें, नए फ्लाईओवर और हाईवे बनने के बावजूद जाम और प्रदूषण कम नहीं हो रहे। कारण साफ है निजी वाहनों का बेहिसाब इस्तेमाल। एक व्यक्ति, एक कार का चलन न केवल सड़क की जगह घेरता है, बल्कि कार्बन उत्सर्जन को भी कई गुना बढ़ाता है। कभी ऑड-इवन जैसी योजनाओं पर चर्चा हुई, कार-पूलिंग की बात चली, लेकिन सार्वजनिक परिवहन को सस्ता, सुगम और भरोसेमंद बनाने की इच्छाशक्ति लगातार कमजोर रही।



आज एसी, कूलर और अन्य वातानुकूलन साधनों का बढ़ता उपयोग भी पर्यावरण संकट को गहराता जा रहा है। इससे बिजली की खपत बढ़ती है, तापमान में वृद्धि होती है और अप्रत्यक्ष रूप से प्रदूषण का दायरा फैलता है। उद्योगों में भी पर्यावरणीय नियमों का ईमानदार पालन नहीं होता। जल संकट इसका एक और क्रूर उदाहरण है-जहां झुग्गी-बस्तियों में पीने के पानी की किल्लत है, वहीं पॉश कॉलोनियों में लॉन सींचे जाते हैं, कारें धुलती हैं और स्विमिंग पूल भरे रहते हैं। कुदरत ने हवा, पानी और संसाधन सभी के लिये दिए हैं, लेकिन अमीरी के असमान दखल ने इनके वितरण को अन्यायपूर्ण बना दिया है। राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप तो करते हैं, लेकिन ठोस और दीर्घकालिक समाधान सामने नहीं आते।

अब समय आ गया है कि सरकार और जनता- दोनों अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाएं। सरकार को सार्वजनिक परिवहन को मजबूत, सस्ता और आकर्षक बनाना होगा, उद्योगों पर पर्यावरणीय नियमों का कड़ाई से पालन कराना होगा और शहरी विकास की नीतियों को पर्यावरण-संवेदनशील बनाना होगा। वहीं जनता को भी अपनी जीवनशैली पर पुनर्विचार करना होगा- अनावश्यक वाहन उपयोग से बचना, ऊर्जा की खपत कम करना, एसी और अन्य सुविधाओं का संयमित इस्तेमाल करना और साझा संसाधनों के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाना होगा। विडंबना यह है कि सत्ताधीशों ने दिल्ली में सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट को सशक्त करने को प्राथमिकता नहीं दी। यदि सार्वजनिक परिवहन सस्ता व सहज उपलब्ध होता तो शायद सड़कों पर कारों का दबाव कम होता। हाल के दिनों में संपन्न व मध्यम वर्ग में एसी व अन्य वातानुकूलन उपायों के उपयोग का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। इससे जहां प्रदूषण बढ़ाने वाली बिजली की खपत बढ़ी है, वहीं बाहर का तापमान व कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ा है। इसी तरह तमाम अमीरों द्वारा संचालित उद्योगों में उन उपायों का ईमानदारी से पालन नहीं किया गया जो पर्यावरण में प्रदूषण कम करने में सहायक होते हैं।

सरकारों की नीतिगत विफलता इस बढ़ते वायु प्रदूषण की त्रासदी का बड़ा कारण है। प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए योजनाएं तो बनती हैं, पर उनमें न तो स्थायित्व होता है, न गंभीरता। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं, निगरानी तंत्र कमजोर है, और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई नगण्य है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच जिम्मेदारी का बंटवारा अस्पष्ट है। हर साल सर्दियों में दिल्ली और उत्तर भारत के अन्य शहरों की हवा जहरीली हो जाती है, तब कुछ दिन के लिए 'आपात कदम' उठाए जाते हैं, पर जैसे ही धुंध छंटती है, सब कुछ फिर पहले जैसा हो जाता है। नीतियों में पारदर्शिता का अभाव और उद्योगपतियों का दबाव भी एक गहरी समस्या है। कोयला आधारित उद्योगों, पेट्रोलियम कंपनियों और निर्माण व्यवसाय से जुड़ी लॉबी सरकारों पर ऐसा प्रभाव बनाए रखती हैं कि कठोर कदम उठाना राजनीतिक दृष्टि से असुविधाजनक बन जाता है। स्वच्छ ऊर्जा की ओर संक्रमण को हमेशा 'महंगा विकल्प' बताकर टाला जाता है, जबकि वास्तव में यह निवेश मानव जीवन और पर्यावरण की सुरक्षा में है।

वायु प्रदूषण का संकट केवल वातावरण में धूल और धुएं का मामला नहीं है, यह आर्थिक अन्याय, राजनीतिक असंवेदनशीलता और सामाजिक उदासीनता का प्रतीक बन चुका है। जो सरकारें जनजीवन सुधारने का वादा करती हैं, वे हवा की गुणवत्ता सुधारने में विफल रही हैं। आंकड़े बताते हैं कि वायु प्रदूषण से भारत की अर्थव्यवस्था को हर साल सकल घरेलू उत्पाद का लगभग दस प्रतिशत तक का नुकसान हो रहा है। यह नुकसान केवल पैसों में नहीं, बल्कि मानव संसाधन की हानि, स्वास्थ्य पर बोझ और जीवन की गुणवत्ता में गिरावट के रूप में भी दिखाई देता है। अब समय है कि इस संकट को केवल पर्यावरणीय मुद्दा न मानकर एक सामाजिक और नैतिक चुनौती के रूप में देखा जाए। हवा का अधिकार हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, लेकिन यह अधिकार धीरे-धीरे छिनता जा रहा है। अमीरों को अपनी जीवनशैली पर संयम लाना होगा, अपने निवेशों को स्वच्छ ऊर्जा की ओर मोड़ना होगा, और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों से दूरी बनानी होगी। सरकारों को सख्त नीति बनानी चाहिए, जो न केवल प्रदूषण फैलाने वालों को दंडित करे बल्कि स्वच्छ प्रौद्योगिकी अपनाने वालों को प्रोत्साहन दे।

वायु प्रदूषण एक सामूहिक अपराध बन गया है जिसमें अपराधी कम और पीड़ित अधिक हैं। अब यह वक्त है जब विकास की परिभाषा में स्वच्छ हवा और सुरक्षित वातावरण को सबसे ऊपर रखा जाए। सरकारें यदि सचमुच राष्ट्र की समृद्धि चाहती हैं, नया भारत-विकसित भारत बनाना चाहती है तो उन्हें सांसों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। अमीर तबके को भी यह समझना होगा कि जिस हवा को वे अपने निवेशों से दूषित कर रहे हैं, वह अंततः उन्हीं की अगली पीढ़ियों की सांसों को रोक देगी। वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण को लेकर किसी किस्म की उदासीनता देश और मानवता के साथ अन्याय होगा। अमीरी होना कोई अपराध नहीं, लेकिन अमीरी की कीमत अगर गरीब चुकाए, तो वह सभ्य समाज की हार है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी और सोच हमें यही संदेश देती है कि स्वच्छ पर्यावरण के लिये कुछ सुखों का त्याग अनिवार्य है। यदि आज हमने अपनी आदतें नहीं बदलीं, तो आने वाली पीढ़ियों को हम केवल प्रदूषित हवा, सूखते जलस्रोत और असमानता की विरासत ही सौंप पाएंगे।

# संस्कृत साहित्य के आराधक स्मृति शेषः आचार्यश्री डॉ.कृष्णकांत चतुर्वेदी



डॉ.मुकुल तिवारी
पूर्व प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष - रसायन शास्त्र

मध्यप्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर में जब भी कभी संस्कृत के विद्वानों पर चर्चा होती तो मेरे ख्याल से सबसे पहला नाम आचार्यश्री कृष्णकांत चतुर्वेदी जी का आता है।आचार्यश्री कृष्णकांत चतुर्वेदी जी का जन्म जबलपुर में ही छोटे फुहारा स्थित निवास पर 19 दिसम्बर 1937 को हुआ था। बाल्यकाल जबलपुर में बीता किंतु बचपन में ही परिवारजनों के साथ वृन्दावन चले गये किशोरावस्था तक वृंदावन में ही रहे जिससे डॉ.कृष्णकांत चतुर्वेदी जी बृज की रज में बचपन से ही रंग गये थे, बृज में,मथुरा वृन्दावन में किशोरावस्था तक रहे वृंदावन में हरिदास स्वामी के सखि सम्प्रदाय से बचपन में ही दीक्षित हो गये ।बी.ए. की पढाई मथुरा से ही पूर्ण की यही वजह ही कि राधाकृष्ण युगल जोड़ी के अनुयायी आराधक बनें। राधाकृष्ण की भक्ति से ही ईश्वर नें शायद श्रीमदभगवत गीता के साथ साथ संस्कृत साहित्य का आराधक आचार्यश्री डॉ.कृष्णकांत चतुर्वेदी जी को बना दिया ।संस्कृत साहित्य से एम.ए.- प्रांत में स्वर्ण पदक तथा पी.एच.डी. उपाधि जबलपुर विश्वविद्यालय से उत्कृष्टता के साथ प्राप्त की थी। आचार्यश्री कृष्णकांत चतुर्वेदी जी संस्कृत शिक्षा अध्यापन के क्षेत्र में अग्रणी रहे। मध्यप्रदेश के तत्कालीन जबलपुर विश्वविद्यालय, वर्तमान रानी दुर्गावती जबलपुर में वर्षों तक आचार्य, प्राध्यापक विभागाध्यक्ष, संकाय अध्यक्ष आदि अनेक प्रशासनिक पदों को आपने सफलता पूर्वक सुशोभित किया साथ ही विद्यार्थीयों के हित में कई नवीन योजनाओं को भी संचालित किया ।आप रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर एवं अन्य शोध संस्थाओं में सफलता पूर्वक शोधकार्य का निर्देशन भी करते रहते थे।आपके अनेक विद्यार्थी- शोधार्थी अध्यापन के साथ साथ देश विदेश में विभिन्न पदों को सुशोभित कर रहें हैं। आप कालिदास अकादमी उज्जैन,म.प्र.के निर्देशक भी रहे। आपके निर्देशन में कालिदास अकादमी उज्जैन को एक नया स्वरूप प्राप्त हुआ। उज्जैन में राष्ट्रीय स्तर पर कालिदास समारोह मनाये जानें के सिलसिले में आपका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उज्जैन के सांदीपनी आश्रम के साथ ही अनेक संस्थाओं में हितकारी कार्यों एवं कार्यक्रमों से भी आप वर्षों सम्बद्ध रहे।

अनेक विदेश यात्राओं में आपने अपने ज्ञान विज्ञान का परचम फैलाया,विभिन्न शोध पत्रों के माध्यम से देश विदेश में आपने भारतीय संस्कृति एवं भारतीय ज्ञान परम्परा का संवहन भी किया ।संस्कृत,प्रकृत,पाली हिंदी, बुंदेली,अंग्रेजी के साथ ही बहुविषयक विद्वान डॉ.कृष्णकांत चतुर्वेदी जी को कहा जाये तो अतिशयोक्ति न होगा। कक्षा में विषयगत अध्यापन के साथ साथ विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास की ओर ध्यान देना आपका स्वाभव था ।आप संस्कृत को वेद भाषा के साथ साथ वैज्ञानिक भाषा भी मानते थे। आपका कहना था कि संस्कृत व्याकरण एवं संस्कृत के श्लोकों ऋचाओं के सूत्रों को कंठ में स्मृति के आधार पर बैठा दिया जाये तो संस्कृत सरल साध्य हो जाती है ।हमारी संस्कृति,ज्ञान परम्परा, वेद, पुराण, शास्त्र सभी संस्कृत भाषा पर ही आधारित हैं ।संस्कृत तो देववाणी है,जन जन को संस्कृति एवं संस्कृत भाषा का ज्ञान आवश्यक होना चाहिये।



जन्म दिवस विशेष

आचार्यश्री कृष्णकांत चतुर्वेदी जी कुशल वक्ता थे दो चार घंटा बहुत ही सरलता से बिना थके बहुत ही ऊर्जा के साथ धारा प्रवाह अपने विषय की प्रस्तुति बहुत ही सरलता से संस्कृत, हिंदी स्थानीय बोली अथवा अंग्रेजी भाषा में रोचक सटीक तथ्यों उदाहरणों, श्लोको, लोकोक्तियों, मुहावरों के साथ सारगर्भित ढँग से देते थे श्रोता उबते नहीं थे वरन श्रोता मंत्र मुग्ध होकर सुनते भी थे। मुझे भी कई बार अभिव्यक्ति सुनने तथा सानिध्य लाभ का सुअवसर मिला है अतः मैं तो दृढ़निश्चय के साथ कह ही सकती हूँ ।आपके विविध विषयों पर तथ्य परक आलेख पत्र पत्रिकाओं, स्मारिकाओं, शोधपत्रों, समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते थे ।आपकी कृष्ण विलास कृति सहित अनेक पुस्तकों का प्रकाशन भी हुआ ।श्रीमदभगवत गीता एवं श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ के अनुयायी थे। आकाशवाणी जबलपुर एवं अन्य प्रसार माध्यम से आपकी अभिव्यक्ति का प्रसारण भी समय समय पर होता रहता था ।आपको विभिन्न संस्थाओं के द्वारा अनेंक पुरुस्कारों,सम्मान पत्रों,प्रतीक चिन्हों, प्रशस्ति पत्रों से सम्मानित भी किया गया ।भारत के सम्माननीय राष्ट्रपति के.आर.नारायणम् द्वारा प्राध्यपकीय राष्ट्रीय पुरुस्कार भी प्राप्त हुआ। आपने वर्तमान चलभाष की विविध नई तकनीकी को भी सरलता से आत्मसात् किया। बड़े बड़े भव्य मंचों के समान ही गूगल मीट,जूम मिट , स्टीमयार्ड आदि के मध्यम से धारा प्रवाह उत्कृष्टता के सत्र आप अपना उद्धबोधन प्रस्तुत करते थे ।मुझे कई बार कार्यक्रम संचालन करते समय अनुभव प्राप्त हुआ है।

श्रद्धेय आचार्यश्री डॉ. कृष्णकांत चतुर्वेदी जी विनम्र विनयशील, मृदुभाषी व्यक्तित्व थे। अपने अग्रजों का सम्मान एवं अनुजों को स्नेह प्रेम भाव के साथ वर्ताव करना,अच्छे कार्य केअवसर प्रदान करना आपका विशेष गुण था। आपका देवलोक गमन 07 जुलाई 2024 को हुआ और जिस दिन संस्कारधानी में जगन्नाथ जी की मौसी के यहाँ जानें की रथ यात्रा बड़े ही भक्ति भाव एवं धूमधाम से निकाली जा रही थी उसी दिन आपके पार्थिव शरीर की अंतिम यात्रा निकाली गई यह भी एक दैवीय संयोग था।

**(आलेख स्वारचित मौलिक सर्वाधिकार सुरक्षित)**

# हवन होने के बाद बची हुई राख का क्या करें?

दिव्यांशी भदौरिया

हिंदू धर्म में पूजा से संबंधित हर एक सामग्री का विशेष महत्व होता है और उन सभी सामग्रियों को बहुत पवित्र माना जाता है। घर में होने वाले हवन के बाद बची हुई राख को लेकर अक्सर लोगों को सही जानकारी नहीं होती। हवन एक अत्यंत पवित्र और शुभ अनुष्ठान माना जाता है, जिसमें अग्नि में डाली गई समिधा, घी और औषधीय जड़ी-बूटियां वातावरण को शुद्ध करती हैं और सकारात्मक ऊर्जा फैलाती हैं। हवन समाप्त होने के बाद बची हुई राख भी पवित्र मानी जाती है, लेकिन कई बार यह प्रश्न मन में आता है कि इसका उचित उपयोग कैसे किया जाए। क्या इसे नदी में प्रवाहित करना चाहिए या किसी और शुभ कार्य में प्रयोग किया जा सकता है? मान्यता है कि हवन की राख से किए गए कुछ ज्योतिषीय और धार्मिक उपाय जीवन में सुख-समृद्धि, शांति और सकारात्मकता बनाए रखने में सहायक होते हैं। आइए आपको बताते हैं हवन की बची हुई राख से किन उपायों को कर सकते हैं।



**मुख्य द्वार पर लटकाएं हवन की राख की पोटली**- अपने घर में सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने के लिए आपको हवन के समापन के बाद इसकी राख को घर के मुख्य द्वार पर छिड़कना चाहिए। ऐसा करने से घर को कोई भी नकारात्मक ऊर्जा दूर हो सकती है। यदि आप मुख्य द्वार पर हवन की राख को छिड़कते हैं तो मुख्य द्वार से किसी भी तरह की नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश नहीं होगी। इस उपाय के करने से घर में सदैव खुशहाली बनी रहती है और किसी बुरी शक्ति का नाश करेगी। इस राख को आप किसी भी पीले कपड़े में बांधकर मुख्य द्वार पर लटका सकते हैं।

**तिजोरी या अलमारी में रखें**- यदि आपके घर में काफी समय से आर्थिक परेशानियां बनी हुई हैं, तो हवन के बाद बची हुई राख का सही तरीके से उपयोग लाभकारी माना जाता है। हवन की राख को किसी साफ लाल कपड़े में बांधकर घर की तिजोरी या धन रखने के स्थान पर रखना शुभ माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इससे धन संबंधी बाधाएं धीरे-धीरे दूर होने लगती हैं और घर में माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। इस उपाय को अपनाने से अनावश्यक खर्चों पर भी नियंत्रण होता है और आर्थिक स्थिति में सुधार आने लगता है।

**घर के गार्डन में डालें हवन की राख**- हवन की राख को आप घर के गार्डन में यूज कर सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि ऐसे स्थान पर डालें जहां किसी का पैर नहीं पड़ता है तो ज्यादा शुभ माना जाता है। आप चाहे तो घर के बार पीपल या नीम के पेड़ के पास रख सकते हैं तो आपको इसके शुभ फल मिलेंगे।

**घर के सभी कोनों में करें छिड़काव**- अगर आपके घर में बिना वजह का तनाव, कलह-कलेश बने रहते हैं तो आप घर में हवन करने के बाद इसकी राख को घर के चारों तरफ छिड़कें। ऐसा करने से कोई भी नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और बिना वजह कलेश दूर होते हैं। इसके लिए आप एक चुटकी राख को पानी में मिलाएं और इसका छिड़काव घर के चारों तरफ करें। ऐसा करने से आपके जीवन में शांति बनी रहेगी और पारिवारिक रिश्ते मजबूत रहेंगे। शास्त्रो में बताया है कि हवन की राख को श्रद्धा के साथ माथे या गले पर लगाने से सभी रोगों में राहत मिल सकती है। हवन की राख को कूड़े में नहीं फेकना चाहिए बल्कि इसे किसी बहते हुए जल में प्रवाहित कर सकते हैं।

# मानसिकता और कार्यक्षमता को प्रभावित करती वर्चुअल मीटिंग्स

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

डिजिटल क्रांति ने कार्यदिवस के परंपरागत समय सीमा को बदलकर ही रख दिया है। कहने को तो छह या सात घंटे का कार्यदिवस होता है पर वर्चुअल युग में कर्मचारी 24 गुणा 7 के दौर में आ गया है। इससे कार्मिकों की मानसिकता और सामाजिक-इकोनोमिक ताने-बाने को भी प्रभावित किया है। एक समय था जब शीर्ष या पहली दूसरी कतार के अधिकारियों की जिम्मेदारी अधिक होती थी और उनके लिए समय सीमा नहीं होती थी पर अब तो वर्चुअल सुविधाओं के चलते दिन हो या रात रविवार हो या शनिवार कभी भी कहीं भी एक मैसेज मात्र से आपको एक्टिव होकर कैमरे के सामने आना पड़ता है। दरअसल कोरोना काल ने यह परिवर्तन दिया है। भारत सहित दुनिया के देशों में अभी भी कार्मिकों के लिए कार्यदिवस पांच या छह दिवस के हैं तो कार्यसमय भी मानने को तो सुबह 9.30 से सायं बजे 6 या दूसरे शब्दों में औसतन लगभग सात घंटे का है पर डिजिटल क्रान्ति ने सबकुछ बदल कर रख दिया है। देखा जाए तो अब असीमित कार्य दिवस का दौर आ गया है। वास्तविकता तो यह है कि डिजिटल डिवाइसों के उपयोग के बाद से कमोबेस कार्यदिवस 24 गुणा 7 हो गये हैं तो कार्य समय भी तय समय सीमा के बंधन से मुक्त हो गया है। माइक्रोसॉफ्ट द्वारा कराये गये वर्क ट्रेंड इंडेक्स स्पेशल रिपोर्ट 2025 में यह खुलासा हो गया है कि अब कार्मिक चाहे वह किसी भी स्तर का हो के लिए चाहे निजी क्षेत्र में हो या सरकारी क्षेत्र में तय समय सीमा बीते जमाने की बात हो गई है। ई-मेल, चैट, वर्चुअल या हाईब्रिड मीटिंग्स, सोशल मीडिया संदेश आदि को समग्र रुप से देखने से अब कार्मिक 24 घंटे का कार्मिक हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार सुबह छह बजे से ही व्यक्ति अपनी ई-मेल टटोलने लगता है तो सर्वाधिक प्रोडक्टिविटि का समय 11 बजे के लगभग में काम के स्थान पर ई-मेल का प्रेशर 54 प्रतिशत तक बढ़ जाता है सायं तीन बजे बाद ई-मेल, चैट या अन्य संदेशों की आवक कम होने लगती है। वैश्विक औसत की बात की जाये तो 100 से अधिक ई-मेल से दो चार होना पड़ता है कार्मिक को। हर दो मिनट में मेल, चैट या अन्य संदेश कार्मिक के कार्य में बाधा उत्पन्न करता है। इसका कारण यह होता है कि उसे काल, ई-मेल या संदेश चैक करने या उससे दो चार होना ही पड़ता है। हालात यह है कि रात को भी ई-मेल या संदेश का सिलसिला जारी रहने से अब कार्यालयीय वातावरण से दूर परिवार के व्यैयक्तिक क्षण तो कल्पना की बात होती जा रही है।



डिजिटल क्रांति के चलते मीटिंग्स खासतौर से वर्चुअल या हाईब्रिड मीटिंग्स सुविधाजनक होने के साथ ही कार्मिकों के तनाव का कारण भी बनती जा रही है। हांलाकि वैश्विक ट्रेंड के अनुसार मंगलवार को सर्वाधिक मीटिंग्स होती है इनमें खासतौर से एडहॉक मीटिंग्स अधिक होती है तो शुक्रवार को अपेक्षाकृत मीटिंग्स का दबाव कम होता है। सबसे खास बात यह कि औसतन 10 में से एक मिटिंग तो बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक तय होती है। एक और खास यह कि वर्चुअल मीटिंग्स सुविधाजनक होने और अपना संदेश संबंधित सभी तक पहुंचाने का बेहतरीन माध्यम होने के बावजूद यह तनाव का कारण तो बनता ही है इसके साथ ही गुणवत्ता पर भी प्रश्न लगाये जाने लगे हैं। इसको इस तरह से समझा जा सकता है कि दस में से एक मीटिंग लास्ट टाइम बुक की जाती है तो मीटिंग्स में प्रस्तुत होने वाले पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन में मीटिंग के दस मिनट पहले तक आंषिक बदलाव या अपडेशन होता है। यह कोई किसी एक पक्ष यानी सरकारी या गैर सरकारी प्रतिष्ठान की बात या किसी देष विशेष की बात ना होकर वैश्विक वास्तविकता है। विशेषज्ञों की माने तो अंतिम समय तक प्रजेंटेशन में बदलाव का मतलब ही यह है कि गुणवत्ता कहीं ना कही प्रभावित हो रही है। वैश्विक आंकड़े तो यही कहते हैं कि अंतिम समय में पीपीटी में अपडेशन या संशोधन में 122 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है। वर्चुअल मीटिंग का सिलसिला दरअसल कोरोना महामारी के दौर से अधिक सामने आया है और इसे समय और धन बचाने में सहायक माना जाता है पर मीटिंग्स के दौर जिस तरह से बढ़ने लगे हैं उससे कार्मिक सूचनाएं संग्रहित करने और उसमें अपने बचाव के उपाय खोजने में ही अपनी अधिकांश कार्यक्षमता व्यय कर देता है और परिणाम स्वरुप कार्य में गुणवत्ता और उत्पादकता में कमी आना स्वाभाविक माना जाने लगा है।

माइक्रोसॉफ्ट की हालिया रिपोर्ट से यह साफ हो गया है कि डिजिटल युग को देखते हुए अब कार्मिकों के कार्यदिवस को नए सिरे से रिडिजाइन करने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। इसका प्रमुख कारण कार्मिकों शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ना और सामाजिकता और वैयक्तितता पर विपरीत प्रभाव पडना प्रमुख हो जाता है। समय बेसमय मोबाइल या इसी तरह की डिवाइस पर अंगुलियां चलाने से प्रभावित हो रहे हैं। काम का दबाव, सूचनाओं के संग्रहण में ही समय जाया होने, वर्चुअल मीटिंग्स में सार्वजनिक रुप से जलालत की संभावना, आंखों में सूखापन और सामाजिक व व्यक्तिगत संबंध बाधित होना आम होता जा रहा है। इसका साइड इफेक्ट संत्रास, कुंठा, तनाव, डिप्रेशन आदि के रुप में सामने आने लगा है। इसके समाधान के लिए हांलाकि विशेषज्ञों ने फ्रंटियर फर्म की आवश्यकता प्रतिपादित की है। इसमें आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस के माध्यम से विश्लेषण की बात की जाने लगी है। पर समय की मांग और आवश्यकता यह महसूस की जाने लगी है कि वर्क कल्चर को रिडिजाइन किया जाएं। अन्यथा देर सबेर इसके नकारात्मक प्रभावों से बचना मुश्किल हो जाएगा। दरअसल यह अपने आपमें गंभीर समस्या हो गई है। इसका समाधान हर स्तर पर खोजना होगा। यह कोई कार्यालयीय समस्या, सामाजिक समस्या, मनोवैज्ञानिक समस्या या शारीरिक मानसिक समस्या ना होकर पूरे ताने-बाने को ही प्रभावित करने वाली समस्या है। ऐसे में विशेषज्ञों, गैरसरकारी संगठनों, मनोविज्ञानियों के साथ ही मानव संसाधन विशेषज्ञों और नियोक्ताओं को भी इस समस्या का समाधान खोजना होगा।

## एआई और रोबोटिक्स से गरीबी खत्म होने की उम्मीद है

# पैसे बचाने की कोई जरूरत नहीं

## मस्क के अनुसार भविष्य में पैसे की नहीं होगी जरूरत

नई दिल्ली

अरबपति एलन मस्क ने गुरुवार को कहा कि हालांकि आने वाला ट्रंप अकाउंट्स पहल एक अच्छा विचार है, लेकिन उन्हें लगता है कि यूनिवर्सल हाई इनकम के बढ़ने के कारण भविष्य में पैसे बचाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उनकी यह टिप्पणी अरबपति निवेशक रे डेलियो के %ट्रंप अकाउंट्स% के समर्थन में एक प्रतिक्रिया मानी जा रही है। यह नवजात शिशुओं और युवा अमेरिकियों के लिए इन्वेस्टमेंट अकाउंट शुरू करने की एक प्रस्तावित पहल है।



मस्क ने पहले कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स में तरक्की से आखिरकार गरीबी खत्म हो जाएगी और पारंपरिक काम की जरूरत कम हो जाएगी, जिससे बड़े पैमाने पर दौलत और फाइनेंशियल स्टेबिलिटी आएगी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि अगर एआई और रोबोटिक्स बड़े पैमाने पर प्रोडक्टिविटी में सुधार करते रहे, तो पैसा आखिरकार बेकार हो जाएगा, ठीक वैसे ही जैसे ऑक्सीजन हर जगह मिलती है।

डेल के इस कदम की तारीफ करते हुए उन्होंने एक्स पर लिखा, यह निश्चित रूप से डेल का एक अच्छा कदम है, लेकिन भविष्य में गरीबी नहीं होगी और इसलिए पैसे बचाने की कोई जरूरत नहीं होगी। सबकी इनकम बहुत ज्यादा होगी। इन दावों के बावजूद, मस्क की बातों पर सोशल मीडिया पर शक किया जा रहा है, कई यूजर्स उनकी 600 बिलियन डॉलर की नेट वर्थ और दूसरों को पैसे बचाने की सलाह न देने के बीच बड़े अंतर को बता रहे हैं। कुछ लोगों ने यह भी सवाल उठाया कि ऐसी दुनिया में प्रोडक्शन का क्या फायदा होगा जहां हर चीज मुफ्त में मिलती है।


### ट्रम्प की योजना विदेशी मूल के ज्यादा अमेरिकियों की नागरिकता रद्द करना : न्यूयॉर्क टाइम्स

वाशिंगटन, (वार्ता/स्पुतनिक)। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) के एक दस्तावेज़ का हवाला देते हुए गुरुवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का प्रशासन और ज्यादा विदेशी मूल के अमेरिकियों की नागरिकता रद्द करने की योजना बना रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, यूएससीआईएस के दिशा-निर्देशों में क्षेत्रीय कार्यालयों से कहा गया है कि वे वित्तीय वर्ष 2026 में आव्रजन अभियोग कार्यालय को प्रति माह 100-200 नागरिकता रद्द करने के मामले उपलब्ध कराएं। इस उपाय में मुख्य निशाना वे लोग होंगे जिन्होंने अवैध रूप से अमेरिकी नागरिकता प्राप्त की है। 2017 से अब तक ऐसे केवल 120 मामले दर्ज किए गए हैं। 47वें राष्ट्रपति के रूप में अपने शपथ ग्रहण समारोह के दिन, राष्ट्रपति ट्रम्प ने अवैध आप्रवासन को तत्काल रोकने और अमेरिका से बड़े पैमाने पर निर्वासन शुरू करने का संकल्प लिया था।

## प्रौद्योगिकी में निपुण, फुर्तीली, आत्मविश्वास से लबरेज और चुनौतियों के लिए तैयार है वायु सेना: राजनाथ सिंह

नयी दिल्ली (वार्ता)

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायु सेना को प्रौद्योगिकी में निपुण, अभियानों के लिए फुर्तीली और आत्मविश्वास से लबरेज भविष्य की सेना बताते हुए कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बलों ने देश की ताकत और अभियान क्षमता का बखूबी से प्रदर्शन किया। श्री सिंह ने गुरुवार को यहां वायु सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कमांडरों से ऑपरेशन सिंदूर से सबक लेते हुए भविष्य की हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की लड़ाई सिर्फ हथियारों की लड़ाई नहीं है, यह विचारों, प्रौद्योगिकी और जल्द से जल्द स्थिति के अनुरूप ढलने क्षमता की लड़ाई है। उन्होंने देशवासियों को आश्वस्त किया कि सरकार सुरक्षा व्यवस्था को और मज़बूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।



रक्षा मंत्री ने कहा , ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आर्म्ड फोर्सेज़ ने भारत की हाई-इम्पैक्ट, कम समय की ऑपरेशनल क्षमता दिखाई। वायु सेना की सराहना करते हुए उन्होंने कहा यह, टेक्नोलॉजी में एडवांस्ड, ऑपरेशन में फुर्तीली, स्ट्रेटेजिक रूप से कॉन्फिडेंट और भविष्य को ध्यान में रखने वाली फ़ोर्स है जो लगातार बदलती ग्लोबल व्यवस्था के बीच देश के हितों की रक्षा कर रही है।

श्री सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवादी कैंपों को नष्ट करने और स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान की गैर-ज़िम्मेदाराना प्रतिक्रिया को असरदार तरीके से संभालने की हिम्मत, तेज़ी और सटीकता के लिए वायु सेना की तारीफ़ की। वायु रक्षा प्रणाली क्षमता में लोगों के भरोसे पर ज़ोर देते हुए उन्होंने कहा, आमतौर पर, जब दुश्मन हमला करता है, तो लोग छिप जाते हैं। लेकिन, जब पाकिस्तानी सेना ने भारतीय ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, तो भारत के लोग शांत रहे और अपने रोज़ाना के काम करते रहे। यह हमारी परिचालन तैयारियों में प्रत्येक भारतीय के भरोसे का प्रमाण है। निर्णायक बढत बनाए रखने के लिए दुश्मन की आक्रामक और रक्षात्मक क्षमताओं को अच्छी तरह से समझने के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कमांडरों से ऑपरेशन सिंदूर से सबक लेने और भविष्य की हर चुनौती से निपटने के लिए सतर्क और तैयार रहने का आग्रह किया।

## बंगाल विश्व का नेतृत्व करेगा, फर्जी खबरें राज्य को बदनाम नहीं कर सकतीं : ममता बनर्जी



कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को राज्य की आलोचनाओं का खंडन करते हुए कहा कि बंगाल को बदनाम करने के प्रयास विफल होंगे और इसके बढ़ते आर्थिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। बनर्जी ने कहा कि कुछ लोग बंगाल को बदनाम करना चाहते हैं, लेकिन वे नहीं जानते कि राज्य कितना बदल गया है। बंगाल आज प्रमुख लॉजिस्टिक्स केंद्रों में से एक है और दक्षिण पूर्व एशिया, पूर्वी भारत और उत्तर पूर्वी राज्यों का प्रवेश द्वार है। यह झारखंड, बिहार और ओडिशा जैसे सीमावर्ती राज्यों से घिरा हुआ है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि बंगाल एक शांतिपूर्ण राज्य है और सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही कोई भी नकारात्मक बातें झूठी हैं और इनका उद्देश्य इसकी छवि खराब करना है। उन्होंने कहा कि कुछ फर्जी खबरें तथाकथित सोशल मीडिया से आती हैं, जो बंगाल को बदनाम करने के लिए वीडियो पोस्ट करते हैं या गलत सूचना फैलाते हैं। लेकिन मैं किसी भी चुनौती देती हूं, वे बंगाल को नुकसान नहीं पहुंचा सकते। बनर्जी ने राज्य की आर्थिक और शैक्षिक पहलों पर भी बात की। उन्होंने बताया कि हुगली जिले के उत्तरपारा में 350 एकड़ जमीन उमेश चौधरी को वैगन निर्माण के लिए दी जाएगी। पश्चिम बंगाल भारत का दूसरा सबसे बड़ा पर्यटन स्थल बन गया है और उन्होंने कक्षा 9 के सरकारी स्कूलों के छात्रों को प्रतिवर्ष 16 लाख साइकिलें उपलब्ध कराने के लिए सरकार के प्रयासों पर जोर दिया। धार्मिक और सांस्कृतिक परियोजनाओं पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि दुर्गांगन की आधारशिला 29 दिसंबर को राजारहाट में रखी जाएगी और सिलीगुड़ी में महाकाल मंदिर के लिए एक ट्रस्ट की स्थापना की पुष्टि की। एमएनआरईजीए का नाम बदलकर वीबी जी राम जी किए जाने पर टिप्पणी करते हुए बनर्जी ने निराशा व्यक्त की और कहा, गांधी जी राष्ट्र के बापू हैं। अगर उन्हें सम्मान नहीं दिया जाता है तो मुझे शर्म आती है, लेकिन हम उनका सम्मान करना जारी रखेंगे। बनर्जी ने नकारात्मकता की जगह सकारात्मकता को प्राथमिकता देते हुए कहा, आलोचना करने के बजाय, कभी-कभी सकारात्मक रहें। मौन एक बड़ा हथियार है, और ईर्ष्या का कोई इलाज नहीं है। हमने रोजगार के अवसर पैदा किए हैं और हम चाहते हैं कि हर व्यापारी और हर नागरिक शांतिपूर्वक जीवन जी सके।

### इजरायल, मिस्र के बीच ऐतिहासिक गैस निर्यात समझौता

काहिरा, (वार्ता)। इजरायल ने मिस्र के साथ देश के इतिहास का सबसे बड़ा गैस निर्यात समझौता किया है, जिसकी कीमत 112 बिलियन शेकेल (34.6 बिलियन डॉलर) है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा, इजरायल के प्रिय नागरिकों, आज मैंने इजरायल के इतिहास के सबसे बड़े गैस सौदे को मंजूरी दी है। यह सौदे 112 बिलियन शेकेल का है। इसमें से 58 बिलियन शेकेल (17.98 बिलियन अमेरिकी डॉलर) सरकारी खजाने में जाएंगे। अमेरिकी कंपनी शेवरॉन के साथ हुए इस सौदे में इजरायली भागीदार भी शामिल हैं और वे मिस्र को गैस की आपूर्ति करेंगे। मैंने अपनी सुरक्षा और अन्य महत्वपूर्ण हितों को सुनिश्चित करने के बाद इस सौदे को मंजूरी दी है।

## भ्रष्टाचार के पैसे से चलती है द्रमुक, उसे सत्ता से हटायेंगे : अभिनेता विजय

चेन्नई, (वार्ता)

तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के अध्यक्ष और फिल्म स्टार से नेता बने विजय ने गुरुवार को सत्ताधारी द्रविड़ मुनेत्र कषगम को भ्रष्टाचार पर चलने वाली बुरी ताकत करार देते हुए कहा कि सिर्फ उनकी पार्टी ही द्रमुक को सत्ता से हटा सकती है। श्री विजय ने इरोड के करीब सरलई में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, द्रमुक एक बुरी ताकत है जबकि टीवीके पवित्रता की ताकत है और चुनावी लड़ाई इन दोनों के बीच है। सिर्फ टीवीके ही लोगों के खिलाफ काम करने वाली द्रमुक को हरा सकती है, जो भ्रष्टाचार से जमा किये गये पैसे पर निर्भर है। उल्लेखनीय है कि 27 सितंबर को करूर में उनके कार्यक्रम में हुई भगदड़ के बाद यह उनकी दूसरी सार्वजनिक सभा थी। इससे पहले उन्होंने पुडुचेरी में भी लोगों को संबोधित किया था। करूर दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित 41 लोगों की जान चली गयी थी। दिलचस्प बात यह है कि विजय दिवंगत अन्नाद्रमुक नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता से प्रेरणा लेते नज़र आ रहे हैं। सुश्री जयललिता ने 2013 में सबसे पहले द्रमुक को बुरी ताकत कहा था और एम. करुणानिधि के नेतृत्व वाली पार्टी को इसी तरह के शब्दों में निशाना बनाना जारी रखा था। श्री विजय ने कहा, पेरियार के नाम पर लूट मत करो। तुम्हारे विपरीत, मुझे जनता का समर्थन प्राप्त है, जबकि तुम भ्रष्टाचार से जमा किये गये पैसे के समर्थन पर निर्भर हो। उल्लेखनीय है कि इरोड शहर तर्कवादी सुधारक पेरियार का जन्मस्थान है। श्री विजय ने कहा कि द्रमुक जहां उनकी राजनीतिक विरोधी है, वहीं भारतीय जनता पार्टी उनकी वैचारिक दुश्मन है। श्री विजय ने अन्नाद्रमुक और भाजपा का नाम लिये बिना कहा कि टीवीके युद्ध के मैदान में विरोधी यानी द्रमुक से लड़ रही है और जो लोग लड़ाई में नहीं हैं, उनकी उसे कोई परवाह नहीं। उन्होंने कहा, 2026 के चुनाव में हमारी लड़ाई मैदान में विरोधी से है। आपकी बातों की वजह से हम उन लोगों के बारे में बात नहीं करेंगे जो मुकाबले में हैं ही नहीं।

## पाकिस्तान के विश्वविद्यालय में क्यों पढ़ाई जा रही संस्कृत, महाभारत पर भी आएगा नया कोर्स

नई दिल्ली

पाकिस्तान में बंटवारे के बाद पहली बार वहां के किसी विश्वविद्यालय में संस्कृत का औपचारिक पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। बता दें कि लाहौर यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज ने संस्कृत का चार क्रेडिट का कोर्स शुरू किया है। दरअसल, विश्वविद्यालय का कहना है कि संस्कृत इस पूरे क्षेत्र की साझा सभ्यतागत विरासत है। इसके अकादमिक रूप से समझना जरूरी है। विश्वविद्यालय ने कहा कि संस्कृत को अकादमिक रूप से समझना जरूरी है। विश्वविद्यालय के अनुसार, पाकिस्तान में संस्कृत से जुड़े समृद्ध लेकिन उपेक्षित अकादमिक दस्तावेज मौजूद हैं। कहा जा रहा है कि पंजाब यूनिवर्सिटी की लाइब्रेरी में संस्कृत की सैकड़ों ताड़पत्र पांडुलिपियां सुरक्षित हैं। विश्वविद्यालय का मानना है कि स्थानीय स्तर पर संस्कृत पढ़ाई जाएगी, तो इन पांडुलिपियों पर शोध संभव होगा।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के इस विश्वविद्यालय में संस्कृत पढ़ाने के पीछे समाजशास्त्र के प्रोफेसर शाहिद रशीद की अहम भूमिका है। बताया जा रहा है कि इस विश्वविद्यालय में आगे चलकर महाभारत और भगवद् गीता जैसे ग्रंथों पर भी पाठ्यक्रम शुरू करने की तैयारी कर रहा है। प्रशासन का कहना है कि संस्कृत किसी एक धर्म की भाषा नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया की सांस्कृतिक धरोहर है।

## मोदी सरकार चाहती तो हमें घुटनों पर ला सकती थी, उन्होंने ऐसा करने की बजाय हमें भरपूर मदद दी

श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि मौजूदा हालात में पाकिस्तान के साथ संबंधों को सामान्य करना फिलहाल असंभव दिखाई देता है। उन्होंने आतंकवादी घटनाओं में बढ़ोतरी और इस्लामाबाद की ओर से राजनीतिक स्तर पर गंभीरता के अभाव को इसकी सबसे बड़ी वजह बताया। द इंडियन एक्सप्रेस द्वारा आयोजित 'एक्सप्रेस अड्डा' में बोलते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा कि संवाद ही किसी भी विवाद का अंतिम समाधान होता है, लेकिन बातचीत के लिए जिस अनुकूल माहौल की जरूरत होती है, वह इस समय पूरी तरह नदारद है। उन्होंने दो टूक कहा कि ऐसा माहौल बनाने की प्राथमिक जिम्मेदारी पाकिस्तान की है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पहलगाम, दिल्ली और अन्य स्थानों पर हुए हालिया आतंकी हमलों का उल्लेख करते हुए कहा कि जमीनी सच्चाई अब भी शत्रुतापूर्ण बनी हुई है। ऐसे हालात में भारत से यह अपेक्षा करना कि वह उकसावों को अनदेखा करे, व्यावहारिक नहीं है। उमर अब्दुल्ला ने कहा, जब दिल्ली विस्फोट जैसी घटनाएं होती रहेंगी, तब संबंधों के सामान्य होने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने साफ किया कि किसी भी तरह की प्रगति से पहले पाकिस्तान को सुरक्षा, आतंकवाद और विश्वास बहाली के मोर्चे पर ठोस और दिखाई देने वाली कार्रवाई करनी होगी।

एक्सप्रेस अड्डा के मंच से उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर की मौजूदा प्रशासनिक व्यवस्था पर भी तीखा सवाल उठाया। उन्होंने मुख्यमंत्री पद को शक्तिविहीन बताते हुए कहा कि एक ऐसे व्यक्ति के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, जिसने कभी देश के सबसे सशक्त राज्यों में से एक का नेतृत्व किया हो और आज वह एक ऐसे केंद्र शासित प्रदेश का मुख्यमंत्री है, जिसके पास देश के किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री की तुलना में बेहद सीमित अधिकार हैं। उन्होंने उपराज्यपाल के निरंतर हस्तक्षेप की आलोचना करते हुए केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए



एक स्पष्ट और समयबद्ध लक्ष्य तय करने की मांग की। उमर अब्दुल्ला ने स्वीकार किया कि पद संभालने के बाद शासन की जटिलताएं उन्हें पहले से कहीं अधिक गहराई से समझ में आई हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार जरूर है, लेकिन कानून-व्यवस्था, पुलिस और नौकरशाही से जुड़े अहम फैसले अब भी उपराज्यपाल के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। ऐसे में सरकार की जवाबदेही और निर्णय लेने की क्षमता के बीच संतुलन बनाना एक बड़ी चुनौती बन गया है।

अपने राजनीतिक जीवन पर नजर डालते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा कि बहुत कम उम्र में संसद में पहुंचने से लेकर केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री बनने तक, हर भूमिका ने उन्हें यह सिखाया है कि जम्मू-कश्मीर में शासन करना देश के अन्य हिस्सों की तुलना में कहीं अधिक संवेदनशील और जटिल कार्य है। उन्होंने माना कि जनता की अपेक्षाएं स्वाभाविक रूप से बहुत ऊंची होती हैं, खासकर तब जब एक निर्वाचित सरकार सत्ता में आती है, लेकिन मौजूदा संवैधानिक ढांचे में सरकार की सीमाओं को समझना भी उतना ही जरूरी है।

इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या मोदी सरकार विपक्ष-शासित राज्यों के प्रति बदले की भावना से काम करती है, तो उमर अब्दुल्ला ने आम विपक्षी सोच से हटकर चौंकाने वाला और संतुलित जवाब दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उन्हें इस मामले में कोई शिकायत नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा, अगर मोदी सरकार चाहती तो हमें घुटनों पर ला सकती थी, लेकिन इसके उलट हमें तय बजट से भी ज्यादा धनराशि दी गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के पास प्रशासनिक और आर्थिक दबाव बनाने के कई तरीके हो सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उनके अनुसार, कम से कम वित्तीय सहयोग के स्तर पर बदले की राजनीति नहीं हुई है। हम आपको बता दें कि राजनीतिक हलकों में उमर अब्दुल्ला का यह बयान केंद्र और विपक्ष शासित राज्यों के रिश्तों पर चल रही बहस में एक व्यावहारिक और यथार्थवादी दृष्टिकोण के रूप में देखा जा रहा है।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

## परफॉर्मेंस को निखारने में नागेश कुकुनूर की बेहतरीन निर्देशन शैली का बड़ा हाथ है : प्रियांशु चटर्जी



बॉलीवुड अभिनेत्रा प्रियांशु चटर्जी का कहना है कि उनकी परफॉर्मेंस को निखारने में नागेश कुकुनूर की बेहतरीन निर्देशन शैली का बड़ा हाथ है। जब से 'मिसेज़ देशपांडे' का ट्रेलर रिलीज़ हुआ है, सोशल मीडिया पर तहलका मच गया है। इस सीरीज में माधुरी दीक्षित अपने करियर के अब तक के सबसे बोल्ड और डार्क किरदार में नज़र आने वाली हैं।अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट और कुकुनूर मूवीज़ द्वारा निर्मित यह छह-एपिसोड की साइकोलॉजिकल थ्रिलर 19 दिसंबर 2025 को जियोहॉटस्टार पर रिलीज़ होने जा रही है। यह सीरीज़ माधुरी की ग्लैमरस इमेज को पूरी तरह से तोड़ती है। इसमें वह एकदम डी-ग्लैम और रोंगटे खड़े कर देने वाले अवतार में एक सीरियल किलर की भूमिका निभा रही हैं,एक ऐसी महिला जिसकी साधारण सी दिखने वाली ज़िंदगी के नीचे गहरे राज़ दफ्न हैं। इस शो में हर किरदार के पास एक राज़ है और हर बातचीत में एक गहरा इशारा छिपा है, जो कास्ट को इस रहस्यमयी कहानी का सबसे अहम हिस्सा बनाता है। प्रियांशु चटर्जी के लिए, 'मिसेज़ देशपांडे' एक ऐसी दुनिया में कदम रखने जैसा था, जहां हर इशारे, हर ठहराव और हर खामोशी का अपना एक वज़न है। उनका किरदार शो के जटिल मनोवैज्ञानिक उतार-चढ़ाव से गुज़रता है। प्रियांशु का कहना है कि उनकी परफॉर्मेंस को निखारने में नागेश कुकुनूर की बेहतरीन निर्देशन शैली का बड़ा हाथ है। प्रियांशु ने कहा, नागेश सर विषय और किरदार को लेकर भरपूर मार्गदर्शन तो देते ही हैं, साथ ही हमें खुलकर परफॉर्म करने का पूरा स्पेस भी देते हैं। एक इंसान और निर्देशक के तौर पर उनका स्वभाव बहुत सुलझा हुआ है, जिससे हमें अपना बेस्ट देने की आज़ादी मिलती है। मुझे लेकर उनका फोकस खास तौर पर किरदार की बॉडी लैंग्वेज और वॉयस टोन पर था, जैसा उन्होंने अपनी कल्पना में सोचा था। प्रियांशु ने कहा,,अप्लॉज़ और जियोहॉटस्टार के साथ काम करना एक शानदार और सुकून देने वाला सफर रहा। उनका सपोर्ट, गाइडेंस और मेंटरशिप ही इस अनुभव को खास बनाते हैं। उनकी टीम ने पूरी प्रक्रिया में हमारा साथ दिया। मैं उनका शुक्रगुजार हूँ। फ्रेंच थ्रिलर 'ला मांट' पर आधारित और नागेश कुकुनूर द्वारा निर्देशित इस सीरीज़ में माधुरी दीक्षित, सिद्धार्थ चांदेकर, प्रियांशु चटर्जी और अन्य बेहतरीन कलाकार नज़र आएंगे। अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट और कुकुनूर मूवीज़ की यह प्रस्तुति, 'मिसेज़ देशपांडे' पहचान, पुराने जख्मों और अतीत के काले पन्नों से सामना करने को मजबूर एक महिला की तनावपूर्ण कहानी है।

## कार्तिक आर्यन ने लिया भगवान से आशीर्वाद

बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन ने अपनी आने वाली फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के ट्रेलर लॉन्च से पहले भगवान से आशीर्वाद लिया।



कार्तिक आर्यन ने अपनी आने वाली फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के ट्रेलर लॉन्च से पहले एक खास और आध्यात्मिक पल अपने प्रशंसकों के साथ साझा किया। इस फिल्म के ट्रेलर रिलीज़ से पहले कार्तिक ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह भगवान के सामने हाथ जोड़कर प्रार्थना करते नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर शांति, विश्वास और सकारात्मक ऊर्जा से भरी हुई है। तस्वीर में कार्तिक सादे और सिम्पल कपड़ों में दिखाई दे रहे हैं। आंखें बंद कर, पूरे मन से प्रार्थना करते हुए उनका यह अंदाज़ यह दर्शाता है कि किसी भी बड़े पड़ाव से पहले वह ईश्वर का आशीर्वाद लेना नहीं भूलते। इस तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, (आज दिल में विश्वास के साथ) जिसने देखते ही देखते फैंस का दिल जीत लिया। यह पोस्ट साफ संकेत देती है कि कार्तिक अपनी फिल्म के ट्रेलर लॉन्च जैसे अहम मौके से पहले ईश्वर का आशीर्वाद मांग रहे हैं। अपने जमीन से जुड़े स्वभाव के लिए पहचाने जाने वाले कार्तिक पहले भी कई बार यह कह चुके हैं कि फिल्म इंडस्ट्री के दबावों के बीच विश्वास और आस्था उन्हें संतुलित और केंद्रित बनाए रखते हैं। पोस्ट सामने आते ही फैंस ने कमेंट सेक्शन में प्यार, दुआओं और शुभकामनाओं की बाढ़ ला दी। कई लोगों ने इसे शुभ संकेत बताया और फिल्म की सफलता की कामना की। वहीं, ट्रेलर को लेकर दर्शकों का उत्साह भी साफ झलकता नजर आया। कार्तिक आर्यन की यह सादगी और आस्था एक बार फिर उनके प्रशंसकों के दिलों को छू गई।

## 180 किलोमीटर की कठिन राफ्टिंग यात्रा पूरी करने के बाद रोमांचित महसूस कर रही हैं कुब्रा सैत



अभिनेत्री कुब्रा सैत ,180 किलोमीटर की कठिन राफ्टिंग यात्रा पूरी करने के बाद काफी रोमांचित महसूस कर रही हैं। अपने दस दिनों के ब्रह्मपुत्र राफ्टिंग के साहसिक अनुभवों से गुज़रकर कुब्रा सैत लौट चुकी हैं, लेकिन इस बार वे पूरी तरह एक नए दृष्टिकोण के साथ लौटी हैं, जिसमें उन्होंने डर की बजाय साहस को चुनने का संदेश दिया है। फिल्म और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर अपनी दमदार और बहुमुखी अभिनय के लिए जानी जाने वाली कुब्रा सैत ने हमेशा खुद को एक ऐसे कलाकार के रूप में स्थापित किया है, जो अपनी गहरी और सच्चाई से भरी परफॉर्मेंस के लिए प्रसिद्ध हैं। हालांकि स्क्रीन के साथ वे वास्तविक जीवन की चुनौतियों का सामना करना भी अच्छे से जानती हैं। फिलहाल अरुणाचल प्रदेश के सियांग नदी, जो ब्रह्मपुत्र की ऊपरी धारा है, पर 180 किलोमीटर की कठिन राफ्टिंग यात्रा पूरी करने के बाद वे काफी रोमांचित महसूस कर रही हैं। यह यात्रा 12 दिनों में संपन्न हुई, जिसमें सात दिन लगातार राफ्टिंग थी। यह यात्रा अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले के दूरदराज इलाकों से होकर गुजरी, जहां मोबाइल नेटवर्क और आधुनिक सुविधाएं नहीं थीं। सियांग-ब्रह्मपुत्र नदी प्रणाली अपने चौड़े, तेज-बहाव वाले धाराओं और अप्रत्याशित रैपिड्स के लिए जानी जाती है, जो शारीरिक सहनशक्ति, तकनीकी कौशल और मानसिक ध्यान की आवश्यकता होती है। इस दौरान टीम ने नदी के किनारे कैंप लगाए और केवल बुनियादी सुविधाओं के साथ समय बिताया। कुब्रा सैत ने अपनी यात्रा की झलकियां इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए लिखा है, साहसिक यात्रा तब नहीं होती जब आप इसके बारे में सपना देखते हैं, बल्कि तब होती है जब आप अपने कैलेंडर पर एक तारीख चुनते हैं और उसे पूरा करने का संकल्प करते हैं। इस यात्रा ने मुझे यह याद दिलाया कि मैं साहस को क्यों चुनती हूं, इसलिए नहीं कि मैं निडर हूं, बल्कि इसलिए क्योंकि मैं डर को पार करना सीख रही हूं। जब आप जीवन को जीवन शक्ति के साथ चुनते हैं, तो सब कुछ बदल जाता है। कुब्रा ने यह भी बताया कि इस अभियान के दौरान वे कई लोगों से मिली, लेकिन उन्हें सबसे ज़्यादा प्रभावित किया 19 वर्षीय तामार ने। तामार ने कुब्रा को उनके 19 वर्षीय सेल्फ से मिलवाया और याद दिलाया कि साहस क्या होता है, बजाय इसके कि दुनिया हमें संकोच सिखाए। कुब्रा ने ब्रह्मपुत्र राफ्टिंग के अपने अनुभव में वहां के खुशनुमा मौसम का ज़िक्र करते हुए यह भी लिखा है कि शहरों के मुकाबले स्वच्छ वातावरण और पूरे चाँद ने उन्हें एक और नया नज़रिया दिया। वे लिखती हैं,यह वह सुविधाएँ हैं, जिनके सुखद अनुभव और उनके होने को हम भूल जाते हैं।

# नरसिंहपुर में राज्य स्तरीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

## अतिथियों ने उत्तम श्रमिक पुरस्कार के तहत 15 श्रमिकों और श्रमिक साहित्य पुरस्कार से 10 श्रमिकों को पुरस्कृत किया




नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

श्रम विभाग अंतर्गत मप्र श्रम कल्याण मंडल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता के कार्यक्रम का शुभारंभ गुरूवार को स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्री नीरज दुबे, मंडल कल्याण आयुक्त श्री बसंत कुर्रे, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रामसनेही पाठक ने की। कार्यक्रम में अतिथियों ने उत्तम श्रमिक पुरस्कार के अंतर्गत 15 श्रमिकों को और साहित्य पुरस्कार के अंतर्गत 10 श्रमिकों को राशि, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगीत वंदे मारतम् का सामूहिक गायन किया गया। इसके पश्चात संभागों से आए खिलाड़ियों की रैली निकाली गई, जो शहर विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस स्टेडियम ग्राउंड पहुंची। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, सहायक कल्याण आयुक्त श्री आरपी मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप भूरिया, श्री सुनील कोठारी, श्री राधेश्याम नेमा, मंडल सदस्य, श्रम अधिकारी सुश्री दामिनी सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी, खिलाड़ी और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि श्रम जीवन का अभिन्न हिस्सा है, जिस क्षेत्र में श्रम की कमी होती है, वह क्षेत्र पीछे चला जाता है। समाज की उन्नति में खेलों का बहुत महत्व है। इसी उद्देश्य से नरसिंहपुर में नियमित रूप से खेलकूद प्रतियो?गिताओं का आयोजन किया जाता है। देश और प्रदेश की जनसंख्या में एक बड़ा हिस्सा असंगठित श्रमिकों का है।

प्रदेश में 42 प्रकार के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही है। इस दौरान उन्होंने सभी से नशे से दूर रहने की बात कही। मंडल कल्याण आयुक्त श्री बसंत कुर्रे ने राज्य स्तरीय खेल, श्रम मंडल का गठन और श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने मंडल के उद्देश्य के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन होते रहें, ताकि श्रमिक अनुशासन के साथ ही अपने आप को स्वस्थ रख सकें एवं उनमें टीम भावना का विकास हो। कार्यक्रम को श्री रामसनेही पाठक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन श्री संजय चौबे ने किया। उल्लेखनीय है कि स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न संभागों में अक्टूबर व नवम्बर माह में सम्पन्न हुई श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता एवं उप विजेता श्रमिक खिलाड़ी और व्यक्तिगत खेलों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले एक हजार से अधिक श्रमिकों ने भाग लिया, जिनमें 200 से अधिक महिलाएं भी शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में 105 से अधिक औद्योगिक इकाईयों एवं स्थापनाओं के श्रमिकों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ महिलाओं की 100 मीटर दौड़ से किया गया। इसके बाद कबड्डी एवं व्हालीबॉल प्रतियोगिताएं प्रारंभ हुई।



# डाइट नरसिंहपुर में स्वास्थ्य शिविर अंतर्गत मैडिटेशन एवं तनाव प्रबंधन सत्र का आयोजन

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), नरसिंहपुर में गत दिवस मैडिटेशन गुरु कानपुर की संस्था के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर के अंतर्गत एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में डाइट में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जिले के चिन्हित पीएम श्री स्कूलों के शिक्षक, शैक्षिक संवाद हेतु उपस्थित शिक्षक, डाइट का समस्त स्टाफ एवं डी.एल.एड. के विद्यार्थी सहभागिता के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। उन्होंने स्वस्थ जीवन शैली के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में तनाव प्रबंधन एवं मानसिक-शारीरिक संतुलन अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने इस आयोजन की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से सत्र के दौरान प्राप्त उपयोगी जानकारियों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता योगाचार्य डॉ. अनुराग त्रिपाठी ने दवा मुक्त जीवन एवं तनाव प्रबंधन विषय पर आधारित अपनी सारगर्भित एवं रोचक प्रस्तुति के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि किस प्रकार तनाव हमारे जीवन का लगभग अनिवार्य हिस्सा बन चुका है, और किस तरह सरल एवं व्यवहारिक विधियों को अपनाकर उसके नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सकता है। उन्होंने ध्यान, जीवनशैली सुधार एवं सकारात्मक सोच के माध्यम से तनाव से मुक्ति एवं स्वस्थ जीवन प्राप्त करने के उपाय बताए। साथ ही उन्होंने दवा मुक्त जीवन की अवधारणा पर विस्तृत चर्चा करते हुए विभिन्न बीमारियों से दूर रहने के प्रभावी उपाय भी साझा किए।

### सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते आज खेल प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** सभापति, एससी/ एसटी कल्याण समिति लोकसभा एवं सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते शुक्रवार 19 दिसम्बर को स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर आएंगे और यहां खेल प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। जारी प्रवास कार्यक्रम के तहत सांसद श्री कुलस्ते शुक्रवार 19 दिसम्बर को सायं 5.10 बजे जबलपुर एयरपोर्ट से प्रस्थान कर सायं 6.30 बजे स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर आएंगे। आप यहां खेल प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात सायं 7.30 बजे स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# कॉलेज चलो अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** कॉलेज चलो अभियान के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.बी.सिंह के निर्देशन एवं कार्यक्रम प्रभारी प्राध्यापक दिनेश कुमार दुबे, सह.प्रभारी डॉ नमिता साहू, सदस्य डॉ गणेश सोनी, सूश्री इंदु सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके प्रथम चरण में महाविद्यालय की कॉलेज चलो समिति के द्वारा जिले के समस्त शासकीय व निजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में भ्रमण कर बारहवीं कक्षा में अध्ययरत विद्यार्थियों को प्रवेश सम्बन्धी विविध जानकारियां प्रदान की गई। द्वितीय चरण में शैक्षिणक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें शासकीय सीएम राइज विद्यालय के शिक्षकों श्री योगेश गुप्ताए महेंद्र सिंह लोधीए मोनिका मेहराए माधुरी गर्ग के सानिध्य में बारहवीं कक्षा में अध्ययनरत 50 छात्राओं द्वारा महाविद्यालय का भ्रमण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉण्आरण् बीण् सिंह ने उपस्थित छात्राओ को महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित जानकारी विस्तार से साझा की एवं कहा कि प्रवेश के दौरान बहुत ही सावधानी रखना है। किसी प्रकार की त्रुटि होने पर विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है । समिति के द्वारा छात्राओं को पुस्तकालयए कंप्यूटर लैब का भ्रमण कराया गया और महाविद्यालय में चलने वाली विभिन्न कंप्यूटर कक्षाओं से अवगत करवाया गया। साथ ही छात्राओं को विज्ञान संकाय की कक्षाओंए रसायन शास्त्रए भौतिक शास्त्रए वनस्पति विज्ञानए कलाए जंतु विज्ञान की प्रयोगशालाओं का भी भ्रमण करवाया गया। इसके साथ ही छात्र छात्राओं को खेल विभाग से संबंधित गतिविधियों से भी अवगत करवाया गया। पुस्तकालय का भी छात्राओं द्वारा अवलोकन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार से सभी विभागों के विभागाध्यक्ष,अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे व छात्राओ का मार्गदर्शन किया। कॉलेज भ्रमण के दौरान छात्राओं को डॉ सतीश दुबे, डॉ एल,एस, चौधरीए, डॉ देवमित्रा रॉय, डॉ मनीष अग्रवाल, डॉ प्रीति कौरव, डॉ केशव पाण्डेय, डॉ अभयराज साहू, संतोष अवस्थी, पुष्पा विश्वकर्मा, ऋचा शर्मा, शिल्पी तिवारी, नीता ढ़िमोले आदि का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

# कलेक्टर ने विवाहों का शतप्रतिशत पंजीयन कराने के दिए निर्देश

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त उप विवाह रजिस्ट्रार एवं सचिव ग्राम पंचायत को निर्देशित किया है कि शतप्रतिशत विवाहों का पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। इस संबंध में आयुक्त आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय भोपाल द्वारा पत्र जारी किया है। मध्यप्रदेश विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रेशन नियम 2008 के अनुसार मप्र राज्य में भारत के नागरिकों के बीच किसी भी विधि या रूढ़ि के अधीन सत्यापित किए गए समस्त विवाह का पंजीयन किया जाता है। परंतु वर्तमान में समस्त विवाहों का पंजीयन नहीं होने पर अधिकांशतः महिलाओं को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके परिणाम स्वरूप पति की मृत्यु के उपरांत पत्नि को मिलने वाले स्वत्वों के भुगतान आदि में परेशानी होती है।

# जिले के किसानों के लिए लगातार उर्वरकों की उपलब्धता कराई जा रही सुनिश्चित

## जिले में भंडारित यूरिया, डीएपी, एनपीके और एसएसपी की जानकारी

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

उप संचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने बताया कि जिले में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के मार्गदर्शन में किसानों के लिए लगातार उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। गुरूवार 18 दिसम्बर 2025 तक जिले में यूरिया 1723 मी. टन, डीएपी 3095 मी. टन, एनपीके 6198 मी. टन और एसएसपी 7320 मी. टन भंडारित है। जिले के 6 मार्कफेड डबल लॉक केन्द्रों में यूरिया 100 मी. टन, 425 डीएपी, 4398 एनपीके और 2183 मी. टन एसएसपी उपलब्ध है। इसी तरह पैक्स (समितियों) के 104 केन्द्रों में 1382 मी. टन यूरिया, 2072 मी. टन डीएपी, 838 मी. टन एनपीके और 1929 मी. टन एसएसपी उपलब्ध है। एमपी एग्रो में 38 मी. टन डीएपी, 127 मी. टन एनपीके और 5 मी. टन एसएसपी उपलब्ध है। इसके अलावा निजी विक्रेताओं के पास 241 मी. टन यूरिया, 530 मी. टन डीएपी, 835 मी. टन एनपीके और 3203 मी. टन एसएसपी उपलब्ध है। जिले में लगातार यूरिया की रैक प्राप्त हो रही है।

आगामी दिवसों में यूरिया 2 हजार 544 मी. टन कोरोमंडल कंपनी की रैक प्वाइंट नरसिंहपुर में प्रस्तावित है, जिसका भण्डारण शासन के निर्देशानुसार शासकीय क्षेत्र में 70 प्रतिशत व प्राईवेट क्षेत्र में 30 प्रतिशत प्रदाय किया जाएगा। साथ ही कछपुरा रैक प्वाइंट से आगामी दिवसों में करकबेल डबल लॉक गोदाम में 120 मी.टन एवं गोटेगांव डबल लॉक गोदाम में 170 मी.टन यूरिया प्राप्त होना प्रस्तावित है। इसी प्रकार पिपरिया रैक प्वाइंट से आगामी गाडरवारा डबल लॉक गोदाम में 150 मी.टन भण्डारण जारी है। जिले में डबल लॉक केन्द्र से सभी सहकारी समितियों को यूरिया की आपूर्ति की जा रही। जो किसान समिति के सदस्य है, वे अपनी- अपनी समितियों से उर्वरक क्रय करें तथा शेष किसान जिले के डबल लॉक केन्द्रों, विपणन सहकारी समिति एमपी एग्रो एवं निजी विक्रेताओं के यहां से उर्वरक क्रय कर सकते हैं।

किसानों से आग्रह किया गया है कि खाद से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या एवं खाद मिलने में असुविधा संबंधी सूचना श्रीमती सुनीता मवासे पटेल के मो. 9131655751 अनुविभागीय कृषि अधिकारी उपसंभाग नरसिंहपुर (नरसिंहपुर, करेली एवं गोटेगांव) और अनुविभागीय कृषि अधिकारी उपसंभाग गाडरवारा श्रीमती पूजा पासी के मो. 9827576645 (चीचली, चॉवरपाठा व सांईखेडा) पर दे सकते हैं।

# जिले के होनहार युवा खिलाड़ी ने बढ़ाया जिले का मान



**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** मुरैना में आयोजित राज्य स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता में जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया है। महाकौशल हायर सेकेंडरी विद्यालय के कक्षा नवमी के छात्र विष्णु मेहरा, पिता श्री महावीर कुमार मेहरा, ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर विष्णु मेहरा का चयन सिरमौर (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित होने वाली मिनी राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश टीम में किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय, परिवार और पूरे जिले में खुशी का माहौल है।इस अवसर पर जिला वालीबॉल संघ अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी पी इन्दुरख्या,व्हालीबॉल जोनल सेक्रेटरी होशंगाबाद श्री मनीष कटारे, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती सुनीता यादव, जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री अनुज जैन सहित वरिष्ठ खिलाड़ी श्री मृदुलेश दुबे, श्री योगेश शर्मा, श्री शाकिर हुसैन तथा संस्था प्रभारी श्री अरविंद दुबे, दिग्विजय रघुवंशी, अर्पित सक्सेना, रोहित विश्वकर्मा, अभिनव चौकसे एवं विजय सेन ने विष्णु मेहरा को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी खेल प्रेमियों ने आशा व्यक्त की कि विष्णु मेहरा राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

# सात दिवसीय महिला/पुरुष क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का समापन



नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा सात दिवसीय महिलाध्पुरुष क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 12 दिसंबर 2025 से 18 दिसंबर 2025 तक किया गयाए जिसका शुभारंभ दिनांक 12 दिसंबर को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. बी.सिंह जी द्वारा किया गया। शिविर में छात्र.छात्राओं को क्रिकेट की बारीकियां सिखाई गई । जिसमें फ्रंट फुट, डिफेंस बैक फुट डिफेंस, ऑन ड्राइव ऑफ ड्राइव ऑफ स्पिन लेग स्पि फास्ट बोलिंग कैचिंग ग्राउंड फील्डिंग इत्यादि । शिविर समापन में एक अभ्यास मैच का आयोजन किया गयाए जिसमें पी,जी.कॉलेज नरसिंहपुर महिला टीम का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा । शिविर में 55 लाभार्थियों ने सहभागिता की जिसमें मुख्य रूप से शिवानी धुर्वे, मीना यादव, आरजू कुर्मी, साक्षी, रागनी, दीपा, दिव्या, हाफिज, कारण, लोकेश, विकास, अर्जुन, आकाश, साहिल इत्यादि।

प्रशिक्षक के रूप में आदित्य तिवारी और सौरभ लहरिया द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में प्राचार्य डा.आर.बी.सिंह, डॉ मनीष अग्रवाल, श्री वीरेंद्र झरिया श्री भरत सिंह ठाकुर श्री केशव प्रसाद पांडे डॉ.जगदीश सेन, डॉ.नमिता साहू, श्रीमती प्रीति कौरव, डा.नेहा राठौर, जीजी बाई, अनिकेत साहू और दीपचंद कहार का विशेष सहयोग रहा। शिविर के उपरांत महाविद्यालय टीम का गठन किया गया।




# कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने की जल जीवन मिशन कार्यक्रम अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में जिले में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरूवार को की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, अधीक्षण यंत्री मप्र विद्युत मंडल, महाप्रबंधक जल निगम जबलपुर तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग व अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने निर्देशित किया कि प्रगतिरत समस्त योजनाओं के कार्य शासन द्वारा निर्धारित की गई समय सीमा में पूर्ण कराया जाए। मैकेनिकल संकाय के 5 ग्रामों में ठेकेदार के द्वारा कार्य न करने के कारण ठेकेदार को तत्काल अनुबंध निरस्त कर पुनः निविदा आमंत्रण करने की कार्यवाही की जावे। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले बरमान मेले में पेयजल व्यवस्था का कार्य 10 जनवरी तक पूर्ण कर लिया जावे। बैठक में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने बताया कि सिविल संकाय की 797 योजनाएं, मैकेनिकल संकाय की 93 योजनाएं एवं मप्र जल निगम की 55 योजनाएं स्वीकृत हैं, जिसमें से वर्तमान में सिविल संकाय की 621 योजनाएं और मैकेनिकल संकाय की 77 योजनाएं पूर्ण कर ली गई हैं, जबकि मप्र जल निगम पायली समूह की 55 योजनाएं का कार्य प्रगतिरत है।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर की अध्यक्षता में समस्त बीएमओ समस्त डीसीएम समस्त बीपीएम, सिविल सर्जन एवं समस्त कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे कार्यक्रम समीक्षा की गई कार्यक्रम वॉइस समीक्षा की राष्ट्रीय छह नियंत्रण कार्यक्रम में बम्हनी, घुघरी, मवई का कार्यक्रम लक्ष्य अनुरूप नहीं है निर्देश दिए गए की 3 महीने का टारगेट 100-150 पर मंथ के हिसाब से बनाकर पूर्ण करें दूसरा कार्यक्रम राष्ट्रीय स्किल सेल एनीमिया बीएमओ को निर्देश जारी किए गए टारगेट बनाकर स्क्रीनिंग कराया जाये आयुष डिपार्ट के सहयोग से भी कार्यक्रम पूर्ण तीसरा कार्यक्रम रजिस्ट्रेशन बम्हनी नैनपुर का रजिस्ट्रेशन फर्स्ट कम है दोनों बीएमओ को स्पष्टीकरण देने के लिए निर्देश जारी हुआ समस्त बीएमओ महिला बाल विकास विभाग के सीडीपीओ केसाथ समन्वय करके कार्य को पूर्ण करें हाई रिस्क माता का मैनेजमेंट करे मॉडरेट एनीमिया और सीवियर एनीमिया का मैनेजमेंट में पर समीक्षा की गई टीकाकरण कार्यक्रम, एनआरसी, समीक्षा की गई निर्देश जारी किए गए की गंभीरता से लिया जाए कलेक्टर ने यह भी निर्देश जारी किया कि 3 महीने के अंदर एक जो भी लक्ष्य शेष है आप 3 महीने का एक टारगेट बनाकर के लक्ष्य की पूर्ति करें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीजे मोहंती ने जानकारी दी।

## संवेदना की मिसाल बने कलेक्टर

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कड़कड़ाती ठंड और शीतलहर के बीच जब पूरा शहर गहरी नींद में था उसी वक्त कलेक्टर सोमेश मिश्रा मानवीय संवेदना का दीप जलाते नजर आए। देर रात स्वयं नगर भ्रमण पर निकले कलेक्टर ने न सिर्फ हालात का जायज़ा लिया बल्कि जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर ठंड से जूझ रहे गरीब और बेसहारा लोगों को राहत पहुंचाई। कलेक्टर नर्मदा तट किनारे स्थित आश्रय स्थलों तक पहुंचे जहां खुले आसमान के नीचे सो रहे असहाय लोगों को उन्होंने अचानक कंबल ओढ़ाकर ठंड से बचाने का प्रयास किया। यह दृश्य न सिर्फ दिल को छू लेने वाला था बल्कि प्रशासन की संवेदनशीलता का जीवंत उदाहरण भी बना। कलेक्टर ने आश्रय स्थलों में ठहरे लोगों से सीधे संवाद किया।

# एसोसिएशन ने मनाया पेंशनर डे

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** माहिष्मती घाट स्थित गौंड़ी पब्लिक ट्रस्ट भवन में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन द्वारा पित्रपुरुष डीएस नकारा की स्मृति में 37 वां पेंशनर दिवस को उत्सव के रूप में मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विजेंद्र चौरसिया, डॉ. ओपी तपा, डॉ. हर्ष कर्महे, एचपी झरिया, पूरन सिंह ठाकुर के अतिथित्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया मंचासीन अतिथियों का पुष्प माला व शॉल से स्वागत किया। आरकेएस चौहान, योगेश श्रीवास्तव, केके दुबे, नंदकिशोर दुबे, सीके राय, एमएस परस्ते, सुरेश कुमार चौधरी, तेजलाल खरे, आरएल झरिया, डीआर रघुवंशी, शरद शुक्ला, सुनील बाली, महेश नामदेव, जैबुन्निशा कुरैशी, यशवंत बर्वे ने सरस्वती वंदना, गीत, गजल, गायन के माध्यम से दर्शकों का मनमोह लिया। भारतीय स्टेट बैंक से आए अधिकारी ने बताया की पेंशनरों के लिए भारतीय स्टेट बैंक ने नई योजनाएं चालू की है जिसमें 30 लाख तक निशुल्क एक्सीडेंटल लाभ व अन्य सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

# पुलिस को मिली बडी सफलता हत्या का प्रयास करने वाले एक आरोपी गिरफ्तार

कटनी (स्वतंत्रमत)।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसीया एवं थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी झिंझरी द्वारा हत्या का प्रयास करने बाले आरोपी एजाद कुरैसी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



14 दिसम्बर को स्कारपियो कार क्रमाँक एमपी 51 डी 0187 में बैठे तीन अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा ग्राम पिपरौंध मे रात्रि करीबन 01:30 बजे पिपरौंध निवासी शुभम जायसवाल व दीपक जायसवाल के साथ हत्या की नियत से चाकू से मारपीट कर चोट पहुँचाने की घटना पर प्रार्थी शुभम जायसवाल की रिपोर्ट पर तीन अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना माधवनगर मे अपराध क्रमाँक 1046/2025 धारा 109 (1), 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना चौकी झिंझरी पुलिस के द्वारा अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के कायमी दिनाँक से हर संभव प्रयास किये जाकर आरोपी एजाद उर्फ भूरा कुरैसी पिता सरफराज कुरैसी उम्र 22 साल निवासी असफाक उल्लाह वार्ड मण्डी मदार टेकरी थाना हनुमानताल जिला जबलपुर से गिरफ्तार किया जाकर बैधानिक प्रक्रिया उपराँत 18 दिसम्बर को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाकर साक्ष्य एकत्रित करने हेतु आरोपी का पुलिस रिमाँड लिया जा रहा है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी उनि राजेश कुमार दुबे के नेतृत्व में सउनि शशिभूषण सिंह, प्रधान आरक्षक राजेश चौधरी, आरक्षक सुरेश कोरी, सैनिक अक्षय पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# महापौर की मौजूदगी में वीर सावरकर वार्ड में सड़क मरम्मत कार्य का भूमिपूजन

## 14.38 लाख रूपये की लागत से नागरिकों की आवागमन व्यवस्था होगी सुदृढ़

## महापौर ने संतोषी माता के दर्शन कर की नगर मंगल की कामना



**प्रतिबद्धः महापौर**

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नगर निगम द्वारा विकास कार्यों को गति देने और नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने के क्रम में वीर सावरकर वार्ड क्रमांक 12 में बुधवार को एक महत्वपूर्ण और प्रतीकात्मक कदम उठाया गया। लंबे समय से सड़क जर्जर होने और आवागमन की समस्याओं से जूझ रहे वार्डवासियों की मांग पर ध्यान देते हुए महापौर प्रीति संजीव सूरी और क्षेत्रीय पार्षद राजेश भास्कर की सक्रिय पहल से लगभग 14 लाख 38 हजार रुपये की लागत से सड़क मरम्मत कार्य का विधिवत भूमिपूजन वार्ड की वरिष्ठ नागरिक सत्यवती तिवारी की मौजूदगी में संपन्न हर्षोल्लास पूर्ण माहोल के बीच संपन्न हुआ।

**बुनियादी सुविधाओं के विस्तार हेतु निगम प्रशासन प्रतिबद्धः महापौर**–महापौर ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा नागरिक सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार हेतु प्रतिबद्ध है। यह सड़क मरम्मत कार्य न केवल वार्डवासियों के लिए सुरक्षित और सुगम आवागमन सुनिश्चित करेगा, बल्कि स्थानीय प्रशासन की सक्रियता और नागरिक सुविधाओं के विकास कार्यों को समयबद्ध पूरा करने की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। उन्होंने सभी वार्डवासियों से निर्माण कार्य के दौरान सहयोग प्रदान करने की अपील करते हुए कहा कि नगर निगम का लक्ष्य प्रत्येक वार्ड को विकसित और व्यवस्थित बनाना है।

कार्यक्रम में मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ. रमेश सोनी, जयनारायण निषाद, पूर्व पार्षद पार्वती निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमायुक्त मौजूदगी रही। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद राजेश भास्कर ने कहा कि वीर सावरकर वार्ड में यह सड़क मरम्मत कार्य विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। हम लगातार जनता की सुविधा और वार्ड के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। श्री भास्कर ने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में अन्य विकास परियोजनाओं को भी प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाएगा, जिससे वार्डवासियों को वास्तविक और स्थायी लाभ प्राप्त हो सके।

### संतोषी माता के दर्शन कर नगर विकास की, की कामना

भूमिपूजन के दौरान महापौर ने वार्ड में स्थित संतोषी माता मंदिर में पहुँचकर माता के दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने माता से नगरवासियों की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और विकास की कामना की। महापौर ने कहा कि माता के आशीर्वाद से ही सभी विकास कार्य सफल होंगे और यह वार्डवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होंगे। इस दौरान उपस्थित जनों ने भी माता के समक्ष अपनी प्रार्थनाएँ अर्पित कीं और सामूहिक रूप से नगर की शांति और समृद्धि की कामना की। भूमिपूजन के अवसर पर संतोष तिवारी, संजय पांडे, संजेश गुप्ता, आलोक द्विवेदी, जीतेन्द्र वर्मा, दर्शन गुप्ता, मोंटी जायसवाल, नकुल निषाद, श्याम निषाद, रामदत्त तिवारी, मनोज तिवारी, राकेश साहू, दिनेश गुप्ता, कार्तिकेय धावडेकर, संतराम गुप्ता, राखी सोनी, अभिन्न अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

फोटो : विकास गुप्ता



# नगर विकास को लगातार मिल रही गति

## जगमोहन दास वार्ड में लगभग 16.92 लाख रुपये की लागत से सी.सी. नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

कटनी (स्वतंत्रमत)। नगर के जगमोहन दास वार्ड क्रमांक 11 में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक और अहम पहल करते हुए सी.सी. नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। यह कार्यक्रम महापौर प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद जयनारायण निषाद एवं मेयर इन काउंसिल सदस्यों की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। नाली निर्माण कार्य डॉ. डी.पी. साहू के निवास के समीप एवं वार्ड के विभिन्न स्थानों पर लगभग 16 लाख 92 हजार रुपये की लागत से कराया जाएगा। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, पूर्व पार्षद पार्वती निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम का शुभारंभ वार्ड के वरिष्ठ नागरिक रामलखन चतुर्वेदी द्वारा विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर किया गया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों में उत्साह और सकारात्मक माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड में नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के विस्तार हेतु निरंतर कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सी.सी. नाली निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात जल निकासी की व्यवस्था बेहतर होगी जिससे स्वच्छता एवं स्वास्थ्य व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान वार्ड की महिलाओं ने महापौर प्रीति संजीव सूरी का माला पहनाकर आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया। महिलाओं ने वार्ड में कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए का विशेष आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महापौर ने आश्वस्त किया कि नगर विकास हेतु भविष्य में भी प्राथमिकता अनुसार वार्डों में निरंतर विकास कार्य कराए जाएंगे। कार्यक्रम में विजय चतुर्वेदी, श्याम निषाद, नकुल निषाद, गुड्डी बाई, सरला निषाद, ललिता रजक, मधु दुबे, दीपा कोरी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने विकास कार्यों का स्वागत करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।



# राष्ट्रीय पुस्तक मेला और साहित्य महोत्सव का आयोजन 24 से

## पुस्तक मेला का पोस्टर विमोचित

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** राष्ट्रीय साहित्य पुस्तक मेला समिति की ओर से 13 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहे राष्ट्रीय पुस्तक मेला और साहित्य महोत्सव का आयोजन इस वर्ष 24 दिसंबर से 28 दिसंबर तक स्थानीय साधुराम विद्यालय में आयोजित है। मेले की पूर्व तैयारी हेतु विगत दिवस नई बस्ती विवेकानंद सभागार में पुस्तक मेला समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें इस वर्ष के मेले के पोस्टर का विमोचन सह प्रांतप्रचारक श्रवण सैनी, सह प्रांतप्रचार प्रमुख शिवनारायण पटेल, जिला संघ चालक डॉ अमित साहू, जिला कार्यवाह संजय त्रिपाठी, संरक्षक मधुसूदन बगड़िया, मुकेश चंदरिया, संयोजक डॉक्टर पारस जैन, सहसंयोजक रंगेश गोयनका, डॉ जिनेंद्र, प्रो सुनील बाजपेयी, राकेश अग्रवाल, प्रो सुधा पांडे एवं बड़ी संख्या में पुस्तक नेला समिति के सम्माननीय सदस्य एवं मातृशक्तियों की उपस्थिती में हुआ। उल्लेखनीय है कि इस बार 42 प्रकाशकों की सहमति अभी तक आ चुकी हैं। विशेष आकर्षण में विभिन्न प्रतियोगिताएं, काव्य सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुस्तक विमोचन, प्रदर्शनी स्वदेशी स्टॉल आदि गतिविधियां होने वाली हैं। देश के प्रख्यात लेखक, विचारक, चिंतक, आ. कुलगुरु, साहित्यकारों का संगम होगा। पुस्तक मेले का उद्घाटन 24 दिसंबर को साधुराम विद्यालय में सायं 4:30 बजे होगा, प्रमुख अतिथि डॉ राजेंद्र कुररिया कुलगुरु अवधेश प्रताप सिंह वि. वि. रीवा, मुख्यवक्ता अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र सिंह ठाकुर तथा अध्यक्षता जिलाधीश करेंगे। संयोजक डॉक्टर पारस जैन ने इस राष्ट्रीय महत्व के आयोजन पर सभी गणमान्य नागरिक जनों एवं मातृशक्ति से उद्घाटन अवसर पर उपस्थिती का आग्रह किया है।

# मंत्री विजय शाह के खिलाफ महिला कांग्रेस का हल्ला बोल

कटनी (स्वतंत्रमत)।

महिला कांग्रेस द्वारा प्रदेश महासचिव एवं महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देशानुसार एवं महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी के दिशा निर्देश पर कैबिनेट मंत्री विजय शाह द्वारा लाडली बहन योजना की हितग्राही महिलाओं के हितों से वंचित करने वाले असंवैधानिक बयान पर विरोध स्वरूप विजय शाह का पुतला दहन एवं कटनी एसडीएम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सोपा गया। महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव रजनी वर्मा ने बताया की 13 दिसंबर को रतलाम में बीजेपी केबिनेट के मंत्री विजय शाह द्वारा ली गई बैठक में यह कहा गया की मुख्यमंत्री के सम्मान के लिए लाडली बहन की सभी हितग्राही महिलाओं को बुलाया जाए और जो महिलाएं इस सम्मान समारोह में नहीं आती उनके लाडली बहन योजना के पंजीयन को आधार से लिंक होने की जांच



की जाए और उनकी पात्रता रद्द की जाए उनका यह बयान संविधान के मौलिक अधिकारों के विरुद्ध है, इसके पहले भी मंत्री विजय शाह महिलाओं को लेकर कई बार विवादित बयान दे चुके हैं, इस तरह भाजपा मंत्रियों के सम्मान समारोह में ना आने वाली महिलाओं के ऊपर दबाव बनाकर उनसे उनका हक नहीं छीना जा सकता, भाजपा मंत्रियों के इस तरीके के बयान भाजपा के महिलाओं के प्रति दोहरे मापदंड को दर्शाता है, यहां एक और भाजपा महिलाओं से लाडली बहनों के नाम पर वोट मांगती है वहीं दूसरी ओर इन योजनाओं से लाडली बहनों को वंचित भी कर रही है मध्य प्रदेश की समस्त जिलों में कांग्रेस की महिला शक्तियों ने विजय शाह के इस असंवैधानिक बयान के विरुद्ध अपना विरोध दर्ज कराया है और यह मांग की है की कैबिनेट मंत्री अमित शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए। शहर जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा कि भाजपा इस वक्त दबाव की राजनीति कर रही है जो पूर्णता अनुचित है और पूरी कांग्रेस जनता के साथ उनके हक की लड़ाई में खड़ी है, पुतला दहन की कार्यक्रम में पुलिस बल की भारी छीना छपटी के बीच पुतले का दहन किया गया, विजय शाह के इस विरोध कार्यक्रम में भारी संख्या में महिला कांग्रेस और जिला कांग्रेस के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला एवं कार्यवाहक अध्यक्ष राजा जगवानी, चोखे भाई जान महिला उपाध्यक्ष आदिता वर्मा, कल्पना पाठक, मंजू निषाद, माया चौधरी, मुमताज बानो, गीता निषाद, सुमन सैनी, दुर्गावती कोल, नाजिमा बी, लता खरे, प्रीति कुमारी, रूपा शर्मा, प्रीति पटेल, भगवती पटेल, भाग्यश्री गुप्ता, प्रशांत जैसवाल, आनंद पटेल, राजेश जाटव, जितेंद्र गुप्ता, अजय जैसवानी, रमेश अहिरवार, दिग्विजय सिंह, संजय गुप्ता, रम्मू यादव, अभिषेक शिवहरे, आईडब्लूसी अध्यक्ष मंगल सिंह, उदय सिंह, डी आर सिंहोते, अशोक बहलानी, मुन्ना कुशवाहा, कल्लू विश्वकर्मा, राहुल होतवानी, राकेश गुड्डू द्विवेदी, विनीत जायसवाल, अजय कोल, रवि मंगलानी, रमाकांत दुबे, राघव सोनी, रमाकांत दीक्षित, विजय मंगल, प्रशांत पांडे, संतोष पटेल, इंद्र तोलानी, अरुण यादव, हर्ष सेन, दिलदार खान, सत्यम यादव, कृष्ण कुमार कोल, रमेश अहिरवार आदि बड़ी संख्या में कांग्रेसियों की उपस्थित रही।

# संघ ने लिया संकल्प, संवर्ग ने बढ़ाया हाथ

## देखते-देखते 33 लाख रुपये का ऐतिहासिक सहयोग

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जब संकल्प प्रबल हो, नीयत निष्कलुष हो और नेतृत्व पारदर्शी हो, तब असंभव भी संभव हो जाता है। ऐसा ही एक ऐतिहासिक उदाहरण मध्यप्रदेश के कर्मचारी जगत में पहली बार सामने आया है। पीएमयूएम कर्मचारी कल्याण कोष संघ के प्रवक्ता रमाशंकर राजू तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिनों दमोह जिले की शासकीय प्राथमिक शाला मनका में पदस्थ शिक्षक स्व. दिलीप लोधी का आकस्मिक निधन हो गया। वे परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य एवं घर के मुखिया थे। उनके निधन से परिवार अत्यंत दयनीय और संकटपूर्ण स्थिति में आ गया। ऐसी विषम परिस्थिति में पीएमयूएम कर्मचारी कल्याण कोष संघ के आह्वान पर संघ के पंजीकृत साथियों ने अपने दिवंगत शिक्षक साथी के परिवार के लिए हाथ-से-हाथ बढ़ाया। परिणामस्वरूप मात्र 15 दिनों के भीतर 33 लाख रुपये की सहयोग राशि परिवार को प्रदान की गई। विपरीत परिस्थितियों में संवर्ग ने परिवार का हाथ थामकर यह सिद्ध कर दिया कि शिक्षक समाज केवल सेवा ही नहीं, संवेदना और संकल्प का भी प्रतीक है। यह मध्यप्रदेश के कर्मचारी इतिहास की पहली घटना है, जब इस प्रकार संगठित, पारदर्शी और व्यापक सहयोग सुनिश्चित किया गया हो। श्री तिवारी ने बताया कि वर्तमान में पीएमयूएम कर्मचारी कल्याण कोष संघ के लगभग 50,000 पंजीकृत सदस्य हैं। संघ का लक्ष्य है कि किसी भी सदस्य के असमय निधन पर न्यूनतम 25 लाख रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए प्रत्येक पंजीकृत सदस्य द्वारा 100 का सहयोग किया जाता है, जिसकी एक विशेष और पूर्णतः पारदर्शी प्रक्रिया संघ द्वारा निर्धारित की गई है। दिवंगत शिक्षक स्व. दिलीप लोधी की धर्मपत्नी इमरती देवी एवं पुत्र पुष्पेंद्र लोधी के खातों में संघ के पंजीकृत साथियों द्वारा कुल 33 लाख रुपये की सहायता राशि जमा कराई गई। शीघ्र ही संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी दमोह में आयोजित श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा में सम्मिलित होंगे। सफलता दिलाने में सहयोग प्रदान करने हेतु संघ की ओर से मुरली अरजरिया, सतीश खरे, पवन खरे, रमाशंकर तिवारी, ब्रजेश असाठी, विनोद राठौर, रघुवर यादव, अखिलेश पांडेय, पंकज प्यासी, पीयूष त्रिपाठी, संजय मिश्रा, देवेंद्र कुल्हारा, किशन लाल भुमियाँ, सुशील तिवारी, शिवदास यादव, लाल कुमार यादव, राकेश पाठक, उमेश गर्ग उपस्थित थे।

## झोलाछाप चिकित्सकों पर कार्यवाही हेतु संयुक्त निरीक्षण दल गठित

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** कलेक्टर भदौरिया के निर्देशानुसार बिना वैध चिकित्सकीय योग्यता के अनाधिकृत रूप से चिकित्सा व्यवसाय कर रहे झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। जिले में अवैध रूप से चिकित्सा व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही हेतु संयुक्त निरीक्षण दल का गठन किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह दल जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर ऐसे व्यक्तियों की पहचान करेगा, जो बिना पंजीयन के चिकित्सा सेवाएं दे रहे हैं।

# शुक्रताल से भागवत कथा श्रवण कर लौटे

## गुरुजी एवं भक्तों का मुड़वारा स्टेशन पर भव्य स्वागत



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कथा व्यास आचार्य पुष्पेंद्र त्रिपाठी, का कटनी रेल्वे स्टेशन पर माला पहनाकर व श्रद्धालुओं के ऊपर फूलों की बारिश की गई, व ढ़ोल नगाड़ों से स्वागत किया गया, गगनभेदी जयकारों से समुचा परिसर गुजने लगाए इस अवसर पर सोहन लाल श्रीवास्तव, अंकित तिवारी, योगेंद्र गर्ग, महादेव दुबे, अजय पटेल, आनंद कोरी, दिनेश पटेल, आशीष चतुर्वेदी, कालूराम रैकवार, मधु रैकवार, गणेश रैकवार, विजय सिंह ठाकुर, पूजा केवट, राम नरेश विश्वकर्मा, माया चौरसिया, प्रभा दिवाकर, पुरुषोतम अग्रवाल, पूनम सोनी, सरस्वती अग्रवाल, केसर गर्ग, मीना दुबे, रामाधार गुप्ता, शांति बाई गुप्ता, मथुरा दुवे, अमृतलाल दुबे उपस्थिति रही। शुक्रताल या शुकतीर्थ, भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के मुजफ्फरनगर जिले में स्थित एक पवित्र तीर्थ स्थल है। गंगा नदी के किनारे स्थित है और एक ऐतिहासिक धार्मिक स्थान है जहाँ 5000 साल पहले शुकदेव गोस्वामी ने अभिमन्यु के पुत्र महाराजा परीक्षित को श्रीमद्भागवत सुनाई थी।



# चिन्हित एवं सनसनीखेज प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा बैठक

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जिले में पंजीबद्ध चिन्हित एवं सनसनीखेज प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा हेतु संबंधित लिंक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक प्रकरण की जानकारी प्राप्त की एवं प्रकरण की वर्तमान स्थिति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। उन्होंने सभी लिंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़ित पक्ष से सतत संपर्क बनाए रखा जाए, गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा प्रकरण में तकनीकी एवं विधिक पहलुओं का पूर्ण रूप से पालन किया जावे। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी चिन्हित एवं सनसनीखेज़ प्रकरणों में त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके एवं अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो। उक्त बैठक में निरीक्षक अरविंद चौबे रीडर एवं संबंधित प्रकरणों के लिंक अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुचारू जलापूर्ति की दिशा में अहम पहल

## फारेस्टर वार्ड में लगभग 23.31 लाख के पाइपलाइन विस्तार कार्य का भूमिपूजन

## एंबुलेंस रोड से विवेकानंद चौक तक होगा पाइपलाइन विस्तार

## महापौर का वार्ड भ्रमण, सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के सख्त निर्देश



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** महापौर प्रीति संजीव सूरी स्थानीय पार्षद एवं मेयर इन काउंसिल सदस्यों की गरिमा युक्त मौजूदगी में फारेस्टर वार्ड क्रमांक 33 में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में गुरुवार, 18 दिसंबर को एंबुलेंस रोड से विवेकानंद चौक तक लगभग 23 लाख 31 हजार रुपये की लागत से पाइप लाइन विस्तार कार्य का विधिवत भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। क्षेत्र में इस कार्य के पूर्ण होने से सैकड़ों परिवारों को नियमित और पर्याप्त जलापूर्ति का लाभ मिल सकेगा। इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी, उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव सहित अन्य जनों की मौजूदगी रही। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर निगम का सतत प्रयास है कि शहर का कोई भी वार्ड मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। वर्षों से चली आ रही जलापूर्ति की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा रहा है। इस पाइपलाइन विस्तार कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्र में जल वितरण व्यवस्था सुदृढ़ होगी, जिससे नागरिकों को नियमित, स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जल जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता है और नगर निगम इसे लेकर पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है। विकास कार्यों की योजना बनाते समय आम नागरिकों की जरूरतों और स्थानीय समस्याओं को ध्यान में रखा जा रहा है, ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ सीधे नागरिकों तक पहुंचे। आने वाले समय में भी नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए ऐसे ही कार्य लगातार किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम के उपरांत महापौर ने वार्ड का भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण भी किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नालियों की नियमित सफाई, कचरा निष्कासन में तेजी लाने एवं स्वच्छता मानकों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए। महापौर ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता और जल जैसी मूलभूत सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी संजू नाकरा, मंगल सिंह, अमित सिंह बघेल, राहुल सिंह, उदय सिंह, दिलदार ख़ान, अरुण ठाकुर, सोनीलाल बर्मन, अजय प्यासी सहित अन्य वार्ड वासियों की उपस्थिति रही।


# अनाहत सिंह में भारत का ओलंपिक भविष्य आकार लेता दिख रहा है : जोशना चिनप्पा

नयी दिल्ली (वार्ता)।

दो दशक से भी अधिक समय से भारत की शीर्ष स्क्वैश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा का मानना है कि अनाहत सिंह में भारत का ओलंपिक भविष्य आकार लेता दिख रहा है। ओलंपिक्स डॉट कॉम से बातचीत में चिनप्पा ने कहा, इतने सालों तक शीर्ष स्तर पर रहने के बाद, आप यह पहचानना सीख जाते हैं कि कौन वहां रहने लायक है। आप इसे जल्दी समझ जाते हैं। शांत स्वभाव, आत्मविश्वास, जिस तरह से वह (अनाहत सिंह) मैचों को नियंत्रित करती है। इस महीने की शुरुआत में चेन्नई में स्क्वैश विश्व कप में चिनप्पा और अनाहत ने एक युवा भारतीय टीम को ऐतिहासिक पहला स्वर्ण पदक दिलाया, जिसके बाद यह विश्वास और भी गहरा हो गया है। दो बार की एशियन चैंपियन और पूर्व वर्ल्ड नंबर 10 जोशना के लिए, इस नतीजे ने इस बात की पुष्टि कर दी कि वह कुछ समय से क्या देख रही थीं और उनका यह विश्वास कि भारत के पास एलएस 2028 ओलंपिक में पदक जीतने का शानदार मौका है।

### शीर्ष स्क्वैश खिलाड़ी बनने की सारी खूबियां

चिनप्पा ने कहा, उसमें भारत की शीर्ष स्क्वैश खिलाड़ी बनने की सारी खूबियां हैं। टीम (स्क्वैश विश्व कप में) अनुभवहीन थी लेकिन निडर थी। अनाहत सबसे अलग दिखी क्योंकि वह पहले से ही एक विनर की तरह सोचती है। चिनप्पा ने बताया कि 17 साल की अनाहत सिंह की मानसिक स्पष्टता ही उसे दूसरों से अलग करती है। दबाव में शांत रहने की अनाहत की क्षमता, साहसी फैसले लेने की उसकी इच्छा



और घबराहट न दिखाने की आदत - जोशना का मानना है कि ये ऐसे गुण हैं जिन्हें सिखाना मुश्किल है।

### सबसे कम उम्र की राष्ट्रीय चैंपियन

14 साल की उम्र में भारत की सबसे कम उम्र की राष्ट्रीय चैंपियन बनने वाली चिनप्पा ने कहा, जब मैं उसे देखती हूं, तो मुझे अपनी शुरुआती यात्रा के कुछ हिस्से दिखते हैं। मैं समझती हूं कि इस खेल में जल्दी बड़ा होने का क्या मतलब है। खेल इसी तरह आगे बढ़ता है। अगली पीढ़ी को मौजूदा पीढ़ी को चुनौती देनी ही होगी। चिनप्पा ने कहा,अगर वह इसी रास्ते पर चलती रही, तो मुझे सच में खुशी होगी अगर वह भारत के लिए ओलंपिक पदक जीते। यह एक ऐसा पदक है जिसका हमारा देश इंतजार कर रहा है, और उसमें उस स्टेज के लिए सही स्वभाव है।

### अनाहत ने टिने गिलिस को हरा पहली जीत हासिल की

इस साल की शुरुआत में कैनेडियन विमेंस ओपन में, अनाहत सिंह ने क्वार्टर-फाइनल में दुनिया की नंबर सात खिलाड़ी टिने गिलिस को 3-0 से हराकर टॉप-10 खिलाड़ी के खिलाफ अपनी पहली जीत हासिल की थी। जोशना ने कहा, अगर मौका मिला, तो मैं एलए 2028 में भारतीय टीम का हिस्सा बनना चाहूंगी। जब तक मैं कॉम्पिटिशन कर रही हूं, मैं किसी मकसद से कॉम्पिटिशन करना चाहती हूं... मेरा तुरंत सपना एशियन गेम्स में पदक जीतना है। जब चिनप्पा अनाहत को देखती हैं, तो उन्हें सिर्फ उम्मीद से कहीं अधिक दिखता है। मैं सिर्फ एक प्रतिद्वंद्वी या एक युवा खिलाड़ी को नहीं देखती। मैं एक चैंपियन को बनते हुए देखती हूं, जो भारतीय स्क्वैश को आगे ले जाएगा।

## स्वर्ण पदक विजेता सम्राट राणा आईएसएसएफ 2025 सीजन के पांच शीर्ष निशानेबाजों में शामिल

नयी दिल्ली (वार्ता)। इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) ने काहिरा में आयोजित आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल 2025 में स्वर्ण पदक जीतने वाले भाारतीय निशानेबाज सम्राट राणा को 2025 सीजन के शीर्ष पांच निशानेबाजों में शामिल किया है। 20 साल के भारतीय शूटर ने पुरुषों के 10 मी एयर पिस्टल फाइनल में इस साल के सबसे बड़े उलटफेरों में से एक किया, जिसमें उन्होंने चीन के वर्ल्ड नंबर वन हू काई को हराकर खिताब जीता। आईएसएसएफ ने अपनी वेबसाइट पर कहा, च्इस सीजन में हू काई को हराने वाले एकमात्र व्यक्ति, सम्राट राणा ने दबाव में भी शांत रहकर एक ऐसा उलटफेर किया जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। राणा ने 586-27× के साथ क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहकर शुरुआत की। उन्होंने शुरुआत में बढ़त बनाई, जब हू ने छह शॉट बाकी रहते हुए बढ़त बनाई तो वह पीछे हो गए, और फिर लगातार 10.9 के स्कोर के साथ वापसी करके मुकाबले में बने रहे।



# इशान किशन का शतक

## झारखंड ने दिया 263 रनों का लक्ष्य

**पुणे (वार्ता)।** इशान किशन (101) की विस्फोटक शतकीय और कुमार कुशाग्र (81) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत झारखंड ने गुरुवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में हरियाणा को जीत के लिए 263 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां हरियाणा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी झारखंड की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट पर 262 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। झारखंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में विराट सिंह (दो) का विकेट गंवा दिया। उन्हें अंशुल कम्बोज ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कुमार कुशाग्र ने इशान किशन के साथ पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने हरियाणा के गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते हुए पहले अपने -अपने अर्धशतक पूरे किये। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 177 रनों की साझेदारी हुई। इसी दौरान 15वें ओवर में सामंत जाखड़ ने शतक की ओर बढ़ रहे कुमार कुशाग्र को अपना शिकार बना लिया। कुमार कुशाग्र ने 38 गेंदों में आठ चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए 81 रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में सुमित कुमार ने इशान किशन को भी आउट कर पवेलियन भेज दिया। इशान किशन ने 49 गेंदों में छह चौके और 10 चौके उड़ाते हुए 101 रनों की पारी खेली। अनुकूल रॉय ने 20 गेंदों में नाबाद 40 रनों की पारी खेली। रॉबिन मिन्ज ने 14 गेंदों में नाबाद 31 रन बनाये। हरियाणा के लिए अंशुल काम्बोज, सुमित कुमार और सामंत जाखड़ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# शादी के कारण पूरे आईपीएल सत्र के लिए उपलब्ध नहीं होंगे जॉश इंग्लिस

**सिडनी (वार्ता)।** अप्रैल में शादी करने जा रहे लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर जॉश इंग्लिस 26 मार्च से 31 मई तक खेले जाने वाले टूर्नामेंट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के पूरे सत्र में उपलब्ध नहीं रहेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की छोटी नीलामी में लखनऊ सुपर जायंट्स ने जॉश इंग्लिस को 8.6 करोड़ रूपये में खरीदा था। इंग्लिस ने बताया कि वह अप्रैल में शादी करने जा रहे हैं। इंग्लिस ने एबीसी स्पोर्ट से कहा, मैंने आईपीएल नीलामी देखी और मेरी बारी देर से आई। मैं इस साल पूरे सीजन उपलब्ध नहीं रह पाऊंगा। मैं अप्रैल की शुरुआत में शादी करने जा रहा हूं। सच कहूं तो मुझे उम्मीद नहीं थी कि मुझे खरीदा जाएगा। मैंने जब अनसोल्ड लिस्ट में अपना नाम देखा तो मैंने यही सोचा चलो छोड़ा, मुझे सोने जाना है और कल (ऐशेज) के लिए तैयार होना है। लेकिन फिर सुबह उठने के बाद मुझे यह खबर मिली। मुझे आज सुबह कुछ संदेश देखने के बाद यह पता चला। पंजाब किंग्स द्वारा रिलीज किए जाने के बाद पीबीकेएस के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने इंग्लिस के आईपीएल 2026 के लिए आशिंक तौर पर उपलब्ध रहने के संकेत दिए थे। शुरुआत में अनसोल्ड जाने के बाद इंग्लिस को खरीदने के लिए होड़ लगी। एलएसजी ने आखिरकार सनराइजर्स हैदराबाद को पछाड़ते हुए इंग्लिस को खरीद लिया। पीबीकेएस के सह मालिक नेस वाडिया ने एक समाचार पत्र को बताया कि इंग्लिस उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें पीबीएसके आईपीएल 2026 के लिए अपनी टीम के साथ बरकरार रखना चाहता था लेकिन रिटेंशन की समयसीमा समाप्त होने से 45 मिनट पहले इंग्लिस ने बताया कि वह पूरे सीजन के लिए उपलब्ध नहीं रह पाएंगे।



## हेनरी को स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिलेगा

**लंदन, (वार्ता)।** आर्सेनल और फ्रांस के पूर्व स्ट्राइकर थियरी हेनरी को 2025 के बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर कार्यक्रम में आज लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जायेगा। 2014 में पेशेवर फुटबॉल से संन्यास लेने वाले हेनरी ने इस पुरस्कार से सम्मानित किये जाने को लेकर कहा कि यह सम्मान मिलना बहुत गर्व की बात है।

उन्होंने कहा, फुटबॉल ने मुझे सब कुछ दिया है और मैंने भी इसे अपना सब कुछ दिया है। इस लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड के साथ इसके इतिहास का हिस्सा बनने के लिए पहचाना जाना, और फैंस और मेरे टीम के साथियों के लिए अपनी पहचान बनाना, यह कुछ ऐसा है जिसे मैं कभी हल्के में नहीं लूंगा।

# मेलबर्न स्टार्स ने होबार्ट हरिकेंस को आठ विकेट से हराया


मेलबर्न (वार्ता)।

प्लेयर ऑफ द मैच मार्कस स्टॉयनिस (नाबाद 62) और कैंपबेल केलावे (नाबाद 41) की तूफानी पारियों के दम पर मेलबर्न स्टार्स ने होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ आठ विकेट से शानदार जीत के साथ अपने बिग बैश लीग ( बीबीएल) 2025-26 अभियान की शुरुआत की।



आज यहां मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर खेले गये मुकाबले में स्टार्स ने हरिकेंस को 158/9 पर रोकने के बाद, चार ओवर शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी हरिकेंस की शुरुआत खराब रही। उसने मिच ओवेन और रेहान अहमद दोनों को जल्दी खो दिया। इसके बाद निखिल चौधरी छठे ओवर में जल्द ही आउट हो गए। उस समय टीम का स्कोर 36/3 था ऐसे संकट के समय बेन मैकडरमॉट और टिम डेविड के बीच 83 रन की साझेदारी ने उनकी पारी को संभाला, लेकिन स्टार्स की अनुशासित गेंदबाजी ने उन्हें हावी नहीं हो दिया। जब हरिकेंस को एक बड़ी साझेदारी के बाद एक मजबूत फिनिश की उम्मीद थी उसी समय 16वें ओवर में टिम डेविड (31) को खो दिया। 18वें ओवर में मैकडरमॉट का विकेट गिरने से टीम बिखर गई और वे 140/4 से 157/9 पर आ गए। इसके जवाब में, मेलबर्न स्टार्स के थॉमस रोजर्स ने तेज शुरुआत की और पहले ही ओवर में दो चौके लगाए। दोनों ओपनर बाउंड्री लगाते रहे और 46 रन की साझेदारी की, रिशाद हुसैन ने छठे ओवर में थॉमस रोजर्स (30) को आउट किया। आठवें ओवर में रिशाद हुसैन ने जो क्लार्क (20) को भी अपना शिकार बना लिया। मार्कस स्टोइनिस क्रीज पर आते ही गेंदबाजी पर हावी हो गए और उन्होंने 31 गेंदों में नाबाद 62 रन बनाए, जिसमें सात चौके और दो छक्के शामिल थे। इस बीच, कैंपबेल केलवे ने स्थिर समर्थन दिया और 27 गेंदों में 41 रन बनाकर नाबाद रहे। क्रिस जॉर्डन द्वारा फेंके गए 16वें ओवर में स्टोइनिस ने 22 रन बनाकर जीत पक्की कर दी। स्टोइनिस ने 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। संक्षिप्त स्कोर- होबार्ट हरिकेंस 20 ओवर में 158/9 (बेन मैकडरमॉट 69, टिम डेविड 31; पीटर सिडल 3-30) मेलबर्न स्टार्स 16 ओवर में 159/2 (मार्कस स्टोइनिस नाबाद 62, कैंपबेल केलवे नाबाद 41, रिशाद हुसैन 2-33)।

# निसान अगले साल बाजार में उतारेगी सात-सीटर ग्रेवाइट



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** वाहन निर्माता कंपनी निसान मोटर इंडिया ने गुरुवार को अपने नये बहुउद्देशीय वाहन (एमपीवी) ग्रेवाइट के बारे जानकारी साझा की और बताया कि इसे अगले साल के आरंभ में बाजार में पेश किया जायेगा। कंपनी ने बताया कि ग्रेवाइट सात-सीटर बी-एमपीवी है जो भारत के लिए ब्रांड की रीफ्रेश्ड एवं स्ट्रेटजिक लाइन-अप के तहत पेश पहला मॉडल होगा। निसान ने जुलाई 2024 में ग्रेवाइट की घोषणा की थी। कंपनी की योजना 2026 की शुरुआत में ग्रेवाइट, मध्य में टेक्टॉन और 2027 की शुरुआत में सात-सीटर सी-एसयूवी की लॉन्चिंग शामिल है। इससे भारतीय ग्राहकों के लिए अपनी ऑफरिंग को विविध, मजबूत और रीवाइटलाइज करने की निसान की प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है। कंपनी ने बताया कि ग्रेवाइट नाम ग्रेविटी (गुरुत्वाकर्षण) शब्द से प्रेरित है, जो संतुलन, स्थायित्व और शक्तिशाली आकर्षण का प्रतीक है। यह रोजाना के सफर के साथ-साथ फैमिली रोड ट्रिप के लिए भी सुगम है। ग्रेवाइट का विनिर्माण कंपनी के चेन्नई स्थित प्लांट में किया जायेगा। इसे सिग्नेचर सी के आकार का फ्रंट ग्रिल, बोल्ड शेप और स्लीक हॉरिजॉन्टल प्रपोर्शन के साथ पेश किया जायेगा। अफ्रीका, पश्चिम एशिया, भारत, यूरोप एवं ओसियानिया के लिए निसान की चेयरपर्सन मैसिमिलियानो मेसिना ने कहा कि इस क्षेत्र में कंपनी के प्रदर्शन में भारत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और निसान मोटर इंडिया कंपनी की रणनीति में अहम भूमिका निभा रही है। ग्रेवाइट की पेशकश कंपनी की रफ्तार को दिखाती है।

# चावल, चीनी, दालें मजबूत गेहूं नरम, तेलों में घट-बढ़

नयी दिल्ली (वार्ता)।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गये जबकि गेहूं में गिरावट रही। चीनी और दालों के दाम भी बढ़ गये। वहीं, खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत आठ रुपये बढ़कर 3,872 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं आठ रुपये सस्ता हुआ और 2,859 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत चार रुपये घट गयी। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल 54 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत 31 रुपये और मूंग दाल की 16 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चना दाल नौ रुपये प्रति क्विंटल



मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 13 रिंगिट चढ़कर 3,979 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.04 प्रतिशत गिरकर में 49.07 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल 42 रुपये और वनस्पति 34 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत तीन रुपये बढ़ गयी। मूंगफली तेल 47 रुपये और सरसों तेल 34 रुपये सस्ता हुआ। सोया तेल 32 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत लगभग स्थिर रही। चीनी आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।दाल चना 7840.22 रुपये, मसूर काली 8179.93 रुपये, मूंग दाल 10113.79 रुपये, उड़द दाल 10374.15 रुपये, तुअर दाल 10598.96 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2858.71 रुपये और चावल 3872.33 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3301.75 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी एस 4324.47 रुपये और गुड़ 4,989.37 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17629.73 रुपये, मूंगफली तेल 17778.03 रुपये, सूरजमुखी तेल 15811.61 रुपये, सोया तेल 13745.76 रुपये, पाम ऑयल 12474.07 रुपये और वनस्पति 14499.24 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने शुरू किया ईवी वॉलिट रिचार्ज

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड के साथ साझेदारी में एयरटेल थैंक्स ऐप पर भारत कनेक्ट (बीबीपीएस) प्लेटफॉर्म के माध्यम से ईवी वॉलिट रिचार्ज की सुविधा शुरू की है। अब तक इलेक्ट्रिक वाहन के मालिकों को चार्जिंग का भुगतान करने के लिए चार्जिंग प्वाईंट ऑपरेटर द्वारा दिए गए वॉलिट का उपयोग करना पड़ता था। ईवी रिचार्ज श्रेणी के साथ एयरटेल पेमेंट्स बैंक ग्राहकों को एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से सीधे अपने ईवी वॉलेट को टॉप अप करने में सक्षम बनाता है, जिससे यह प्रक्रिया सहज और तेज हो जाती है। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि ग्राहकों को बस ऐप में लॉग इन करना है, बिल भुगतान के अंतर्गत ईवी रिचार्ज का चयन करना है, अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर और रिचार्ज राशि दर्ज करनी है। भारत कनेक्ट सक्षम ऐप के माध्यम से सुरक्षित रूप से पुष्टि करके भुगतान करना है, और रिचार्ज की राशि तुरंत उनके वॉलिट में दिखाई देगी। यह सुविधा सभी एयरटेल थैंक्स ऐप उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के कार्यकारी निदेशक गणेश अनंतनारायणन ने कहा, एयरटेल पेमेंट्स बैंक में हम अपने ग्राहकों का दैनिक अनुभव बेहतर बनाने के लिए लगातार डिजिटल-फर्स्ट सॉल्यूशंस प्रदान करते हैं। हम ईवी वॉलिट रिचार्ज के माध्यम से देश में बढ़ते हुए ईवी परिवेश को सपोर्ट कर रहे हैं तथा यूज़र्स को अपना वॉलिट तुरंत रिचार्ज करने का एक सरल तथा सुरक्षित तरीका प्रदान कर रहे हैं।




# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में आईटी कंपनियों में तेजी

**मुंबई (वार्ता)।** घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को बड़े उतार-चढ़ाव के बीच प्रमुख सूचकांकों में गिरावट रही, हालांकि आईटी कंपनियों में लिवाली देखी गयी। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 77.84 अंक (0.09 प्रतिशत) टूटकर 84,481.81 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक तीन अंक यानी 0.01 प्रतिशत उतरकर 25,815.55 अंक पर सपाट बंद हुआ। बाजार में आज काफी उतार-चढ़ाव देखा गया। सुबह गिरावट में खुलने का बाद सेंसेक्स नीचे 84,238.43 अंक और ऊपर 84,780.19 अंक तक गया। बुधवार को यह 84,559.65 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.50 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.13 प्रतिशत की बढ़त में रहा। मीडिया, ऑटो, रसायन, तेल एवं गैस और फार्मा समूहों के सूचकांकों में गिरावट रही जबकि आईटी, रियलिटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक चढ़ गये। एनएसई में जिन 3,209 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,271 के शेयरों में तेजी और अन्य 1,824 में गिरावट रही। वहीं, 114 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों



में गिरावट रही। सनफार्मा का शेयर 2.77 प्रतिशत लुढ़क गया। टाटा स्टील में 1.26 फीसदी और पावरग्रिड में 1.19 फीसदी की गिरावट रही। एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, भारती एयरटेल, एलएंडटी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। टीसीएस का शेयर 1.94 प्रतिशत मजबूत हुआ। टेक महिंद्रा में 1.68 फीसदी और इंफोसिस में 1.51 फीसदी की तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एक्सिस बैंक, अडानी पोर्ट्स, टाइटन और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर हरे निशान में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 0.16 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.12 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ।

# टैली सॉल्यूशन्स ने पेश किया टैलीप्राइम 7.0

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** देश की अग्रणी बिजनेस ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर कंपनी टैली सॉल्यूशन्स ने टैलीप्राइम 7.0 पेश किया है जिसे विशेष रूप से एमएसएमई को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। कंपनी ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि टैलीप्राइम 7.0 एकीकरण को बेहतर बनाता है, स्मार्ट ऑटोमेशन और मजबूत डेटा सुरक्षा के साथ व्यवसायों को सहज अनुभव प्रदान करता है। भारतीय स्टेट बैंक और एक्सिस बैंक के साथ बेहतर एकीकरण के जरिये अब व्यवसाय सीधे टैलीप्राइम के भीतर भुगतान कर सकते हैं, रियल-टाइम बैलेंस और स्टेटमेंट देख सकते हैं। इससे रोजमर्रा के वित्तीय कार्य अधिक तेज, पारदर्शी और भरोसेमंद बनते हैं। एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड के सहयोग से विकसित भारत कनेक्ट फॉर बिजनेस के माध्यम से खरीदार और विक्रेता के बीच इनवॉइस और भुगतान अपने-आप जुड़ जाते हैं। इससे मानवीय हस्तक्षेप कम होता है। टैलीप्राइम 7.0 में बेहतर टैलीड्राइव अनुभव भी शामिल है, जो व्यवसायिक डेटा को और अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय बनाता है। उन्नत एन्क्रिप्शन, मजबूत डेटा इंटीग्रिटी जांच और ऐसा डिजाइन जिसमें डेटा पूरी तरह व्यवसाय के नियंत्रण में रहता है। टैली सॉल्यूशन्स के प्रबंध निदेशक तेजस गोयनका ने कहा, पिछले पांच वर्षों में टैलीप्राइम ने बैंकिंग, अनुपालन और रोज़मर्रा के संचालन को बेहतर बनाने के लिए लगातार अपनी क्षमताओं का विस्तार किया है।




# अब सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का एक ही लोगों होगा

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** राज्य स्तर पर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के एकीकरण के बाद सरकार ने अब उनके लिए नया लोगो जारी किया गया है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि यह लोगो राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के साथ मिलकर जारी किया गया है। यह देश में काम कर रहे सभी 28 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के लिए एकीकृत ब्रांड पहचान स्थापित करेगा। इससे उनकी पहचान और विजिबिलिटी मजबूत होगी। इस लोगों में एक लौ है जो तीन स्तरों से मिलकर बनी है। मंत्रालय ने बताया कि यह लौ ऊष्मा, ज्ञान और ग्रामीण आबादी को सशक्त बनाने का संकेत देती है। यह लौ ऊपर की तरफ जा रही है जो प्रगति का प्रतीक है और ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं में विकास, उन्नति तथा प्रगति को दर्शाता है। इसमें हाथ भी दिख रहा है जो संरक्षण और पोषण का प्रतीक है। यह ग्रामीण समुदायों के प्रति देखभाल, सहयोग और सहायता का संदेश देता है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि आरआरबी के लोगो के रंग भी उनके उद्देश्यों को दर्शाने के लिए चुने गये हैं।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

लोककर्म विभाग

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PRO-691 Date 18/12/2025 2025_UAD 469518_1 | वार्ड क्रमांक 76 के अंतर्गत परियट में शिव मंदिर से हर्ष बेन के घर तक एम 30 सीसी सड़क निर्माण कार्य (पार्षद अनुशंसा) | 2 माह रु. 12.29 लाख | 2,000/- 9217/- | 5/1/2026 |
| 2 | PRO-691 Date 18/12/2025 2025_UAD 469518_2 | वार्ड क्रमांक 72 के अंतर्गत कचनार सिटी आजाद पार्क के पास प्रोफेसर कोस्ट के निवास स्थान से श्री खरे निवास स्थान तक एम-30 सीसी सड़क निर्माण कार्य (अध्यक्ष अनुशंसा) | 2 माह रु. 05.08 लाख | 2,000/- 50.83/- | 5/1/2026 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म विभाग)
नगर निगम, जबलपुर

# जन सामान्य का विश्वास बनाए रखना पुलिस की सबसे बड़ी जिम्मेदारी: डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक-महानिरीक्षक सम्मेलन को किया संबोधित

भोपाल (स्वतंत्र मत)।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की धरती से नक्सलवाद को उखाड़ फेंकने के लिए पुलिस फोर्स को बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस मोर्चे पर अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि 17 दिसंबर के विधानसभा के विशेष सत्र में भी पुलिस फोर्स की सराहना हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नक्सलवाद से प्रभावित रहे क्षेत्रों में विकास और जनकल्याण की गतिविधियां इस प्रकार संचालित की जाएं, ताकि नक्सलवाद पुनः अंकुरित ना हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक-महा निरीक्षक सम्मेलन वर्ष 2025 को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अपने प्रभार के क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण जैसी गतिविधियां तत्काल आरंभ करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पुलिस मुख्यालय आगमन पर उन्हें गार्ड आफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सलामी गारद का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वागत किया। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव गृह शिवशेखर शुक्ला, तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में आरंभ हुई कान्फ्रेंस में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने बताया कि यह कान्फ्रेंस, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में विकसित भारत सुरक्षा आयाम विषय पर रायपुर में हुऐ पुलिस महानिदेशक- महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन के निर्देश और क्रियात्मक बिंदुओं के प्रदेश में क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय सम्मेलन में आंतरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था, पुलिस आधुनिकीकरण, महिला सुरक्षा, पुलिस थाना परिसरों के पुनर्विकास, सिंहस्थ-2028 और साइबर इनीशिएटिव्स, पुलिसिंग में तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग, नवीन कानूनों के प्रचार- प्रसार, कम्युनिटी पुलिसिंग, आपदा प्रबंधन में पुलिस की भूमिका, नशा-मुक्ति के लिए किए जा रहे प्रयासों, टूरिस्ट पुलिसिंग, फॉरेंसिक साइंस, साइबर अपराधों की रोकथाम और सड़क सुरक्षा आदि विषयों पर राज्य शासन से अपेक्षाओं के संबंध में विचार-विमर्श हुआ।

### सोशल मीडिया गंभीर चुनौती बनकर उभरा है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान युग में सोशल मीडिया अत्यंत शक्तिशाली साधन होने के साथ-साथ गंभीर चुनौती बनकर उभरा है। इसके दुरुपयोग से अफवाह, अपराध और भ्रम फैलाने की संभवनाएं भी बढ़ी हैं। इसलिए आवश्यक है कि हम सोशल मीडिया की शक्ति का सकारात्मक और रचनात्मक सामग्री के उपयोग करें। किसी भी भ्रामक या उकसाऊ सामग्री को समय रहते पहनाकर उस पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करना आज की आवश्यकता है। इसके साथ ही सोशल मीडिया के युग में पुलिस से त्वरित सहायता की अपेक्षा भी जनसामान्य में बढ़ी है। इन अपेक्षाओं और भावनाओं के अनुरूप पीड़ित को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए पुलिस बल को तकनीकी रूप से दक्ष और साधन संपन्न होना होगा।

### पुलिस अधिकारी मीडिया के माध्यम से सक्रिय रहे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस के बारे में जनसामान्य की धारणा बदलने और पुलिस के जनता से बेहतर संवाद के लिए विशेष पहल करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि पुलिस अपनी उपलब्धियों और सकारात्मक गतिविधियों के संबंध में जनप्रतिनिधियों और जनसामन्य से जानकारियां साझा करें। पुलिस अधिकारी बेहतर संवाद के लिए मीडिया के माध्यम से सक्रिय रहें। पुलिस की छवि मदद करने वाली हो, हमारा प्रयास हो कि लोग पुलिस को भय नहीं विश्वास की नजरों से देखें। पुलिस से अपराधियों में भय हो लेकिन आमजन में भरोसे और सुरक्षा की भावना विकसित हो। इस विश्वास को बनाये रखना ही हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर सख्त निगरानी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी के लिए पुलिस को जागरूकता और तकनीक दोनों पर कार्य करना होगा। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में ब्लैक स्पॉट की पहचान कर विशेष रणनीति बनाई जाए। संवेदनशील मार्गों पर नियमित पेट्रोलिंग, गति नियंत्रण, शराब पीकर वाहन चलाने पर सख्त निगरानी तथा यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने से दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वालों के लिए लागू राहवीर योजना की जानकारी का विस्तार करने की आश्यकता बताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ड्रायवरों के आँखों के परीक्षण के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि 108 एम्बुलेंस के ड्रायवरों का निजी अस्पतालों से गठजोड़ विकसित नहीं हो।

### नियमित गश्त और त्वरित कार्यवाही की व्यवस्था

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिला सुरक्षा राज्य सरकार और पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। जिन क्षेत्रों में महिलाओं के विरूद्ध अपराधों की संभावना अधिक रहती है वहां विशेष निगरानी, नियमित गश्त और त्वरित कार्यवाही की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रदेश में नशे के विरुद्ध वातावरण बनाने के उद्देश्य से ही धार्मिक शहरों में शराब बंदी लागू की गई है। इन शहरों में अन्य तरीकों से शराब बेचने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। शराब के अलावा दवा या अन्य रासायनिक पदार्थों के नशे की गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बरदाश्त नहीं किया जाएगा।

### संवेदनशील क्षेत्रों के विकास के लिए मिलकर कार्य योजना बनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुलिस की विभिन्न गतिविधियों और विशेषज्ञताओं पर प्रशिक्षण की व्यवस्था एक ही कैम्पस में सुनिश्चित की जाए। बैठक में घनी आबादी वाले, कानून व्यवस्था की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों के विकास के लिए नगरीय प्रशासन विभाग से मिलकर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन, बुरहानपुर सहित प्रदेश के कई शहरों में लोगों ने स्वप्रेरणा और सामुदायिक सहभागीता से अतिक्रमण हटाकर विकास गतिविधियों के क्रियान्वयन को सुगम बनाया है। ऐसे उदाहरणों को अन्य शहरों के लोगों से भी साझा किया जाए, इससे विकास गतिविधियों के संचालन के लिए, सकारात्मक वातावरण बनाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छत्तीसगढ़ के बस्तर ओलम्पिक के समान प्रदेश में भी जनजातीय संस्कृति और परम्परा के अनुरूप सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। कॉन्फ्रेंस में आतंकवाद विरोधी दस्ते, कानून व्यवस्था, वामपंथी उग्रवाद, पुलिस आधुनिकीकरण, महिला सुरक्षा, सिंहस्थ 2028, साइबर सुरक्षा, पुलिस में तकनीक और आर्टिफिशियल उपयोग तथा फॉरेंसिक गतिविधियों पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतिकरण दिए गए।

## नि:शुल्क उपचार शिविर संपन्न

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** पेंशनर एसोसिएशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में दमोह की विकल्पिक चिकित्सा में अग्रणीय सम्यक फिजियोथैरेपी सेंटर द्वारा नि:शुल्क परामर्श एवं उपचार दिया गया जिसमें लगभग 80 पेंशनर रोगियों का परामर्श एवं उपचार दिया गया। साथ ही साथ सम्यक् हेल्थ केयर के प्रमुख डॉ. अखिलेश जैन ने बताया कि पेंशनर को 50 डिस्काउंट का कार्ड भी दिया गया जिसके माध्यम से वह क्लीनिक में आकर उपचार ले सकते हैं। इस सब कार्यक्रम में डॉ. शिवानी सोनी एवं अन्य सदस्यगण हिना खान मुकेश अंजलि राधा रिंकी का भी अहम योगदान रहा है।

## जिले के ब्लाकों-उप ब्लाकों में बनाये गये नवीन अध्यक्ष

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हरीश चौधरी मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल से जिले के वरिष्ठ कांग्रेस की सहमति से जिले के ब्लाकों में उप ब्लाकों के अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है जिनमें पथरिया ब्लाक से प्रदीप पटेल, बढ़ियागढ़ उपब्लाक से सतीश लोधी, नरसिंहगढ़ उपब्लाक से आसाराम चौधरी, जबेरा ब्लाक से ओ.पी. शर्मा, तेन्दूखेड़ा ब्लाक से नीलेश यादव, नोहटा उप ब्लाक से संतोष रजक, तेजगढ़ उप ब्लाक से मोहन आदिवासी इसी प्रकार हटा ब्लाक से योगेश, गोलू सराफ पटेरा ब्लाक से नंद कुमार चौरसिया, हिन्डोरिया उप ब्लाक से एसएम राही एवं गैसाबाद उपब्लाक से योगेन्द्र पटेल को बनाया गया है।

## भागवत कथा के आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** संस्कार भवन में असाटी समाज दमोह द्वारा 16 दिसम्बर को संस्कार भवन में श्रीमद् भागवत कथा आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज की तीनों समितियों के अध्यक्ष और पदाधिकारी उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 27 जनवरी को श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा।

# तहसीलदार ने कुसमी मानगढ़ छात्रावास का किया निरीक्षण



**जबेरा (स्वतंत्र मत)।** शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास कुसमी मानगढ़ की लगातार शिकायतें आ रही थी। शिकायतों की सूचना पत्रकारों द्वारा तहसीलदार सोनम पांडे को दी गई। तहसीलदार सोनम पांडे ने मामले को गंभीरता से लेते गुरुवार की दोपहर छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्राओं से बातचीत कर व्यवस्थाएं जानी। छात्राओं ने भोजन एवं साफ सफाई न रखना के बारे में जानकारी दी। तहसीलदार सोनम पांडे ने बताया कि जो भी मुझे शिकायत प्राप्त हुई थी वह सत्य है जिस पर मैंने छात्रावास अधीक्षक मीना तिवारी सहायक वार्डन सीमा खरे को सख्त हिदायत देते हुए आवश्यक सुधार करने हेतु निर्देशित किया। यदि दोबारा इस प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो दोनों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। छात्राओं की हित ब भविष्य खिलवाड़ में बर्दाश्त नहीं करूंगी।

# प्रेक्षक ने कुम्हारी क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का लिया जायजा

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** पंचायत उप.निर्वाचन 2025 के लिए नियुक्त प्रेक्षक आईएएस सेवानिवृत्त शैलेन्द्र कियावत द्वारा कुम्हारी क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 के तहत आने वाले मतदान केन्द्र क्रमांक 22 गाता, मतदान केन्द्र क्रमांक 23, 24, 25, 26, 27 कुम्हारी, मतदान केन्द्र क्रमांक 14 धनगुंवा, मतदान केन्द्र क्रमांक 15 कालाकोट एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 18, 19 देवरी रतन क्षेत्र के आकस्मिक निरीक्षण किया गया। मतदान केन्द्रों पर मतदान हेतु सभी उपयुक्त व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं।



# बिजली चोरी के आरोप से किराना दुकानदार बरी

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा लगाए गए बिजली चोरी के एक मामले में, दमोह जिले के अर्थखेड़ा गांव के एक छोटे किराना और पान दुकान संचालक पवन जैन को विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम की अदालत ने बरी कर दिया है। अधिवक्ता आकाश जैन और अधिवक्ता आदर्श मिश्रा ने बताया कि यह मामला 9 मार्च 2020 का था जिसमें पवन जैन पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने अपने घर/दुकान में 63 केवीए ट्रांसफार्मर की एलटी केबल से सीधे तार लगाकर लगभग 510 वॉट लोड के उपकरण (एक बल्ब, एक फ्रिज, एक प्रिंटर और एक एलईडी) चलाए जिससे कंपनी को 23,340 का नुकसान हुआ। लंबे समय तक चली कानूनी प्रक्रिया के बाद, विशेष न्यायाधीश पंकज शर्मा की अदालत ने साक्ष्यों की गहन विवेचना की। कोर्ट ने अपने अंतिम निष्कर्ष में पाया कि परिवादी कंपनी (विद्युत वितरण कंपनी) अभियुक्त के विरुद्ध संदेह से परे यह प्रमाणित करने में असफल रही कि पवन जैन ने अनाधिकृत रूप से और बेईमानीपूर्वक बिजली की चोरी की थी।

# मोबाइल फॉरेसिंक वैन से अपराध अनुसंधान तकनीकी होगी सुदृढ़

## मुख्यमंत्री ने मोबाइल फॉरेंसिक वैन को झंडी दिखाकर किया रवाना

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में अपराध अनुसंधान, साक्ष्य संकलन एवं वैज्ञानिक विवेचना की क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए तैयार की गई मोबाइल फॉरेंसिक वैनों को पुलिस मुख्यालय भोपाल से झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि मोबाईल फॉरेंसिक वैन मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में सीन ऑफ क्राइम के इनवेस्टीगेशन में अत्याधिक कारगर साबित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में पुलिस विभाग द्वारा की गई यह पहल फॉरेंसिक-आधारित, त्वरित और सटीक विवेचना को बढ़ावा देगी, जिससे अपराधों के शीघ्र खुलासे, दोषसिद्धि दर में वृद्धि और नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा और सुदृढ़ होगा। मध्यप्रदेश पुलिस को कुल 57 मोबाईल फॉरेंसिक वैन उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनकी लागत 36 करोड़ 94 लाख 17 हजार 969 रुपए है। राशि केंद्र सरकार द्वारा प्रदाय की गई है। इनमें से 14 मोबाईल फॉरेंसिक वैन 16 दिसंबर 2025 को प्राप्त हुई है, जिन्हें रवाना किया गया है। शेष मोबाईल फॉरेसिंक वैन भी शीघ्र ही जिलों को उपलब्ध कराई जाएंगी। मोबाईल फॉरेंसिक वैन अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित हैं, जिनमें स्टीरियो माइक्रोस्कोप, वेइंग बैलेंस, डीएसएलआर कैमरा, मिनी फ्रिज, एलईडी टीवी स्क्रीन, थर्मल प्रिंटर, बॉडी-वॉर्न कैमरा सहित आवश्यक उपकरण शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, वैनों में जांच किट, अपराध स्थल सुरक्षा किट, फिंगर प्रिंट, रक्त व बाल पहचान, हाई-इंटेंसिटी फॉरेंसिक लाइट सोर्स, पैर व टायर निशान, आगजनी, साक्ष्य पैकिंग, बुलेट होल, गनशॉट अवशेष, नशीले पदार्थ, विस्फोटक पहचान तथा डीएनए कलेक्शन एवं चेन ऑफ कस्टडी से संबंधित किट भी उपलब्ध हैं।



# चण्डी जी मन्दिर के सामने हटाया आधा अधूरा कब्जा



**हटा (स्वतंत्र मत)।** तहसीलदार न्यायालय के आदेश के पालन में नगरपालिका टीम जेसीबी मशीन लेकर चंडी जी मंदिर के सामने टीन शैड खुलवाया एवं पक्का अतिक्रमण छोड़ देने का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार चण्डी जी मन्दिर के सामने दमोह पन्ना रोड पर राज्य सरकार के खसरा नम्बर 64/1एरकवा 0.219 के 75 वाय 50 भू भाग पर कब्जा कर पक्की दुकान और टीन शैड निर्माण किये जाने पर राजस्व न्यायलय द्वारा प्रकरण दर्ज किया गया था। सुनवाई के बाद एक दिसंबर 2025 को तहसीलदार हटा द्वारा पारित आदेश में एक हजार रुपये अर्थदंड कर बेदखली आदेश पारित किया गया था जिसके पालन हेतु गुरुवार को नगर पालिका की टीम जेसीबी मशीन लेकर पहुंची और सड़क के साथ निर्मित टिन शेड को खुलवा दिया और टीम ने पक्की दुकान को छोड़ कर आदेश का परिपालन कर दिया। उल्लेखनीय है कि सरकार के इसी खसरा नम्बर के शेष भाग पर भी कब्जा है, मकान दुकान निर्मित है। बेदखली आदेश पूर्व से पारित है लेकिन उनका पालन कराने ना तो राजस्व विभाग ने जहमत उठाई ना ही नगर पालिका ने। इस पूरे लाइन में दर्जनों पक्के मकान दुकान बनाने वाले कुछ अतिक्रमणकारियों द्वारा उच्च न्यायालय में जनहित याचिका भी लगाई गई थी जिसमें सात दिवस में सक्षम न्यायालय में अपील करने की राहत उच्च न्यायालय द्वारा दी गई राहत की अवधि दो साल पहले समाप्त हो चुकी है लेकिन राजस्व अधिकारियो ने एक भी पक्का अतिक्रमण नहीं हटाया और गुरुवार को की गई कार्यवाही भी महज खानापूर्ति तक सीमित रह गई।


**In The Court Of VIII Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur**
**Presiding Officer: अंकिता शाही**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(MJC/0000246/2025)

मो.इरशाद ............. वादी

V/S

अजीत पटेल ............. प्रतिवादी

Process Id-/2025

पेशी दिनांक 20/01/2026

प्रेषिती-

अजीत पटेल पिता श्री शंकर लाल पटेल पता- ग्राम औरिया कटंगी बायपास चौराहा थाना माढ़ोताल जिला जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी मो. इरशाद ने आपके विरूद्ध एम जे सी सिविल आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 9 नियम 13 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के लिए बाद संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर बाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है. जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे ती बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं ती पीठासीन अधिकारी को अवगत करावे

यह आज तारीख **27 November 2025** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

कृपया ध्यान दे- 1. यदि किसी कारण वश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

सील

न्यायाधीश (अंकिता शाही)
अष्टम सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड)
जबलपुर (म.प्र.)



**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भूखंड हस्तांतरण/नामांतरण हेतु जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिव नगर दमोहनाका कालोनी जबलपुर में भूखण्ड क्रमांक 83 श्रीमती प्रभा देवी समैया पति स्व. श्री अमरचंद समैया के नाम आर्वटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 2.2.2002 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। आवंटी श्रीमती प्रभा देवी समैया की मृत्यु दिनांक 26.3.2022 को हो गयी है। आवंटी द्वारा श्री राजेश कुमार समैया पिता स्व. श्री अमरचंद समैया को वसीयत के आधार नामिनी नियुक्त किया था। अतः आवंटी के नामिनी श्री राजेश कुमार समैया पिता स्व. श्री अमरचंद समैया ने उक्त संपत्ति को नॉमिनेशन के आधार पर लीज नामांतरण स्वयं के नाम करने हेतु आवेदन संगत दस्तावेजो के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है। यदि किसी व्यक्ति / वैद्य उत्तराधिकारी / संस्था आदि को उपरोक्त लीज नामांतरण बाबत् कोई वैधानिक आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अदर लिखित में वैद्य आपत्ति स्वयं उपस्थित होकर सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि व्यतीत होने के पश्चात् लीज नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र. संभा. अधि./13/ मुख्यालय/ 2025/26/एम/190 दिनांक 18/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सविता पोल पति श्री संतोष पोल ने मकान नं 358 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 659 व.फु विक्रय पत्र / खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा पदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक - 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें ।

**राजस्व निरीक्षक संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र. संभा. अधि./13/ मुख्यालय/ 2025/26/एम/193 दिनांक 18/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अर्चना तिवारी पति श्री वीरेन्द्र तिवारी ने मकान नं 761/जीएफ-2 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 367 व.फु विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा पदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है । जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक - 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें ।

**राजस्व निरीक्षक संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र. संभा. अधि./13/ मुख्यालय/ 2025/26/एम/192 दिनांक 18/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आशीष कोटवानी पिता श्री अशोक कोटवानी ने मकान नं 109/जीएफ-5 का भाग वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 217 व.फु विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा पदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है । जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक - 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें ।

**राजस्व निरीक्षक संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र. संभा. अधि./13/ मुख्यालय/ 2025/26/एम/191 दिनांक 18/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि डॉ. श्रीमती सरिता जैन पति डॉ. श्री अभिनंदन जैन ने मकान नं 1004/1 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी प्रथम तल 640 व.फु विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा पदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है । जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक - 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें ।

**राजस्व निरीक्षक संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**



**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राजेश कुमार कुशवाहा, पिता जगदीश प्रसाद कुशवाहा, निवासी गडर पिपरिया, तहसील शहपुरा जिला जबलपुर एवं ओम प्रकाश पटेल पिता रम्मू निवासी 20/क, दुर्गा कॉलोनी भेड़ाघाट चौक, नियर दुर्गा मंदिर, भेडाघाट चौराहा, जबलपुर द्वारा संयुक्त रूप से विक्रेता गोपाल उर्फ रामगोपाल, पिता छोटेलाल निवासी ग्राम कटियाघाट, जामतारा गौरैयाघाट, जिला जबलपुर वालो से विक्रयशुदा सम्पत्ति जो मौजा सहजपुर, नम्बर बंदोबस्त 410, प.ह.नं. 49, रा.नि.मं. शहपुरा तहसील शहपुरा, जिला जबलपुर में स्थित खसरा नं. 231/42 का कुल रकवा 25 फुट बाई 40 फुट याने 1000 वर्गफुट है, जिसके तल मंजिल पर 550 वर्गफुट पर आर.सी.सी. लेन्टरदार मकान निर्मित है, उक्त संपत्ति सहजपुर मुख्य मार्ग से अन्दर साईड रोड पर स्थित है जिसकी चौहद्दी उत्तर में - श्रीवास्तव जी का मकान, दक्षिण में - साईड रोड, पूर्व में - तिवारी जी का मकान, पश्चिम में - मनीष जैन का प्लाट है को पंजीकृत बैनामा दिनांक 27.12.2024 के मार्फत क्रय किया था और क्रय करने के पश्चात् सभी राजस्व अभिलेखों में मेरे पक्षकार (राजेश कुमार कुशवाहा) एवं (ओम प्रकाश पटेल) का नाम बतौर मालिक स्वामी एवं कब्जेदार की हैसियत से दर्ज है । यदि कोई व्यक्ति या संस्था द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति के बावत उस सम्पत्ति का खसरा नम्बर, फोटो, विक्रेता-क्रेता के नाम का उपयोग, चौहद्दी का उपयोग किसी भी बैनामा, अनुबंध पत्र, वसीयत, दान पत्र में क्रय विक्रय या सम्पत्ति अंतरण हेतु करता है तो वह झूठा व बेईमानीपूर्वक, धोखाधड़ी, छल करने का उद्देश्य समझा जावेगा और उसकी विरूद्ध पुलिस थाने में एवं माननीय न्यायालय जबलपुर में परिवाद पत्र संस्थित किया जावेगा, जिसके समस्त हर्जे खर्चे का जवाबदार वह व्यक्ति या संस्था होगी ।

स्थान- जबलपुर (म.प्र.) दिनांक-18/12/2025

**नीरज कुमार शर्मा (अधिवक्ता)**
**शीट नं. 108 एस-3 सांईमठ एडवोकेट चेम्बर एडवोकेट बिल्डिंग जिला न्यायालय जबलपुर**
**मो. 7974108967**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र. संभा. अधि./13/ मुख्यालय/ 2025/26/एम/189 दिनांक 18/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री प्रणव रंजन अग्रवाल पिता श्री सत्य रंजन अग्रवाल (2) श्रीमती शिल्पा गुप्ता पति श्री प्रधुमन गुप्ता ने मकान नं 1467, 1471, 1475, 1479 का भाग खुली भूमि 1293.78 व.फु. वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा पदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है । जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक - 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें ।

**राजस्व निरीक्षक संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26 दिनांक 18/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गनेश यादव पिता टिल्लू यादव ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी अवंती लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक 1894 पुरानी बस्ती कजरवारा संपत्ति के पिन क्रमांक 1000387436 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा जिस पर निर्मित भूतल 1250 व.फु. सीमेंट शीट पर निम्न दस्तावेज अनु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती दुर्गा झारिया पिता/पति स्व.श्री सोनीलाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26 दिनांक 18/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीना मून पति श्री रमेश कुमार मून ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. एल-28 फेस-1 संपत्ति के पिन क्रमांक 2000197315 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 998 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री महामुनि प्रसाद काशीनाथ पिता श्री महामुनि काशीनाथ महादेव का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26 दिनांक 18/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनोज कुमार सेन पिता पूरन लाल सेन ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक दुर्गा नगर भटौली संपत्ति के पिन क्रमांक 1000379017 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 425 व.फु. सीमेंट शीट पर निम्न दस्तावेज अनु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती सियाबाई साहू पति श्री तुलसीराम साहू का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26 दिनांक 18/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संतोष कुमार वर्मा पिता बसंत लाल वर्मा ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक 1974/2 नई बस्ती वेयर हाउस रोड कजरवारा संपत्ति के पिन क्रमांक 1000387199 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा जिस पर निर्मित भूतल 600 व.फु. पर निम्न दस्तावेज अनु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती गोमती बाई सेन पति स्व. रामकुमार सेन का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26 दिनांक 18/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती संजो देवी दहायत पति श्री रविन्द्र कुमार ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 130 चैतन्य सिटी फेस-1 संपत्ति के पिन क्रमांक 9000080329 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 1000 व.फु. जिस पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती प्रभा श्रोरात पति श्री डी.सी.श्रोरात का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

# रिश्वत लेते पकड़े गए जीएसटी अधिकारी तीन दिन की रिमांड पर

## सीबीआई कोर्ट का आदेश, 4 लाख रूपये रिश्वत लेते हुए थे गिरफ्तार

जबलपुर (स्वतंत्रमत)



सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रूपेश कुमार गुप्ता की अदालत ने होटल कारोबारी से रिश्वत लेते गिरफ्तार किए गए केंद्रीय जीएसटी असिस्टेंट कमीश्नर विवेक वर्मा व इंस्पेक्टर सचिन खरे को तीन दिन की रिमांड पर सीबीआई को सौंप दिया। सीबीआई की ओर से पूछताछ के लिए रिमांड की मांग की गई थी, जो स्वीकार कर ली गई। जबकि इस मामले के तीसरे फरार आरोपित कार्यालय अधीक्षक मुकेश बर्मन की तलाश जारी है। उल्लेखनीय है कि जबलपुर निवासी होटल कारोबारी विवेक त्रिपाठी के विरुद्ध केंद्रीय जीएसटी ने एक करोड़ रूपये की रिकवरी नोटिस जारी किया था। केंद्रीय जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर विवेक वर्मा, कार्यालय अधीक्षक मुकेश वर्मन व इंस्पेक्टर सचिन खरे ने मामले के निराकरण के लिए रिश्वत के रूप में 10 लाख रूपये मांगे थे। जिसकी शिकायत होटल कारोबारी ने सीबीआई से की थी। जांच में होटल कारोबारी की शिकायत सही पाई गई थी।

***रिमांड में खुलेंगे राज***– बुधवार को शाम रिश्वत की पहली किश्त चार लाख रूपये इंस्पेक्टर सचिन खरे को उसकी कार में शिकायतकर्ता को दिए गए थे। तभी सीबीआई की टीम ने दबिश देकर उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद इंस्पेक्टर ने रिश्वत की रकम मिलने की जानकारी असिस्टेंट कमिश्नर विवेक शर्मा को दी गई। उसने रिश्वत की रकम लेकर कार्यालय आने के निर्देश इंस्पेक्टर को दिए थे। इंस्पेक्टर ने जैसे ही रिश्वत की रकम असिस्टेंट कमिश्नर को दी सीबीआई ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। तीसरा आरोपित कार्यालय अधीक्षक मुकेश बर्मन कार्यालय में मौजूद नहीं था। सीबीआई ने तीनों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। सीबीआई ने गुरुवार को दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए तीन दिनों का रिमांड प्राप्त कर ली।

***सीबीआई ने की संपत्ति संबंधित दस्तावेजों की जांच***– पूछताछ के दौरान सीबीआई को पता चला कि इस पूरे रिश्वतखोरी मामले के सूत्रधार विवेक वर्मा ही थे। इधर मुकेश बर्मन को जैसे ही भनक लगी कि सीबीआई आफिस पहुंचे रही है, तो मोबाइल बंद करके फरार हो गया। गुरुवार को सीबीआई ने विवेक वर्मा और सचिन कांत खरे को कोर्ट में पेश किया। दिव्यांग होने के कारण विवेक वर्मा को व्हीलचेयर देने की पेशकश की गई, लेकिन उन्होंने लेने से मना कर दिया। इसके बाद विवेक वर्मा बैसाखी के सहारे ही वाहन से कोर्ट तक पहुंचे। इससे पहले सीबीआई गुरुवार को नर्मदा नगर स्थित सचिन कांत और मुकेश बर्मन के घर पहुंची सीबीआई ने संपत्ति संबंधित दस्तावेजों की जांच की। हालांकि सीबीआई को उनके घर से नकदी ज्यादा नहीं मिली है। इसके अलावा विवेक वर्मा के गुडविल अपार्टमेंट स्थित घर पर भी सीबीआई ने सर्चिंग की है।



# हितकारिणी महिला महाविद्यालय में एसआईआर पर कार्यशाला

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी महिला महाविद्यालय में गुरुवार को एसआईआर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव ने अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने व्याख्यान में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन परीक्षण अभियान की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने अपने व्याख्यान में छात्राओं को सामान्य जानकारी के साथ साथ लोकतांत्रिक व्यवस्था के बारे में भी प्रकाश डाला। कार्यशाला में लगभग 120 छात्राओं ने सहभागिता की इस अवसर पर प्राचार्य डॉ नीलेश पाण्डेय सहित समस्त विभाग अध्यक्ष उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन दिनेश सिंह ठाकुर ने किया। हुआ प्रश्नोत्तरी का आयोजन प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन हुआ, जिसमें सही उत्तर देने वाली छात्राओं को डॉ प्रमोद जी द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

## परीक्षा परिणामों में सुधार लाने करें पूरी कोशिश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागृह में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने स्कूलों के परीक्षा परिणाम में सुधार, विधिवत मॉनिटरिंग, एफएलएन, छात्रों के दक्षता स्तर में सुधार, चाइल्ड ट्रैकिंग सर्वे आदि पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश देते हुए शिक्षा की गुणात्मक सुधार लाने और छात्रों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, डीपीसी योगेश शर्मा सहित समस्त बीईओ और बीआरसी उपस्थित रहे ।

# प्रमोशन में आरक्षण : सरकार की ओर से मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में रखा गया पक्ष

## राज्य के कदम को बताया उचित, अब नए साल में होगी सुनवाई

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई हुई। राज्य शासन की ओर से सीएस वैद्यनाथन, वरिष्ठ अधिवक्ता द्वारा तर्क पूर्ण किए गए। उन्होंने याचिकाओ में उठाई आपत्ति को अनुचित निरूपित किया । साथ ही राज्य के कदम को उचित करार दिया। इसके लिए विभिन्न नियम रेखांकित किए। मप्र हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई जनवरी के प्रथम सप्ताह में नियत कर दी। सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर महाधिवक्ता प्रशान्त सिंह, अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह, अतिरिक्त महाधिवक्ता नीलेश यादव, अतिरिक्त महाधिवक्ता धीरेन्द्र सिंह परमार, अतिरिक्त महाधिवक्ता जान्हवी पंडित, मृणाल एल्कर मजूमदार, स्टैंडिंग कौंसिल मप्र नईदिल्ली उपस्थित रहे ।



## युवक पर चाकू से हमला

जबलपुर (स्वतंत्रमत)

गढ़ा थाने में छुई खदान निवासी 30 वर्षीय लोकेश सोलंकी ने शिकायत दर्ज करायी। जिसमें उसने बताया कि बीती रात साढ़े नौ बजे वह पीली बिल्डिंग से पैदल अपने घर जा रहा था। पटेल आटा चक्की के पास दो अज्ञात लड़के मिले, दोनों ने उससे शराब पीने के लिये रुपयों की मांग की। उसके रूपये देने से मना करने पर एक लड़के ने चाकू से हमला कर उसके दाहिने पैर की जांघ में चोट पहुंचा दी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**